# दस कुवारियाँ, और एक लाख चौवालीस हज़ार यहूदी

सुप्रभात। आज सुबह प्रभु की सभा में यहाँ फिर से होने के लिए बहुत ही खुश हूं। बाहर मौसम ख़राब है, लेकिन, ओह, यह अंदर वास्तव में अच्छा है। यह एक ऐसा समय है हम कह सकते हैं कि बाहर देखते हुए ये अंदर होना अच्छा है (क्या ऐसा नहीं है? )... बाहर होकर अंदर की ओर देखना।

2 कल रात को अच्छा विश्राम हुआ था और इस सुबह बहुत ही अच्छा लग रहा है। और कल रात हमारे पास एक अद्भुत समय था, क्या नहीं था? बस एक अद्भुत समय! और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमारे पास... यह सभा उस तरह से लग रही थी, जैसे वहां पर शेवरेपोर्ट में एक सभा हुई थी, लगभग बस उसी तरह की एक—एक आत्मा के साथ–साथ आगे बढ़ने की निरंरता थी। उह–हुम्म। तो हम बहुत खुश है और उसकी अच्छाई और दया के लिए परमेश्वर के बहुत ही आभारी हैं, और आपके... आप लोगो के लिए, अपनी आत्मा को सहकारिता में उसे देने के लिए, जिससे कि वह हमें नेतृत्व कर सके और मार्गदर्शन कर सके।

3 देखो, यदि आपके पास कुछ कुढ़ने वाले सभा के लोग होते है, तो यहाँ तक पवित्र आत्मा प्रकट भी नहीं करेगा। आपके पास कुछ तो होना है, जो एक साथ मिलकर काम करे। “वे एक स्थान में और एक चित्त थे,” और तब वहाँ आकाश से सनसनाती हुई आवाज़ आयी। देखो। लेकिन जब आपके पास... कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितना प्रार्थना करता हूं, और दिन भर और रात भर अध्ययन करता हूं और प्रभु के सामने प्रार्थना करता हूं, यहाँ चलकर आता हूं, हो सकता है मुझ पर अभिषेक हो, यहाँ चलकर आता हूं और उस रोष को महसूस करता हूं, देखो, वह—वह बस... यह तब उसे शोकित कर देता है, वो कुछ भी प्रकट नहीं करेगा। लेकिन जब आप यहाँ उस अभिषेक के नीचे चलकर आते है और अपने सुनने वालो लोगो को उस अभिषेक के नीचे महसूस करते है, यही है जब पवित्र आत्मा तब काम को करना आरंभ है, और

वह आगे बढ़ने लगता है और हमारे लिए महान कामो को करता है। तो, आपने देखा?

4 आज के क्रम के बारे में अभी तक पास्टर से बात नहीं की गई... मैंने *केवल विश्वास करो* गीत सुना और सो मैं बस दौड़ कर अंदर आया और देखा—देखा कि जो वह... उसने आज सुबह के क्रम के बारे में नहीं बताया था। अब, भाई नेविल, मैं आपको बताता हूँ कि, मैं इस छोटी कक्षा को आरंभ करूँगा और यदि मैं लगभग ग्यारह बजे तक जाता हूं, तो ठीक है, आप इसे संभाल लेंना और प्रचार को करना शुरू कर देना। यह कैसा रहेगा? [भाई नेविल कहते हैं, "हाँ, किसी भी अभिषेक को रोकिये मत, बस आगे बढे।"—सम्पा।] ओह, मेरा विश्वास है कि अभिषेक यहाँ पीछे भी है, यहाँ पीछे भी अभिषेक है। वो...

5 भाई नेविल हमेशा ही... वे यहाँ पर जो अनजान लोग है उनके लिए कहूंगा, जो हो सकता है यहाँ पर इससे पहले नहीं आये हो, वह एक (उसके मुंह पर नहीं कहते, लेकिन) एक अनुकूल व्यक्ति है, हमेशा ही इसी तरह से रहते है। वह हमेशा उन—उन वचनों को पढ़ते है... उस वचनों को जीते है, "एक दूसरे से अच्छा करो," हमेशा मसीह में और *एक दूसरे से अच्छा करो*। और जब से मैं उन्हें जानता हूं वे उसी तरह से है; ना ही तब से लेकर जब से वो यहां भवन में आ रहे है, लेकिन तब से लेकर जब से मैं उन्हें जानता हूं और वे बहुत वर्ष से ऐसे ही है। पहली बार मैं सोचता हूं मुझे हमेशा याद आता है मैंने भाई नेविल को देखा था, उन्हें जानना, मैं उनका एक बार वहां मेथोडिस्ट कलीसिया में प्रचार सुनने के लिए चला गया, वह... वहां नीचे हावर्ड पार्क में थे, कई, कई वर्ष पहले। तब से, मुझे लगता है, बीस वर्ष (मैं सोचता हूं) पहले या उससे ज्यादा हो गया जब से मैं उन्हें जानता हूं। तब वो... और वो एक... उसने भी काम किया, वो... ओह, मैं सोचता हूं, अभी हाल ही तक, उन्होंने वहाँ वन–विभाग में हमेशा काम किया और वहां इत्यादि जो चीजे है, हेनरीविले, जहां से वो है; और उसके जीवन निर्वाह के लिए काम किया, क्षेत्रो पर प्रचार किया। जिस तरह से मैने अपने जीवन के लिए भी किया, अभी हाल ही तक, और उसके बाद हमने इसे आरंभ कर दिया हम इसके अलावा कुछ भी और नहीं कर सकते। तो मैं इसके लिए खुश हूं। मुझे हमारे नए बॉस की खुशी है, क्या आप भाई नेविल के लिए खुश नहीं है? जी हाँ, श्रीमान! मैं निश्चय ही इसे पसंद करता हूं। जी हाँ, श्रीमान। मैं उनके साथ बस बहुत ही संतुष्ट हूं!

6 और अब मैं सोचता हूं कि वे रविवार स्कूल की कक्षाओं को हटा देंगे। जी हाँ। बच्चों की रविवार के स्कूल की कक्षा, वे जा रहे हैं, वे कमरे के वजह से वे हटाने जा रहे है... उन्होंने कमरे के विभाजन को निकाल दिया है, तो जिससे कि अब कलीसिया सीधे पीछे की ओर लगेगी।

7 अब, आज रात हम इस अंतिम बड़े युग को लेने जा रहे हैं, लौदिकियन। और कल रात हमने फिलेदेलफिया युग को लिया और लौदिकियन युग के शुरूआत के अंदर आये है और जो एक ही समय पर एक के ऊपर एक आरंभ होता है। और फिर उन महान रहस्य को हम पर प्रकट करना आरंभ करता हैं, उन युगों के बीच में, "खुला द्वार," और "जरा सी शक्ति," "मेरा वचन थामे हुए," "मेरा नाम लिए हुए।" वे सारी वहाँ छोटी-छोटी चीजे, किस तरह से परमेश्वर अदभुत रीती से हमारे लिए उन्हें वास्तविक बनाता है, जिसे करने के लिए हम बहुत, बहुत ही आभारी है।

8 और भूलना मत, यदि वहाँ हमारे बीच कोई भी मेहमान है जिनके साथ बीमार लोग है, हम अगले रविवार बीमार लोगो के लिए प्रार्थना को रखेंगे, आज से एक सप्ताह बाद। यदि... प्रभु की इच्छा हुई तो। और यह... क्या आपने हमेशा ही ध्यान दिया है मैं किस तरह से इसे रखना पसंद करता हूं कि, "प्रभु की इच्छा हुई तो"? बाइबिल ऐसा ही करने के लिए कहता है, "यदि प्रभु की इच्छा है तो।" हम अभी तक नहीं जानते; उसने कभी भी मुझे नहीं बताया कि मैं यहां पर होऊंगा, और कलीसिया यहाँ पर होगी, और हम सब यहाँ पर होंगे, या जो कुछ भी है। तो यदि यह उसकी इच्छा है तो, हम यहाँ पर होंगे, आप देखे। यदि यह उसकी इच्छा नहीं है, तो निश्चय ही हम नहीं होंगे।

9 भाई नेविल लगातार अपने प्रसारण पर इसकी घोषणा करते रहेंगे, और अलग-अलग लोगों को, मैं सोचता हूं, वे भाई जो यहाँ है और वे लोग जिनके पास प्रसारण हैं। और फिर आप जल्दी आये जितना जल्दी रविवार की सुबह आप आ सकते हैं, क्योंकि हम यहाँ एक अच्छी खासी भीड़ के लिए देख रहे हैं, जिनके लिए प्रार्थना की जानी है, और हम अंदर आना चाहते हैं। हम... तो ठीक है, आइये देखे, मैं... तो यदि वहाँ इस तरह की बड़ी भीड़ होती है, यह हमेशा ही सबसे अच्छा रहा है कि प्रार्थना कार्ड हो क्योंकि वे एक साथ इतने चिपके हुए होते है, आप बस... एक व्यक्ति दुसरे को धक्का मारता है और इस तरह की बातें होती है। मैं सोचता हूं

कि यदि आप इसे व्यवस्थित रूप से करते है जिससे कि वे तब एक, एक करके आये इससे... लोगो के बीच गड़बड़ी की स्थिति कम हो जाती है, आप समझते होंगे।

10 और—और फिर बस... और आप तब तक उठते भी नहीं है जब तक आपके कार्ड संख्या को नहीं बुलाया जाता है। तो बस ठीक वहीं बैठें रहते है यदि आप बीमार हैं और अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं, और आपको लंबी पंक्ति में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। बस जब आपके कार्ड की संख्या को पुकारा जाता है, तब सीधे ऊपर आ जाये और आपके लिए प्रार्थना की जाएगी और उतरकर नीचे चले जाये, और उसी तरह से दूसरा ऊपर आता है। मुझे इस तरह से बहुत अच्छा लगता है। मेरे पास अक्सर कुछ कुर्सीयो होती है उन्हें रखने के लिए भाई लोग होते हैं, यदि किसी को इंतजार करते समय तकलीफ महसूस होती है, तो एक बार में कुछ लोगो को बुला लेते है; उन्हें तकलीफ महसूस होती है, इसलिए, उन्हें—उन्हें बस उनके कुर्सियों पर इंतजार करने दे जब तक... या उनकी कुर्सी पर बैठे रहे जब तक उनकी संख्या नहीं बुलायी जाती है, जब तक उनके लिए प्रार्थना नहीं की जाती।

11 और मैं दिव्य चंगाई में विश्वास करता हूं; यह बाइबल की महान शिक्षाओ में से एक है। लेकिन यह ऐसे ही दिव्य चंगाई कहने की तुलना में दिव्य चंगाई बढ़कर बात है। दिव्य चंगाई केवल यह कहती है कि "एक परमेश्वर है जो फिर से आ रहा है।" दिव्य चंगाई किस बात के लिए बताती है? यह हमारे पुनरुत्थान का सबसे बड़ा बयाना है। यदि कोई दिव्य चंगाई नहीं है तब वहाँ कोई पुनरुत्थान नहीं है, देखो। और अब यदि वहाँ कोई पवित्र आत्मा नहीं है हमें बपतिस्मा देने के लिए, तो वहाँ संसार में कोई अनन्त जीवन नहीं आने वाला है। बाइबिल कहा, "यह हमारे उद्धार का बयाना है।" और आप जानते है कि *बयाना* क्या होता है? ये "अग्रिम भुगतान" है, देखो। यदि आप वहां जाकर और भुगतान करते हैं... आप कहते हैं आपने एक खेत खरीदा है, वे इसके लिए दस हजार डॉलर मांगते है, और आपने दो हजार भुगतान किया है, जो पैसा आपका "बयान," है, वे इसके लिए इसे इसका बयाना कहते हैं। अब, यदि यह पवित्र आत्मा का बपतिस्मा ये आगे का सिर्फ बयाना है जो आने वाला है, ओह, तो ये क्या होगा जब हमें—जब हमें पूर्ण दाम मिलेगा? यह महिमामय होगा!

12 अब, आज सुबह हम बातों को जोड़ने की कोशिश करेंगे, प्रभु ने चाहा तो, उन चीजों में से कुछ में... कलीसिया युग के बीच में (ये ठीक *यहाँ* पर) वहाँ पर कुछ तो होता है। *एक लाख चवालीस हज़ार, वे बचे हुए, सोई हुई कुवांरी, समझदार कुवांरी, और पवित्र आत्मा की मोहर करना, पशु की छाप करना।* वे सभी चीजें बस... यह युग का अंत है, और हर एक चीज यहाँ ठीक एक ही स्थान पर घटित होती है, सो इसलिए हमें चाहिए कि बस बाकी की सर्दियों में इसे ले ले, लेकिन हम... प्रकाशितवाक्य की किताब को ले ले, देखना ये किस तरह से एक साथ जुड़ता है।

13 क्या आपने कभी ध्यान दिया? रोजना के जीवन की यात्रा उसी तरह से है, श्रीमान वुड। ये एक... यह, मनुष्य के पास उसकी वही चेतनाये है, उसके पास छह चेतनाये है, या मेरा मतलब पांच चेतनाये, जो उसके पास थी जब से वो—वो धरती पर आया था छह हजार वर्ष से लेकर। लेकिन ठीक यहाँ अंत में, बस जरा सा आखिरी में, पिछले सौ वर्ष... ओह, प्रभु! वह वहां वापस आता है, वहाँ एक बैल गाड़ी में धीरे-धीरे आगे बढ़ता है। लेकिन उस बैल गाड़ी से, पिछले सौ वर्षो में, वह एक बैल गाड़ी से एक—एक रॉकेट में चला गया जो कि लगभग दो हजार मील प्रति घंटा की रफ़्तार से उड़ेगा। इसी प्रकार से वह तेजी से ऊपर आया है, बैल गाड़ी से रॉकेट में। और, देखो, यह ऐसा केवल पिछले कुछ ही वर्षो में हुआ है, इसलिए, मैं कहूँगा पचास वर्ष से ऊपर नहीं हुआ होगा।

14 जब मैं यूटिका पाइक पर यहाँ एक छोटा सा लड़का ही था, तो उनके पास एक पुराना... वहां एक बुढा व्यक्ति था जिसका नाम एल्मर फ्रैंक था जो अक्सर यहाँ पर रहने आता था। वह एक कानूनी वकील की तरह था। उसने एक युवा महिला से शादी की, उस रास्ते पर देखते है उसके—उसके पिता के लिए मेरे पिता ने काम किया था, उस महिला का नाम लुशर था। और उन्होंने... और उसके पास एक प्रकार का गाडी थी; इसमें एक अराल-कील घुमा कर चलाना था, आप इसके किनारे के द्वार से बाहर निकलते हैं और इसे *इस* तरह से घुमा कर चलाते हैं, और इसमें केवल एक गियर होता था। और आपके पास भोंपू के लिए एक—एक बड़ी रबर की चीज होती थी, और आपको इसे *इस* तरह से बजाना होता हैं और उन्होंने कहा, "इस गाडी की रफ़्तार उन्नीस मील प्रति घंटे की जबरदस्त गति होती है।" अब, पिताजी नीचे उतरे और गाड़ी में कुछ रेत को भरा, और—और वहां तक लाने के लिए और बोरियों को डाला ताकि ये इसे पकड़ कर रख

सके, यह देखने के लिए कि क्या यह वास्तव में उन्नीस मील की घंटे की रफ़्तार से चल सकती है। समझे? लेकिन तुम्हे सड़कों में देखना चाहिए, उह–हुंह; यह केवल *इस* ओर लगभग दस मिल जाएगी, और नौ *इस* तरह से ऊपर–नीचे जाएगी। समझे? तो आपको इसे एक साथ करना होता है, आपको एक घंटे में उन्नीस मील मिलेगा।

15 मुझे याद है हम सारे बच्चे, माँ हम सबको नहलाती, उसके बाद लगभग हममें से पाँच, हम इस गाड़ी की आवाज़ को सुनने के लिए उस दिवार के बाड़े पर लटकते। हम मीलो दूर से उसे आते हुए सुनते, गड़गड़, गड़गड़, गड़गड़, गड़गड़। हर कोई रुक कर अपने घोड़ों को पकडते, और मैं बग्गी से उतर जाता, और उन्हें *इस* तरह पकड़ता, आप समझते होंगे। वो गाड़ी सड़क पर से आती हुई, ओह, यह एक जबरदस्त चीज थी। और––और मुझे बस लगता है, कि यह पहले की बात थी, मैं लगभग सात वर्ष का था, देखिए। कैसे... यह लगभग 1914 की बात थी, और बस सोचता हूं कि किस तरह से वो चीजें तब से लेकर बदल चूकी है। और देखो, और यह केवल पिछले चालीस वर्ष या लगभग ऐसे ही कुछ से बदलाव होता आ रहा है। और, देखो, उसके पास ठीक यहाँ इसके साथ ऐसा सब करने के लिए छह हजार वर्ष थे, क्योंकि बाइबिल ने कहा कि वो ऐसा इस तरह से करेगा, "अंतिम दिनों में, वे पूछ–पाछ और ढूंढ–ढांढ करेंगे, और इस से ज्ञान बढ़ भी जाएगा।"

16 क्या आपने कभी नहूम के बारे में सोचा, जब उसने––उसने चार हज़ार वर्ष पहले शिकागो में बाहरी सड़क को देखा? क्या... उसने कहा, "वे चौड़े सड़कों में बहुत वेग से हांके जाते हैं।" अब... मैं पुराने देशों में रहा हूं जहां उनके पास... सड़के होती थी जैसे ओस्लो और विभिन्न स्थानों में है, वहां मुश्किल से चलने वालो के लिए जगह होती है, यह बस इतनी बडी होती कि उनके शहरो में से होकर एक––एक रथ जा सकता है। लेकिन शायद यहाँ से उस दीवार तक की दूरी होगी, उनकी सड़कें इतनी चौड़ी थीं, उनके रास्ते सारे चौड़े है, बस इतने चौडे कि एक रथ उस सड़क में होते हुए जा सकता है। खैर, देखो, नहूम ने कहा, "वे चौड़े रास्ते थे।" और कहा, "उनकी रफ़्तार या वेग बिजली का सा है," जो ये गाड़ीयां है। "और वे मशालो के समान दिखाई देते हैं," उन पर जो प्रकाश होता है। और कहा, "वे चलते–चलते ठोकर खाते हैं," टक्कर। वो नबी उस समय से ऊपर

उठकर और वहां दूर इसमें देखा, चार हजार वर्षों के लिए, और देखा वो आ रहा है। इसे सोचो! उह–हुंह। प्रेरणा।

17 लेकिन हम अंत समय पर हैं, दोस्तों। यह बस... और वचन इसी तरह से है कि ये सब बातें घटित होती जा रही है, सारे वचन ठीक यहाँ रखे हुए है इस अंत समय में ठीक यहाँ पर है। और मैंने सोचा, आज सुबह, यदि परमेश्वर हमारी मदद करता है, तो हम इनमें से कुछ चीजों को इसमें जोड़ेगे, जितनी हम जोड़ सकते हैं। और फिर आज रात वो बड़ा आखरी युग, लौदिकियन युग का, यह किस तरह अपने संदेश को लेता है और उसके बाद इससे बाहर आ जाता है और इसके संदेश को नाकार करता है, सीधे एक गुनगुने अवस्था के अंदर होता है जिसे परमेश्वर अपने मुंह से बाहर उगल देता है। देखो, दुसरे शब्दों में, यह उसे यहाँ तक उसके लिए सोचने पर भी उसके पेट में बीमार सा कर देता है। "मैं तुम्हें अपने मुंह से उगल दूंगा," उसने कहा।

18 अब, मेरे पास यहाँ पर कुछ लिखे हुए वचन है जिसका आज सुबह में उल्लेख करना चाहता हूं। लेकिन मैं सोचता हूं यदि यह हमारे लिए बहुत ही मुश्किल ना होगा, कुछ क्षण के लिए, कुछ शब्द की प्रार्थना के लिए खड़े हो जाये:

19 हमारे अनुग्रहकारी स्वर्गीय पिता, जैसा कि हम आज सुबह फिर से इस सब्त के दिन आते हैं। और बाहर, बारिश धीरे–धीरे टपकने लगी है, और बर्फीली ठंडी हवा बह रही है; लेकिन हम बहुत ही खुश है कि हमारे सिर के ऊपर आज एक छत है, कि हमारे पास एक छोटा सा स्थान है, और अभी भी एक राष्ट्र है कि जहां हम आ सकते हैं और किसी भी तरह परमेश्वर की आराधना करते है जो हमारा विवेक हमें आराधना करने के लिए कहता है।

20 तब हम आपके वचन में देखते हैं यह बहुत लंबे समय तक ऐसा नहीं चलने वाला है, तो, पिता, हम प्रार्थना करते हैं कि आप हमें अभिषेक करें विशेष रूप से आज जिससे कि हम इसमें से सबसे अच्छा प्राप्त कर सके जो वहाँ हमारे प्राप्त करने के लिए हो सकता है, और उस घडी के लिए तैयार हो जाये जो आगे रखा हुआ है जब हम इसे करने में सक्षम ना होंगे। हम नहीं जानते कि कितना अधिक समय के लिए होगा, यह हो सकता है सप्ताह, महीनों, या वर्षों, हम नहीं जानते है, लेकिन कभी–कभी हम इसे करने में

सक्षम नहीं होंगे। सो हम प्रार्थना करते हैं, पिता, कि आप हमें अपने दिव्य निर्देशन के नीचे रखेंगे, और होने पाए हमारे विचार आप पर हो, और हमारे ह्रदय का ध्यान आपकी दृष्टि में ग्रहण योग्य हो, हे प्रभु।

21 हमारे पापों को क्षमा करना। हम मांगते है हम उन्हें आपके सामने अंगीकार करते है, कि हमने पाप किया है और मार्ग से विचलित हुए है। और हम आपके कहलाने के योग्य नहीं हैं, हमें केवल आपका काम पर लगाया हुआ सेवक बनाये, प्रभु। और हम ऐसा कुछ भी करने को तैयार हों जो आप हमें करने के लिए कहें, कोई भी नियुक्त कार्य जो हम पर रखा गया हो। हम इसे करने की इच्छा रखते हैं, केवल हमें आपके राज्य में स्वीकार करे, प्रभु; कि हम इस में काम कर सके, इस बडी भयानक घडी के लिए जिसका संसार सामना कर रहा है।

22 अब हमें आपकी उपस्थिति से आशीष करे, हमें पवित्र आत्मा के द्वारा सिखाये, और हमारे यहाँ एक साथ मौजूद होने की महिमा को पाए। क्योंकि हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

23 अब मैं चाहता हूं कि, पहले, मैं यहाँ अपने हर एक मेरे मित्र की पहचान करना चाहता हूं, जिन्हें मैं आज सुबह से यहाँ देख रहा हूं। यह यहाँ रात के समय में बहुत ही कठिन है, वहां पीछे उन स्थानों पर उनके पीछे रोशनी चमक रही है और इससे लोगों को नहीं देख पाते है। और इस तरह से रात को यहाँ इस पुलपीट से देख पाना कठिन होता है, और ऐसा दिन के समय में भी होता है। मैं अपने बहुत से दोस्तों को देखता हूं बाहर जो देश के विभिन्न भागों से आये है, मैं आज उन्हें रात की तुलना में अच्छी तरह से पहचान सकता हूं। और यह बहुत से होंगे उन सभी के नाम को पुकारने का प्रयास करूं, लेकिन मैं चाहता हूं आप जान ले कि निश्चित रूप से मैं आप की सराहना करता हूं। और इस सारी कठिन कटाई–छटाई और इत्यादि के बाद, जैसा कि मुझे वचन में करना पड़ा है, जिससे कि... कि सच्चाई को सामने लाऊं। यह वो नहीं जो मैं करना चाहता था, लेकिन परमेश्वर ने यहाँ जो करने के लिए लिखा है, आप देखें। और फिर ऐसा ही है। और फिर भी मैं अपने बहुत से भाइयों को देखता हूं जो संप्रदायो और इत्यादि से संबंध रखते हैं, फिर भी अभी मेरे साथ बैठे हुए हैं, इसलिए मैं आपकी बहुत, बहुत सराहना करता हूं। आप... परमेश्वर हमेशा आपको आशीष दे और आपकी सहायता करे मेरी प्रार्थना है।

24 और अब... [भाई स्ट्राइकर कहते है, "भाई ब्रंहम? "—सम्पा।] हाँ, भाई। ["यदि मुझे कलीसिया की अनुमति मिल सकती है कि मैं यहां सभी लोगों की ओर से बोलूं, तो हम चाहते हैं कि आप यह जान लें कि हम आपकी सराहना करते हैं।"] धन्यवाद, भाई स्ट्राइकर। ["और हम आपसे प्रेम करते हैं।"] धन्यवाद, भाई स्ट्राइकर। ["और हम अनुग्रह के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, उन चीजो से होकर जाने के लिए, जिन चीजों से होकर आपको गुजरना पड़ सकता है, कि हम आपके पक्ष में खड़े हो सके।"] धन्यवाद, भाई स्ट्राइकर। [सभा कहती है, "आमीन!"] धन्यवाद, कलीसिया, ऐसा कहने के लिए आप की सबसे मनोहर बात है। मैं आपकी बहुत अधिक सराहना करता हूं।

25 कोई तो कल रात कह रहा था... मैं सोचता हूं कि यह भाई फ्रेड था जिसने कल मुझे फोन किया और दर्शन या सपने के बारे में बताया जो किसी भाई को आया था, जो उसने यहाँ से जाने से ठीक पहले कल रात को इसे बताया, इसने देखा मैं पृथ्वी के शीर्ष वक्राकार भाग पर खड़ा हुआ हूं और काला बादल लुढ़कते हुए पीछे आ रहा है। मैं जानता हूं वो मेरे पीछे आ रहा है। लेकिन यह... जब तक... वो—वो ऐसा करने के लिए सक्षम नहीं होगा जब तक परमेश्वर समाप्त नहीं करता है, और तब—तब मैं—मैं... यह समय है उसके बाद मुझे जाना है। इसलिए...

26 लेकिन मैं—मैं इस बारे में सोचता हूँ, "कभी भी बड़ा मत बनो।" नहीं, मैं बनना नहीं चाहता, देखो। लेकिन मैं *जीवन के स्तुती गान* के लिए सोचता हूं:

> महान पुरुषों के जीवन सब हमें याद दिलाते है (देखें, पौलुस ने क्या किया, इरेनियस ने क्या किया, लूथर ने क्या किया, वेस्ली ने क्या किया, या संत मार्टिन ने क्या किया, और उन्होंने क्या किया।)

> महान पुरुषों के जीवन सब हमें याद दिलाते है
> कि हम हमारे जीवनो को प्रभावशाली बना सकते हैं,
> विदाई के समय के साथ, हमारे पीछे छोड़ते हुए,
> समय की रेत पर पैरों के निशान;

पैरों के निशान, जो शायद किसी और के हो,
जब जीवन के मुख्य आधार पर जल यात्रा करते हुए,
(क्योंकि मेरे जाने के बाद, देखो, और चलते रह।)
कुछ असहाय और पूरी तरह से टूटे हुए भाई (इनमें से एक किताब उठाकर इसे पढ़ते है),
देखने में, फिर से हृदय को ले लेगा। (ऐसा ही है।)

आइये हम फिर उठते है, और करते है;
एक हृदय साथ किसी के भी लिए... संघर्ष करे, (मैं इसे पसंद करता हूं, क्या आप नहीं करते? )
गूंगे की तरह ना बने, चरने वाले गाय–पशु (इसे छोड़ना होगा);
लेकिन संघर्ष में एक नायक बने! (मुझे—मुझे यह पसंद है।)

27 अब, हमारे छोटे भाई, जॉर्ज को यह एक पसंद हुआ करता था; मैंने यह उनके अंतिम संस्कार की सभा में लिया था। हमने अक्सर... मैं बैठकर और *जीवन का स्तुती गान* हवाला देता, आप जानते होंगे, और वह बैठता और *घेरे को पार करना* का हवाला देता। देखा? और आपने इसे सुना है:

सूर्यास्त और साँझ का तारा,
और मेरे लिए एक स्पष्ट पुकार!
और होने पाए वहां कटघरे पर कोई विलाप ना हो,
जब मैंने बाहर समुद्र में डाल दिया। (आपने इसे बहुत बार सुना है।)

क्योंकि सभी बिना समय और अंतराल के साथ आगे बढे,
वो बाढ़ हो सकता है मुझे दूर तक ले जाये,
लेकिन मैं अपने मार्गदर्शक को आमने–सामने देखने की आशा करता हूं
जब मैंने घेरे को पार कर लिया है। (मुझे यकीन है ये उसने किया जब उसने घेरे को पार किया।)

28 और सो... और फिर मेरा ऐसा है:

जुदाई, मेरे पीछे छोड़ते हुए
समय की रेत पर पैरों के निशान,
इसलिए कि अन्य, देखते हुए, साथ–साथ आ सकते
हैं,
ह्रदय को लेकर और चलते रहे।

29 क्योंकि, किसी महान दिन पर यीशु आ जायेगा (और यही है वो, हम जिसके बारे में इस सुबह अध्ययन करने जा रहे हैं), यह सब तब खत्म हो जाएगा।

30 अब, मैंने आज सुबह सोचा, इस क्रम में हम नहीं कर पायेगे इन कलीसिया के संदेशों में... अब, हो सकता है, यदि प्रभु ने चाहा तो, जल्द ही, मेरे पास *सच्ची और झूठी कलीसिया* के ऊपर एक और छोटी श्रृंखला की सभाये हो सकती है, जिसे वहां उत्पत्ति से लेकर, इसे बाइबल में से होते हुए लेंगे और हम इसे सीधे आगे प्रकाशितवाक्य तक ले जायेंगे। दोनों कलीसियाये, बस वे क्या करने जा रही है। और फिर हो सकता है किसी दिन जब हम... यदि परमेश्वर की इच्छा हुई, हम कलीसिया का निर्माण कर लेंगे जिससे कि आपके पास थोडा और अधिक बैठने का स्थान हो सकता है... आप आश्चर्यचकित हो जाते है कितने लोगो को अंदर बुलाया गया है इस तरह से कहा गया है; वे बस गाड़ी चलाकर आते है और देखते कि यह पूरी तरह से भरा हुआ है, इसलिए वे बस निकल जाते है, देखो। और तो वे... हमारे पास स्थान नहीं है।

31 और हो सकता है जैसे... गर्मी के समय में जब यह गर्म मौसम होता है या ऐसा ही कुछ तो और, जहाँ हमें हाई स्कूल का व्यायामशाला मिलता है या कुछ तो और मिलता है, तो अच्छा होगा, तब हम प्रकाशितवाक्य की किताब को ले लेंगे, या कुछ तो, या दानिय्येल की किताब और प्रकाशितवाक्य को ले लेंगे, और इसे एक साथ जोड़ देंगे तो हम यह कर सकते है।

32 अब, हमने यहूदी लोगों से कभी भी व्यवहार नहीं किया है। वो यहूदी...

33 अब, जैसा कि मैंने कहा, 1500 के अंधेरे युग में—में, कैथोलिक धर्मसत्ता थी, जब वे कलीसिया और राज्य को एक साथ जोड़कर स्थापना कर रहे थे, तो ऐसा "सहशताब्दी के बाद" था। उन्होंने सोचा कि वे—वे पूरी तरह से सहशताब्दी में थे क्योंकि कलीसिया ने उसके प्रतिनिधि को प्राप्त कर लिया था, मसीह की समान वो एक जो उस सिंहासन पर बैठने के

लिए मिला है। और यह कलीसिया और राज्य को एक साथ एकजुट करेगा, सब अच्छा हो चूका था, वो "महान सहशताब्दी शुरू हो चूकी थी।" वे अब भी यही विश्वास करते हैं। लेकिन यह एक गलती है। क्योंकि सहशताब्दी नहीं आ सकती है, मसीह के आगमन के बिना, इसे जारी नहीं किया जा सकता है।

34 मसीह सहशताब्दी को लाता है, वह फलने–फूलने का पुत्र है; और जब वह आएगा, तब एक हजार वर्ष होंगे। और जब ऐसा होता है, वहाँ कलीसिया का रेपचर हो जायेगा वो ऊपर उठायी जाएगी, और उसके बाद मसीह की वापसी होगी। और अब याद रखना, जब... इसलिए वो अगली बात क्या है जिसके लिए हम देख रहे हैं? कलीसिया का रेपचर।

35 अब, कलीसिया का रेपचर और सफेद सिंहासन के न्याय को एक साथ ना मिलाये। क्योंकि, कलीसिया का रेपचर, वहाँ पर कोई न्याय नहीं है, देखो, आपने ठीक यहाँ नीचे इसका सामना कर लिया है। यह सही है, "क्योंकि उनके लिए जो मसीह में हैं न्याय से आजाद हैं।" यीशु ने कहा, "वह जो मेंरे वचन को सुनता है और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है उसके पास अनन्त जीवन है और वो कभी भी न्याय में नहीं आता है, लेकिन मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश कर चूका है।"

36 हम ऐसा कैसे करते हैं? हम मसीह में आते हैं और एक देह में बपतिस्मा लेते हैं, पहला कुरिन्थियों 12, "एक देह।" हम यीशु मसीह के देह के अंदर बपतिस्मा लेते हैं, और परमेश्वर पहले से ही उस देह का न्याय कर चूका है। वह हमें फिर से न्याय में खड़ा नहीं कर सकता, क्योंकि उसने पहले ही उस देह का न्याय कर चूका है। और अनुमति और मसीह के अनुग्रह के द्वारा हमें अपने आप में लेकर आता है, पहला कुरिन्थियों 12, "एक आत्मा के द्वारा हम सभी ने उस एक ही देह के अंदर बपतिस्मा पाया हैं, और सारे न्याय से आजाद है क्योंकि वो न्याय के लिए खड़ा हुआ था।" ओह, क्या आप उसके लिए बहुत ही आभारी नहीं हैं! उसने हमारे लिए न्याय को ले लिया। अब कोई और न्याय नहीं! लेकिन वे जो उसमें आने के लिए इंकार कर देते है, उस देह में, जो रहस्यमयी देह है... हम इसके अंदर कैसे आते है? हाथ मिलाने के द्वारा? नहीं। लिख कर देने के द्वारा? नहीं। किसी प्रकार के पानी के बप्तिस्मा के द्वारा? नहीं। "एक आत्मा, पवित्र आत्मा के द्वारा, हम सभी ने उस देह में बपतिस्मा लिया हैं!"

37 अब याद रखना, हम आज सुबह गौर से इसे समझने जा रहे हैं। आप या तो उस देह में हैं या उस देह से बाहर हैं, ना ही इसके बीच में। वहां कोई बढ़िया अच्छे मसीही नहीं है। और—और वहाँ... आप या तो मसीही हैं या आप मसीही नहीं हैं। वहां कोई काला–सफेद पक्षी नहीं है, कोई शराब पीया हुआ–होश में व्यक्ति नहीं होता है। आपके पास ये नहीं हो सकता है। आप या तो एक मसीही है या तो एक मसीही नहीं है। आप या तो मसीह में हैं या मसीह से बाहर हैं।

38 अब, ये शिक्षा की तरह लग सकता हैं, मैं नहीं... मैं शिक्षक होने की वजह से कुछ ज्यादा संक्षेप में बातों को लेता हूं। लेकिन शिक्षा में काटना–छांटना होता है, यह मसीह की देह में—में एक विशेष दान है। पहले वहां पर वे प्रेरित और उसके बाद वे भविष्यवक्ता, फिर वे शिक्षक और सुसमाचार सुनाने वाले, वे पास्टर; देह में पाँच सेवकाई के दान है। और शिक्षा देना आत्मा के दानो में से एक है। अब, मुझे बस उसके साथ प्रचार करना होता है जो मैं देख रहा हूं जो सही है और इसे लोगों तक पहुंचाने की कोशिश करता हूँ, और अध्ययन करके और वचनों को एक साथ लाता हूँ। अब, लेकिन ये केवल मसीह में है, जो मसीह की देह है जिसे पहचाना जाना है।

39 अब, प्रकाशितवाक्य के पहले तीन अध्याय कलीसिया के साथ संबंधित है। अन्यजाति, यहूदी, इथियोपियाई, अफ्रीकी, संसार के हर प्रकार के लोग अन्यजातियों में जाते हैं जो कि इस देह को बनाते है; काले, सफेद, भूरे, हर एक, ये फूलों का एक गुलदस्ता है, और यह सही है, जो परमेश्वर उसकी वेदी पर रखता है; और यही सभी देशों, जातियों, भाषाओ और लोगों से बना है।

40 लेकिन, अब, जब आप तीसरे अध्याय से आगे जाते है (यहां वे कलीसिया युग है), परमेश्वर वापस आकर और यहूदियों को लेता है, कलीसिया उस युग के दौरान कभी भी नहीं दिखाई देती है। यह यहूदियों के लिए है। और परमेश्वर यहूदियों के साथ व्यक्तिगत रूप से व्यवहार नहीं करता है, वो इस्राएल के साथ एक राष्ट्र के रूप में व्यवहार करता है, हमेशा ही एक राष्ट्र के रूप में।

41 ऐसे ही किसी को एक दिन ये मिला। मुझे—मुझे उस *संकरित धर्म* इस पर बहुत से पत्र मिले है, जो मैंने उस पर एक टिप्पणी को किया था...

बाइबिल का कहना है कि एक नाजायज को, “अवैध संतान,” कहा जाता है, वे दस पीढ़ियों के लिए प्रभु की लोगो की सभा में प्रवेश नहीं कर सकते, जो चार सौ वर्ष होंगे जो एक अवैध संतान है वो प्रभु के लोगो की सभा के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। ऐसे ही वो संकरित होना बुरा था; वह एक महिला थी जो एक बालक को लाने के लिए अपने साथ एक दूसरे पुरुष को रहने देती थी, ऐसे ही वो बालक जो संकरित था, जो ना ही उसके पिता से है बल्कि किसी और पुरुष से है। समझे? और वह परमेश्वर के सामने इतना गंदा था, ये दस पीढ़ियो को लेता है, फिर से कभी उस नस्ल को लाने के लिए, जिससे कि परमेश्वर के सामने आये।

42 लेकिन यह इस युग के लिए लागू नहीं होता है। आपके पास अब एक नया जन्म है। वे नहीं… उनके पास वहां केवल एक ही जन्म हुआ करता था, जो कि असल में शारीरिक संबंध से प्रजनन है। हमारे पास अब यह नया जन्म है, जो कि आत्मिक है, जो सारे नस्ल को ख़त्म कर देता है। और हम मसीह यीशु में नयी सृष्टि हैं, परमेश्वर की आत्मा के फिर से जन्म पाए हुए। नयी सृष्टियां! वो शब्द *सृष्टियां* पर, यदि आप में से कुछ यहाँ अच्छे विद्वान है जो समझते होंगे (यदि आप नहीं समझते हैं, तो आप इसे देख सकते हैं।), *सृष्टि* यूनानी शब्द से आता है “एक नई रचना।” ओह, उसी तरह से जैसे आप यहां एक रचना है, शारीरिक संबंध से जन्मे; उसके बाद आप एक नई रचना होते हैं, जो स्वर्गीय जन्म होता है। जो… एक नए मनुष्य की परमेश्वर की नई सृष्टि में। नयी सृष्टि, जन्म के समय पर। लेकिन इसका एक जन्म होना है, ठीक उसी तरह से जैसे स्वाभाविक जन्म जरूरी है; आत्मिक जन्म स्वाभाविक जन्म की तरह ही आवश्यक है।

43 युवा जोड़े विवाह कर सकते हैं और कह सकते हैं, “हमारे पहले छोटे लड़के को, हम ‘जॉन’ करके बुलायेंगे।” यदि वो कभी भी जन्म नहीं लेता है, तो जॉन कभी यहाँ नहीं होता है। ऐसा ही है। वही बात, आप… आप स्वर्ग के बारे में कितने काल्पनिक विचारों को बनाते हैं, यह कितना बड़ा है, यदि आपका फिर से जन्म नहीं हुआ हैं तो आप वहां पर नहीं होंगे। ऐसा ही है, देखो। इसे बस उसी तरह से होना है, क्योंकि इसका एक जन्म होना है। परमेश्वर ने उसकी व्यवस्था को नीचे रखा और हर एक चीज उसकी व्यवस्था के अनुसार काम करती है। समझे?

44 अब, इन में, वहाँ बचे हुए यहूदी बचा लिए जायेंगे। और हम उनके

विषय को पहले लेने जा रहे हैं, क्योंकि यह जगह... अब, वहाँ हमेशा ही हर समय पर तीन श्रेणी के लोग होते है, लगातार। और... उन्हें ध्यान में रखें, वे है: वे—वे विश्वासी, ढोंगी विश्वासी, और अविश्वासी। वे सारे तीनों। और वहाँ पर एक यहूदी है, जो कि निकाले गए इसलिए हमें एक मौका मिलता है; वहाँ पर एक गुनगुनी कलीसिया है; और वहाँ एक आत्मा से भरी हुई कलीसिया है।

45 एक समय, चार्ली बोहनोन राष्ट्रपति थे... या सार्वजनिक सेवा कंपनी के दक्षिणी जिलों के अधीक्षक थे, जब मैंने उनके लिए काम किया था। मैं तब वचनों का अध्यन कर ही रहा था, एक लड़के के नाई। और उसने कहा, “बिली, कोई भी... ” कहा, “यूहन्ना अवश्य ही कुछ लाल मिर्च खाकर और वहां पतमुस टापू पर—पर उसने एक बुरा स्वप्न देखा था।”

46 मैंने कहा, “श्रीमान बोहनोन, आपको ऐसा नहीं कहना चाहिए।” वह मेरे मालिक थे, निरीक्षक थे।

उसने कहा, “ठीक है, दुनिया में इसे कौन समझ सका है? ”

मैंने कहा, “यह समझ गया है। इसे समझा जाएगा जब पवित्र आत्मा इसे प्रकट करने के लिए तैयार होगा।” यह सही बात है।

47 और उसने कहा, “ओह, ऐसा है!” कहा, “मैंने इसे समझने की कोशिश की और मेरे पास्टर ने इसे समझने की कोशिश की,” कहा, “हम बहुत ही एक घोर उलझन पड गए।” कहा, “हमारे पास सिनय पर्वत पर खड़ी वो—वो दुल्हन थी।” देखा? और कहा, “तब हमारे पास दुल्हन थी उस अजगर के साथ जो पानी को उसके मुंह से बाहर उगल रहा था, ताकि महिला के उन बचे हुये बीज के साथ युद्ध करे। हमारे पास वहां ऊपर स्वर्ग में दुल्हन थी। सारी तीनो, एक ही समय पर।”

मैंने कहा, “यह बिना आत्मिक समझ के है।” देखा?

उसने कहा, “ठीक है, वे वहां पर हैं, सभी... एक ही समय में तीनों।”

48 मैंने कहा, “हाँ, श्रीमान, लेकिन यह वैसा नहीं है, जिस तरह से उन्हें रखा गया था। देखो, आप एक लाख चवालीस हज़ार को ‘दुल्हन’ कहते है, जो कि वे नहीं थे; वे तो यहूदी थे। और वो एक जिसे अजगर उसके मुंह से बाहर पानी को उगला कि उनके साथ युद्ध करे जो बचे हुये थे, महिला

के बीज जो बचे–खुचे थे जिन्होंने आज्ञाओं को रखा और जिनके पास यीशु की गवाही थी। और दुल्हन महिमा में थी।” देखा?

49 एक लाख चौवालीस हजार, प्रकाशितवाक्य के 14 वें अध्याय में, वहां सिनय पर्वत पर खडे थे, (यह बिल्कुल सच है।) उनके माथे पर उनके पिता का नाम होता है। यह बिल्कुल सही है। यहूदी, वे बचे हुए यहूदी है।

50 और फिर यहाँ अजगर आता है, रोमन धर्मसत्ता। (जो, कलीसिया स्वयं रेपचर हो गयी थी, वो महिमा में थी, वो साढ़े तीन वर्ष के लिए उस विवाह के भोज पर थी।) इसके बाद अजगर, देखो, *अजगर* हमेशा ही “रोम,” रहा है, वो लाल अजगर। अब इसे आपको पक्का करने के लिए, प्रकाशितवाक्य 12 में—में, अजगर उस स्त्री से क्रोधित था जो एक पुरुष बालक को लाने जा रही थी जिसे लोहे का राज दंड लिए हुए सभी राष्ट्रों पर शासन करना है और अजगर ने अपने मुंह से बाहर पानी उगला… या—या बीज के बचे हुओ के साथ युद्ध करने के लिए। लेकिन लाल अजगर, सबसे पहले, वह इस स्त्री के सामने खड़ा हुआ था। जैसे ही उस स्त्री ने इस बच्चे को जन्म देना था, वह उस बच्चे को निगल जाना था जैसे ही वह उसे जन्माती है। अब, जो इस्राएल कलीसिया के सामने कौन खड़ा था (वो स्त्री इस्राएल), कि उसके बालक को निगल जाए (यीशु) जैसे ही ये पैदा हुआ था? रोम! हेरोदेस ने एक घोषणा जारी की कि—कि उस हर एक बाlक को मार डाला जाना था जो दो वर्ष की उम्र के नीचे था, वहां देश भर में सारे इब्रानी बच्चों की मार कर हत्या कर दी गयी थी। बिल्कुल यही चीज को फिरौन ने मूसा को पकड़ने के लिए की थी, जो उसकी प्रतिछाया थी, सभी बच्चो की हत्या कर दी और उसे मारने से चूक गया। ओह—ओह—ओह—ओह, परमेश्वर जानता है उन्हें कैसे छिपाना है।

51 ओह, क्या आप खुश नहीं हैं कि आप छिपे हुए हैं? ओह, एक छिपने का स्थान! बाइबिल ने कहा, “ऐसे ही तुम भी अपने आप को मरा, परन्तु मसीह में जीवित समझो, मसीह में छिपा हुआ, और पवित्र आत्मा के द्वारा मोहर बंद हुआ है।” वो शैतान आपको नहीं ढूंढ सकता यदि वो पाना चाहता है तो। वह बस ऐसा नहीं कर सका, आप देखें। आप मसीह में छिपे हुए हो! अपने आप को मरा समझो! और आपका जीवन मसीह में छिपा है, मसीह के जरिये से परमेश्वर में छिपा हुआ है, और पवित्र आत्मा के द्वारा मोहरबंद किया गया है।

52 अब, अब, यह बचे हुए, सोई हुई कुंवारी थी; उस अजगर ने अपने मुंह से बाहर पानी उगला कि स्त्री के बचे हुये बीज के साथ युद्ध करे। अब, बचे हुए क्या है? अब, वहाँ आपको—आपको अब ये एक साथ उदाहरण मिलेंगे। वहां एक कलीसिया है जो कि *स्वभाविक* कलीसिया है।

53 मैं ऐसा करूंगा... हो सकता है मैं इसे यहाँ चित्र बना कर दिखाऊं और इसे थोड़ा सा स्पष्ट करूं। अब, भाई नेविल, यदि मैं आपके कुछ समय को लेता हूं, तो आप कृपया मुझे क्षमा करना। [भाई नेविल कहते हैं, "आमीन। मेरे पास कुछ नहीं है।"—सम्पा।]

54 अब, वहाँ... अब याद है कि वहाँ पर क्या है? वे अविश्वासी, मैं यहाँ ऐसे लिखता हूँ "अ वि," यानि अविश्वासी, और यही वो पापी है। और यहाँ एक और है जो एक औपचारिक है, मैं "औ क," लिख दूंगा जो औपचारिक कलीसिया है। और उसके बाद यहाँ एक और है जो कि बचायी गयी कलीसिया है, "ब क," बचायी हुई कलीसिया। अब, उन्हें हर समय ध्यान में रखें।

55 अब, इस बचायी हुई कलीसिया के वहाँ दो वर्गों है, इस कलीसिया में ठीक *यहाँ* पर और ठीक *यहाँ* पर, जो मसीह के द्वारा उदाहरण दिया गया: उनमें से एक सोयी हुई कुंवारी थी, और दूसरे एक के दिये में तेल था। अब, आप—आप सभी... कितने लोगो को वो कहानी याद हैं? हम इसे बस एक मिनट में लेने जा रहे हैं।

56 अब, सबसे पहले, इससे पहले कि हम इसे करे, हम प्रकाशितवाक्य 7 के एक लाख चौवालीस हजार को लेंगे, जिससे कि इसे वास्तव में समझा जा सके। अब, आपको इसे अवश्य ही याद रखना है। और आप जो इसे चिह्नित कर रहे हैं, प्रकाशितवाक्य 7।

57 आइए बस एक तरह से हमारे समय को लेंगे। (और—और आपका—आपका बपतिस्मा नहीं होगा जब तक—जब तक... इस सुबह की सभा के बाद होगा, तो ठीक है।) हम... मैं मेरी घड़ी को यहाँ रखने की कोशिश करूंगा और देखूंगा कि क्या समय हुआ है, जिससे कि हम बाहर निकल सके। अब हमारे पास—हमारे पास लगभग अब दो घंटे है, और प्रभु हमें इस अध्ययन को देने के लिए हमारी सहायता करे।

*... इन बातों के बाद...*

58 अब, हम... 6 वा अध्याय जो सफेद घोड़े के साथ—के साथ संबंधित है, जो कि पवित्र आत्मा है जो जीतने के लिए आगे चला गया, जय पाने के लिए। उसके बाद पीला घोड़ा, मृत्यु, और अधोलोक इसके पीछे आते है। और उन में से हर जन घोड़ों पर सवार थे।

59 अब, "इन चीजों के बाद," इस बड़े विनाश के बाद। पहले सारी धरती पर आगे चला गया जो पवित्र आत्मा था, "जीतने के लिए, जय पाने के लिए"; उसके बाद वो एक बडे अकाल के समय में आता हैं, "दीनार का सेर भर गेहूं, और दीनार का दो सेर जव, और इत्यादि, लेकिन तेल, और दाख–रस की हानि न करना"; और फिर आगे तब तक जब तक वो इन—इन मोहरों को नहीं खोल दिया।

> *... इन बातों के बाद मैंने पृथ्वी के चारों कोनों पर चार स्वर्गदूत खड़े देखे, वे पृथ्वी की चारों हवाओं को... थामे हुए थे ताकि वे पृथ्वी, या समुद्र,* या... *किसी पेड़ पर, हवा न चले।*
>
> *फिर मैं ने एक और स्वर्गदूत को जीवते परमेश्वर की मुहर लिए हुए पूरब से ऊपर की ओर से* उतरते हुए *देखा: उन चारों स्वर्गदूतों से जिन्हें* पृथ्वी *और समुद्र की... हानि... करने का अधिकार दिया गया था, ऊंचे शब्द से पुकार कर कहा।*
>
> *कहते हुए, तब तक पृथ्वी और समुद्र* और... पेड़ों *को हानि न पहुंचाना, जब तक हम अपने परमेश्वर के दासों के माथे पर मुहर न लगा दें।*

60 अब, याद रखना, दास हमेशा से रहे हैं... परमेश्वर के दास यहूदी हैं। अब्राहम उसका दास था। अन्यजाति दास नहीं है, ये एक दुल्हन है, यह एक पुत्र है। यह वो पुत्र है, जो कलीसिया है। यहूदी दास हैं। ओह, यदि आप बस... यदि हमारे पास बस उन शब्दों को पूरी तरह से खोजने का समय होता था। बहुत सी बार मैं वहां कमरे में ऐसा करता हूं, इसके सभी तरह से इसके संदर्भ के बातों में से होकर जाता हूं और इसे बाहर निकालता हूं। यहूदी एक दास हैं। यदि मैं यहाँ खडे होकर और मैं पूरा समय "दास," पर ले लेता हूं तो मैं बाकी के स्थानो को नहीं ले पाऊंगा, आप देखते हैं। तो बस याद रखे, इसे बाइबिल के माध्यम से पता लगाये, और आप जान जायेंगे कि यहूदी परमेश्वर के दास है।

61 क्या ही यहाँ सुंदर समानांतर बात है जिसे हम थोड़ी देर के लिए ले सकते हैं, तो यदि हम येजकेल 4 में वापस जाना चाहते हैं और देखते है कि, और वहाँ उसने कहा कि, “क्या कुछ भी इसी तरह से पहले हुआ है? ” उसने ऊँची दीवारों को देखा, और जब उसने ऐसा किया, उसने देखा कैसी घृणित कामो को शहर में किया गया है। और वहाँ चला गया... चार मनुष्य घात करने वाले हथियारों के साथ आगे आते है। और वे यरूशलेम शहर में से होते हुए हर एक चीज को घात करने के लिए आगे गए।

62 और इससे पहले कि वह... वे घात करने चले गए, उन्होंने उन्हें रोक दिया, क्योंकि वहां एक और था वो एक जो सफेद वस्त्र पहने हुए आया, एक लिखने की दवात बान्धे हुए (कितनो ने इसे कभी पढ़ा है? ) उसकी बगल में, यहेजकेल 4? तब यह उसकी बगल में लेखक की दवात बान्धे हुए था, सफेद वस्त्र पहने हुए, उसने कहा, “उस नगर में मत जाना, किसी को भी घात नहीं करना, जब तक तुम पहले परमेश्वर के सेवकों के माथों पर मोहर न कर दो।” और उसने आगे बढ़कर और उसने मोहर कर दिया, यहां तक कि छोटे बच्चों और हर एक को, उन्हें मोहर करने के लिए कहा।

63 और फिर वे जो घात करने वाले हथियार के साथ थे, वे चारो आ रहे थे, उन्होंने जाकर और पूरी तरह से सब कुछ ध्वस्त कर दिया, था, कोई दया नहीं की थी। उन्होंने पुरुषों, महिलाओं, बच्चों को घात कर दिया, और हर एक चीज जिसके पास इस पहले मनुष्य की मोहर नहीं थी जो लिखने की दवात लिए हुए था जो मोहर किया था। और महान...

64 अब, यह हमारे प्रभु के बाद के दिनों में था, जब उसने मत्ती 24 में उन्हें इसके बारे में चेतावनी दी थी, कि कैसे “जब तुम यरूशलेम को सेनाओं से घिरा हुआ देखते हो, तो ऐसा न... घर के छत से नीचे ना उतरना, या वे जो खेत में हो वह पीछे न लौटे और अपने वस्त्र को लेने वापस ना आये, लेकिन यहूदिया में चला जाये।” जोसेफस वहाँ इसके लेखन को देता है, और वे कैसे भाग निकले। और केवल वही बच निकले थे जिन्होंने प्रभु यीशु के वचनो को लिया था। और जब उन्होंने सेनाओं से घिरा हुआ देखा, और टाइटस, ए. डी. 96 में, जब उन्होंने टाइटस को यरुशलेम की दीवारों को घेरा हुआ देखा और वहां उन सभी को नजरबंद कर दिया; वे यहूदी पेड़ से घास को तोड़कर खाते... वे पेड़ों से छाल—छाल को खाते, वे जमीन से उगी घास को खाते, वे पूरी तरह से एक दूसरे के बच्चों को

उबालकर और इसे खाते। उन्होंने उन्हें भूखा मार दिया, बस उन्हें वहीं पर ढेर कर दिया, और अंत में वे वहाँ पर दौड़ कर गए और उन्हें घात कर दिया इतना तक कि फाटक से बाहर उनका लहू बहने लगा जैसे कि—जैसे कि तालाब बाहर आ रहा हो, फाटक से बाहर लहू की धाराये बह रही थी। उन्होंने मंदिर को जला दिया, दीवारों को तोड़ डाला, और यह इस दिन तक वहां खडी है।

65 और उमर के मुस्लिम को स्थापित किया गया था जहां मंदिर खड़ा था। और यीशु ने मत्ती 24 में इस बारे में बताया, उसने कहा, "जब आप उस घृणित बात को देखते हैं जो उस पवित्र स्थान में खडे हुए उजाड़ को बनाता है, जहां पर उस दानिय्येल नबी ने बताया, इसके बारे में कहा," तब इसने कोष्ठक में है, उसने कहा, "(वह जो पढ़ता है वो समझे:)," देखो, "जब तुम इस घृणित बात को देखते हो, उमर के मुस्लिम की गंदगी जो वहां पवित्र स्थान पर एक समय खड़ी थी।" और आज मुस्लिम आज खड़ा है बिल्कुल ठीक जहाँ पवित्र स्थान है, ठीक मंदिर की जगह पर। मोहम्मदिन मुस्लिम खड़ा हुआ है जैसा कि यीशु ने कहा कि ये ऐसा करेंगे, जी हाँ, जैसा कि दानिय्येल ने कहा कि ये ऐसा करेंगे, और यीशु ने इसे सत्य ठहराया कि यह ऐसा होगा।

66 उन भविष्यद्वक्ताओं को देखो और परमेश्वर वहाँ उन होने वाली बातों को पहले से बता रहा है, भाई, यह हमारी गर्दन की पीछे के बाल को खड़ा कर देगा ये जानकर कि हम अंत समय में है। हम अंत पर है! कुछ भी नहीं बचा है। ये सभी बातें घटित हो रही हैं जैसा कि उसने कहा था कि वे होंगी, क्योंकि, इससे हमें प्रोत्साहित होना चाहिए, ये हमें तैयार करने के लिए है। उसने कहा, यीशु ने हमें चेतावनी दी, कहा, "जब तुम इन बातों को घटित होते हुए देखते हो," जैसा कि हम बात कर रहे हैं, तो कहा, "अपना सिर ऊपर उठाये, तुम्हारा छुटकारा नजदीक है।"

67 और यदि हम पूरी दुनिया को पा लेते हैं, तो इससे हमारा क्या भला होगा? हम किसी भी तरह इसे खोने जा रहे हैं। हम—हम इस तरह से नहीं जीत सकते है। केवल एक ही तरह से जीत है, वो मसीह के जरिये से है। मसीह को लें लो, उसके बाद आप जीतने के लिए बाध्य हैं। आपको यहाँ से छोड़ कर जाना होगा; हो सकता है आप इस सभा के पूरा होने से पहले ही छोड़ कर चले जाये, आज रात सूरज के डूबने से पहले आप छोड़

कर चले जाये, आप हो सकता है–... इससे पहले कि सूरज सुबह में उगने से पहले, अगले रविवार से पहले आप हो सकता है चले गए हो, हम में से सभी जन। हम नहीं जानते कि हम कब जा रहे हैं, लेकिन आप जानते हैं कि आपको जाना होगा। तो क्या इसे ऐसे ही छोड़ना एक मूर्खतापूर्ण बात नहीं है? आप—आप इधर–उधर भटक रहे हैं, आप—आप मौत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

68 उस पुराने टोबोगन उस फिसलने वाली ढलान की तरह। वे एक टोबोगन उस फिसलने वाली ढलान पर बैठते थे और इस चीज़ पर गोल–गोल घूमते थे, देखते हुए कि वे कितने करीब आ गए हैं; और अचानक ही, इससे पहले कि वे इसे जान पाए, वे उस फिसलने वाली ढलान से नीचे चले जाते है। और बिल्कुल ऐसे ही आप कर रहे हैं, बस ठीक उस फिसलन में गोल–गोल घूम रहे है। आप नहीं जानते कि किस मिनट में कुछ तो आपको परेशानी आने वाली है, और आप जा चुके हैं; ह्रदय का रुकना, मोटर गाड़ी की दुर्घटना, बस कुछ भी हो जाए और आप मर जाते है। और तब आपकी अनन्त मंजिल ठीक आपके आगे रखी हुई रहती है। इस पर सोचो, मित्रो।

69 "अब, जब तुम उस उजाड़ने वाली घृणित वस्तु को पवित्र स्थान में खड़ी हुई देखो।" अब, फिर, यीशु के चले जाने के बाद टाइटस के आने के दिनों में, पवित्र आत्मा वो व्यक्ति था जो अपनी कमर में लिखने की दवात बान्धे हुए था। और वह यरूशलेम में से होकर चला गया और लोगो के ऊपर एक छाप को लगाया। और अब मैं चाहता हूं कि आप किसी चीज पर ध्यान दे, जो कलीसिया के सदस्य है। और आप पवित्र आत्मा होने का दावा करते हैं? उसने कहा, "उनमें से किसी को भी मोहर मत करना, लेकिन उन्हें करना जो नगर में किए गए घृणत कामो के लिए रोते और विलाप करते हैं।" अब, कहाँ पर कोई भी ऐसा है जिसे संसार और हालत के विषय में अब इतना बोझ है?

70 अच्छी बात है, "मैं मेथोडिस्ट हूँ, मैं बैपटिस्ट हूँ, प्रेस्बिटेरियन, तो इससे क्या फर्क पड़ता है? " वे कहते हैं।

71 ओह, खोए हुए के प्रति अटल बोझ नहीं, ना ही वो मधुरता। कभी भी कोई भी चीज को ऊपर आकर और आपके प्राण में कड़वाहट ना डालने दो। चाहे कोई कितना भी आपसे बुरा व्यवहार क्यों न करे या कुछ भी करे, कभी भी नहीं आने दे! वो बात आपके प्राण में लंगर करके आपको दोषी ना

बनाने दो। यह पवित्र आत्मा को शोकित करके आपसे दूर हो जायेगा। ऐसा निश्चित रूप से होगा।

72 मुझे याद है कि दो या तीन वर्ष पहले यहां कुछ बोला गया था जो गलत था। यह वे वकील थे जिन्होंने मुझे फोन किया, और मैं गया और... मेरी पत्नी वहाँ बैठी हुई है। मैं... अपना सिर, भेज... मुझे लगा जैसे ये आ रहे है, और मैं—मैं वापस बाहर निकल गया। और उन्होंने—उन्होंने फोन पर मुझे बुलाया और कहा, "उनसे कहना आज दोपहर को नीचे आ जाये।"

मेडा ने कहा, "यह वकील का फोन है।"

मैं दरवाजे के बाहर खिसक गया, मैंने कहा, "उसे बताओ मैं यहाँ पर हूं भी नहीं।"

मेडा ने कहा, "बिल!"

और मैंने कहा, "उसे बताओ मैं अभी इस वक्त यहाँ नहीं हूँ।" और मैं बाहर चला गया।

73 तब मैं वहाँ से बाहर निकला और मैंने बहुत ही बुरा महसूस किया, और वापस आ गया। और उसने वकील से ऐसा कह दिया; मैंने देखा कि मेडा को इससे दुःख पहुंचा।

74 मैं प्रार्थना करने के लिए बाहर गया... यहाँ एक व्यक्ति आया था, उसका छोटा बीमार बालक था। और जैसे ही मैं उस बालक पर प्रार्थना करने के लिए अपने हाथ को रखने लगा, किसी ने मुझसे कहा, "तुम एक ढोंगी हो।" देखा? "तुम जानते हो कि तुमने क्या किया है।"

75 और मैंने कहा, "श्रीमान, मैं आपके बच्चे के लिए प्रार्थना करने के योग्य नहीं हूँ। देखो, पवित्र आत्मा मुझ में शोकित हुआ है और मुझे कोई जरूरत नहीं कि मेरे हाथ को बालक पर रखूं। आप बस इंतजार करे जब तक मैं जाकर किसी चीज को सही ना कर लूं।"

76 मैं नीचे चला गया और बताया... मेरे वकील को बताया, मैंने कहा, "मैंने—मैंने गलत किया है।"

उसने कहा, "मुझे लगा कि आप चले गए हैं।"

मैंने कहा, "नहीं।" मैंने कहा, "मैं ही कारण था मेरी पत्नी से कुछ तो कहलवाने के लिए... जो कि गलत था।" मैंने कहा, "मैं—मैं क्षमा चाहता

हूं, मेरा—मेरा ऐसा, मेरा—मेरा ऐसा करने का कोई मतलब नहीं था।" मैंने कहा, "क्या आप मुझे इसके लिए क्षमा करेंगे? "

और पत्नी से इसके लिए मैंने क्षमा माँगा।

77 फिर मैं ग्रीन मिल में वापस गया, यह जुलाई में हुआ था। ओह, यह जंगल में बहुत ही शांति थी, और मैं दोपहर को गुफा में रहा था, प्रार्थना कर रहा था। और मैं गया और वहां पर चट्टान पर खड़ा हो गया और मैं उस ओर दूर घाटियों को देख सकता था, और बहुत ही सुंदर, और पत्तीयाँ और हर एक चीज को, बस शांत थी; साथ ही लगभग पाँच बजे थे, छह, दोपहर में, गर्मियों का समय था। कुछ भी नहीं, बहुत ही शांत था, गर्म दिन। और मैंने कहा, "स्वर्गीय पिता, मूसा को, आपने उसे एक बार चट्टान पर खड़ा किया और आप वहां से होकर गुजरे।" मैंने कहा, "यदि आपने मुझे उस बुराई के लिए क्षमा कर दिया जो मैंने की है, तो क्या आप बस यहाँ से होकर फिर से गुजर सकते हैं और जिससे कि मैं आपको देख सकूं? " और बस मेरे बायीं ओर पहाड़ी की तरफ वहां एक छोटा सा बवंडर था जो बहुत ही हलके से पत्तो पर उठने लगा, ये साथ ही सीधे मेरे पास ही *इस* तरह से उतर आया और वहां सीधे जंगल में से होकर गुजर गया। मैं बस एक बच्चे की तरह रोया।

78 मैं वापस नीचे चला गया, मैंने कहा, "मैं जानता हूं कि अब मेरे पाप क्षमा कर दिए गए हैं।" देखा?

79 देखो, कड़वाहट की सारी जड़ो को हमेशा अपने आप से बाहर करे। समझे? कोई फर्क नहीं पड़ता कोई भी आप के साथ क्या करता है, आओ… बस परमेश्वर को वहां होने दे जो आपसे सारी बुराई को दूर करेगा।

80 अब, ये मसीही लोग जिनके पास मसीह की चेतावनी थी, अब देखना, एक बात का नमूना है जिसके बारे में आज सुबह हम बात कर रहे है, इन मसीही लोगो को जिनके पास वो चेतावनी थी, वे यरूशलेम से बाहर आ गए क्योंकि वे जानते हैं ऐसा घटित होना तय था।

81 अब कलीसिया के सदस्यों को देखें, उस प्रकार के लोग जो कलीसिया जाते है, बस कलीसिया में शामिल होंते है, वे सभी कहते है, "क्योंकि, वहां सेनाएं आ रही हैं, वहां युद्ध होने जा रहा है, अब आओ हम प्रभु के भवन में जाये और प्रार्थना करें।" लेकिन वे बहुत देर कर चुके हैं। जरा भी अच्छा नहीं किया, देखो।

82 लेकिन वे चेतावनी को देख रहे थे, ये चेले, यीशु ने जो कहा था, उसे जानते हुए, और वे बच के निकल गए। (इतिहासकारों का कहना है कि “वे वही एक है जिनको ‘नरभक्षी’ कहा जाता था,” उन्होंने कहा, “वे ‘यीशु’ नामक इस मनुष्य के—के शरीर को खाते हैं जो उन्हें चंगा किया करता था।” देखो, वे प्रभु भोज को ले रहे थे। उन्होंने… वह इतिहासकार नहीं जानता था कि ये क्या था, देखो, क्योंकि वह एक शारीरिक मनुष्य था, वो एक विश्वासी नहीं था और केवल एक इतिहासकार ही था। और वो… ) और वे उस धरती पर आने वाले क्रोध से बच निकले।

83 अब, आप देखना, और फिर सारा यरूशलेम नष्ट कर दिया गया था। अब यह… अब यहाँ यह पूरी तरह से प्रकाशितवाक्य 7 से समानांतर है। अब देखो! टाइटस के समय से जो यरूशलेम को घेराबंदी किये हुए था, दुनिया भर में, वहाँ इतिहास में से होते हुए ऐसा एक भी समय नही रहा कि सारा संसार युद्ध में चला गया हो 1914 तक! अब ध्यान से सुनना! अब यहाँ पर जहां श्रीमान रदरफोर्ड ने गलत पैर को रख दिया, मुझे ठीक यहाँ पर यकीन है। अब देखो:

> *इसके बाद मैं ने* एक और दूत *को खड़ा… पृथ्वी के चारों कोनों पर चार स्वर्गदूत खड़े देखे,* (यह *इस* तरह से पृथ्वी के चारों कोनों पर खड़े थे।) *वे पृथ्वी की चारों हवाओं को थामे हुए थे,* (अब, हर कोई जानता है कि बाइबिल में *हवाये* इसका मतलब क्या है, *हवाओ* का मतलब “युद्ध, लड़ाई,” है, शैतान वो शक्ति है, हवा का राजकुमार, आप देखते हैं।)… और *चारो हवाओं को थामे हुए… ताकि वे पृथ्वी…* या, *समुद्र किसी* पर, *हवा न चले।*
>
> *और… फिर एक और स्वर्गदूत को पूरब से ऊपर की ओर* उतरते *देखा* (जहाँ से यीशु आएगा), *जीवते परमेश्वर की मुहर लिए हुए:* उसके माथे पर, उसके हाथ में: *और उस ने उन चारों स्वर्गदूतों से ऊंचे शब्द से पुकार कर कहा।* जो पृथ्वी को नष्ट करने के लिए जा रहा था, कहा, जो… *जिन्हें* पृथ्वी *और समुद्र की हानि करने का अधिकार दिया गया था*
>
> जब तक *हम अपने परमेश्वर के दासों के* माथे *पर मुहर न लगा दें, तब तक पृथ्वी और समुद्र और… पेड़ों को हानि न पहुंचाना।*

84 अब, परमेश्वर के पास समय नहीं है, उसकी तो अनंतता है। हम समय के द्वारा मापते हैं, केवल एक चीज जिसे हम जानते हैं वह है इंच और वर्ग, और मील, और इत्यादि। परमेश्वर अनंतकालीन है, जिसका कोई आरंभ या अंत नहीं है। देखें, वो—वो अनन्त है।

85 अब, 1914 में सारा संसार जर्मनी की ओर विश्व युद्ध के लिए अग्रसर हो रहा था, यह सही है, सारा संसार एक विश्व युद्ध के लिए। और क्या आपने ध्यान किया? निश्चय ही एक अजीब बात है।

86 मैं चाहता हूँ कि मेरा अच्छा मित्र यहाँ बैठा हुआ है, भाई वुड के पिता, इसे स्पष्ट करेंगे। देखो, वे... वह एक यहोवा विटनेस से परिवर्तित हुए है, आप देखो।

87 और सो फिर यह, उनमें से सब युद्ध के लिए अग्रसर हो रहे थे। आपको अच्छी तरह से यह याद होगा, 1914 में। अब, क्या यह अजीब बात नहीं है (ठीक किताब *विश्व युद्ध की गिरावट*, में, मेरे पास इस किताब के भाग है, भाग दो में, लगभग पन्ना चौवालीस में) वे जो इस दिन के लिए नहीं जानते जिसने इस युद्ध को रोक दिया। कैसर विल्हेम ने कहा कि उन्होंने कभी ऐसी कोई बात को जारी नहीं किया। लेकिन, अचानक से ही, यह रुक गया और कोई भी नहीं जानता, क्यों। वे लड़ाई कर रहे थे, यहाँ... सामने आते है, और... सब आते हैं: “यह पूरी तरह ख़त्म हुआ था, युद्ध खत्म हो चुका था।” और उन्होंने शांति के समझौते पर पहले ही हस्ताक्षर कर दिया था, नहीं जानते हुए कि क्या हुआ।

88 अब, निश्चित रूप से, यह सब सामने लाने के लिए एक या दो दिन लगें होगे। वे नहीं जानते थे; लेकिन आओ इसे रोककर और उच्च स्थानों पर जायेंगे। यह तो परमेश्वर ही था जिसने इसे रोका, उसके वचन को पूरा करने के लिए! वहाँ वो दूत है जिसने इसे रोक दिया है। पूरी दुनिया को तबाह करने के लिए वे दूत एक घात करने वाले हथियार के साथ आगे बढ़े, (क्या? ) ताकि संसार को नष्ट करे और एक और दूत ने कहा, “एक मिनट रुकना! ऐसा मत करो, हमें अपने परमेश्वर के इन दासो को उनके माथे पर पहले मोहर लगाना है।”

89 ऐसा तब पेंटीकोस्ट के आरंभ होने पर हुआ था, वहाँ पहले 1906, 1914 में, वहां पर नीचे। आप में से कितने लोग जानते हैं? क्या कोई पुराने समय का पेंटीकोस्ट यहाँ पर मौजूद है, जिसे वहाँ पर के पहले के

दिन याद है? निश्चय ही। जब वो, उस आरंभ के समय में, जब वो पवित्र आत्मा बस उतरना आरंभ होता है और लोग पवित्र आत्मा को प्राप्त करना आरंभ करते हैं और अन्य जुबानो में बोलते हैं और बीमारों के लिए प्रार्थना करते हैं और इत्यादि, बस ऐसा होने लगता हैं, या बस यहाँ इन दो युगों के बीच में; जैसे ही इसे जारी किया गया था, वो कलीसिया वास्तविक थी। उसके बाद पेंटीकोस्टल, संप्रदाय को लेने लगती है, असेंबली ऑफ गॉड, और चर्च ऑफ गॉड, और इत्यादि, और बस उनके विश्वास मत में चले गए है जैसे वे अब हैं। तो यह... हम युग के अंत में हैं, आप देखो। सारे सतह के नीचे अंत तक चले गए है, हर एक चीज यहाँ सीधे अंत में चली जा रही है।

90 अब, इन पर, चार... आप ध्यान देना, ये नवम्बर ग्यारह तारीख को—को दिन के समय ग्यारह बजे रुक गया; वर्ष के ग्यारहवें महीने में, महीने के ग्यारहवें दिन में, और दिन के ग्यारहवें घंटे में। आपको तब याद है कि यीशु ने उसके बारे में क्या कहा था? "एक व्यक्ति एक समय काम करने के लिए एक दाख की बारी में चला गया, एक को एक दीनार मिला, और वहां अगला एक चला गया," वे ग्यारहवें घडी के लोग थे। क्या यह सही था? वहाँ पर वे है, ग्यारहवें घडी के लोग; इसे वापस रोक लिया गया। अब यह उनके अंदर आने का समय हो रहा है, और वे उन यहूदियों में से इकट्ठा हो रहे हैं, एक राष्ट्र के लिए। वे सभी, सारे संसार भर में बिखरे हुए थे, वहां दूर नीचे ईरान और विभिन्न स्थानों में जहां वे कभी भी यहाँ तक जानते नहीं थे कि यीशु धरती पर था, कभी भी नए नियम या किसी भी चीज के बारे में कुछ भी नहीं जानते थे।

91 और अब आप *लुक* पत्रिका और *लाइफ* और उन पत्रिकाओ में देख सकते हैं, वे उनकी वापस लौटते हुए की तस्वीरो को दिखा रहे हैं। क्या यीशु ने नहीं कहा कि, "जब तुम अंजीर के पेड़ पर इसकी कलियों को ऊपर आते देखो"? यहूदी हमेशा ही अंजीर के पेड़ रहे है। "यह पीढ़ी जाती ना रहेगी जब तक ये सारी चीज़ें पूरी नहीं हो जातीं।" और अब वे पहले से ही वापस आ चूके हैं, पहले से ही एक राष्ट्र है, उनके पास पहले से ही अपने स्वयं के पैसे है और उनका स्वयं का झंडा है, और हर एक चीज, और संयुक्त राष्ट्र में मान्यता प्राप्त हो चूकी है, वे एक राष्ट्र है। वह स्थापित हो चूका है! वह तैयार है! अब, किस बात के लिए तैयार है? एक लाख चवालीस हज़ार को मोहर होने के लिए (अब, हम उस पर बस एक मिनट में जायेगे।)

वे जो इस्राएली है; वे यहूदी, ना ही वो चारदिवारी के रास्ते का जो झुण्ड है, जो हमेशा धोखा देता है और चोरी करता है और बाकी का हर एक काम करता है। मेरा मतलब सच्चे यहूदियो से है, जो साफ है, सच्चे यहूदी जो परमेश्वर की आज्ञाओं को वहां पालन रखते है।

92 अब, वे सच्चे यहूदी फिर से फिलिस्तीन में इकट्ठा हो रहे हैं, और ठीक उसी तरह जैसे नबी ने कहा था; जैसे इश्माएल और इसहाक थे, एक दूसरे के गले को पकडे रहते थे, हमेशा ही लड़ते है, अनुमान लगाते है कि वे अंतिम दिन में वहां रहेंगे, और वे वहाँ बस चुके है। इश्माएल ठीक यहाँ पर है, और यहाँ लगभग एक शहर को कब्ज़ा कर लिया है और वहां पर इसहाक है, और उनमें से दोनों (मुसलमान और यहूदी लोग) एक दूसरे से लड़ते है, उस भूमी में जो किसी मनुष्य की नहीं है।

93 अब यह देखना है कि यह संदेश जो हमारे पास है वह इसके साथ जुड़ा हुआ है या नहीं। उसी घडी जब इस्राएल ने एक राष्ट्र होने के लिए हस्ताक्षर किए गए थे, यह बिल्कुल वही घडी थी, बिल्कुल वही दिन, वही महीना, बाकी की हर एक बात: मैं ग्रीन मील, इंडियाना में था जब वो दूत वहाँ मेरे लिए प्रकट किया और मुझे इस बात के साथ कार्य क्षेत्र में बाहर भेजा; उसके बाद वो मुझे वहां नदी पर मिला था और मुझे बताया कि क्या बात जगह लेगी, फिर मुझे ग्यारह वर्ष के बाद में कार्यादेश दिया उसी घडी जब इस्राएल ने एक राष्ट्र के रूप में हस्ताक्षर किए थे। यह सब एक साथ जुड़ा हुआ है।

94 देखो, प्रभु का दूत अब धरती पर है, देखो, वह प्रभु के आगमन के लिए हर एक चीज को तैयार करने के लिए यहाँ–वहां घूम रहा है। और ये वही दूत है जिन्होंने पाप के लिए सुना जब वे वहां नीचे सदोम में चले गए और उन्होंने देखा... कहा, “हम इन बातों को देखने के लिए यहाँ नीचे आये है कि क्या यह बातें इस तरह से है जो हमने सुना है।”

95 आपको यह याद है? और एक दूत आगे चला गया... (एक दूत उस चुने हुए अब्राहम के साथ रुका रहा।) सदोम *यहाँ* आगे था, और लूत सदोम में था, और दो दूत वहाँ आगे चले गए और उनके लिए प्रचार किया और उन थोड़े, छोटे से झुण्ड को बाहर लेकर आये, सोई हुई कुंवारी। समझे? तो ठीक है। (लेकिन एक दूत अब्राहम के साथ रुका रहा।) इस दूतो ने

*यहां* प्रचार किया, एक आधुनिक बिली ग्राहम और उन्होंने, उन्हें बाहर निकाला।

96 लेकिन जो दूत अब्राहम के साथ खड़ा हुआ था उसकी पीठ तम्बू की ओर थी, और उसने कहा, "अब्राहम, तेरी पत्नी सारा कहाँ है? " कैसे वो जानता था कि वह विवाहित था, वह विवाहित थी? और कैसे उसे पता था, कि उसकी एक पत्नी थी? और वह उसका नाम कैसे जानता होगा, कि उसका नाम सारा था? कहा, "वह तुम्हारे पीछे तम्बू में है।"

97 उसने कहा, "तो ठीक है, मैंने तुमसे एक प्रतिज्ञा की है।" "मैं" आप देख रहे हैं कि वो दूत कौन था। "मैं तुमसे एक प्रतिज्ञा करता हूं। मैं तुम्हें जीवन के समय के अनुसार भेंट करूंगा, सारा के पास यह बालक होगा।"

98 और सारा, जो उसके पीछे तम्बू में थी, भीतर ही भीतर अपने आप में हँसी। और दूत ने अपनी पीठ को पीछे घुमाया, कहा, "सारा क्यों हंसी? " क्या उस चिन्ह को देखा जिसे वो चुनी हुई कलीसिया को देता है?

99 सदोम में जो चिन्ह उन्हें मिला, उसे देखा?

100 ठीक वहां पर पीछे फिर से आपके तीन वर्ग है, हम फिर से सीधे उनकी ओर वापस जाते है।

101 हमारे पास... ये बड़े-बड़े सेवक है जो बाहर वहां उस संसार भर की यात्रा कर रहे हैं। बिली ग्राहम पवित्र आत्मा को पाने के बाद, वह *यहाँ* बाहर इसमें नहीं आ सका ऐसा ही है उसका कार्य क्षेत्र *वहाँ* नीचे है और वह उसकी पहचान को देता है, और परमेश्वर ने उसे वहाँ रोके रखा है। देखा? उस बौद्धिक प्रचार के करते हुए, वो बातें जिसे वो यहाँ पर सुनता है, लेकिन वो सदोम से झटका देने की कोशिश कर रहा है, झटका देने की कोशिश कर रहा है, या उस सोयी हुई कुवांरी को अनुग्रह दे रहा है। समझे?

102 लेकिन *यहाँ* अब्राहम और उसका वर्ग था, और यीशु ने कहा, "जैसा सदोम के दिनों में था, वैसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।"

103 देखो, वे दूत यहाँ धरती पर होंगे, उसी काम को करते हुए। देखो, यही वो कारण है कि बिली, बैपटिस्ट और इत्यादि ऐसे ही के पास जाता है। जाना ही है! देखें, जैक शुलर और वहाँ पर वे सभी महान पुरुष—पुरुष वे जाते है... वे बेदारी करने वाले उन्हें जाना ही है, क्योंकि वे—वे झटका दे रहे हैं। उन्होंने वहां कभी भी चिन्ह-चमत्कार नहीं किया; एक कुछ ही,

जैसे कि लोगों को अंधापन देना। लेकिन सुसमाचार का प्रचार उन्हें अंधा बना देता है, देखो, बाइबल ऐसा कहती है।

104 लेकिन ये व्यक्ति जो यहाँ पर नीचे था, इन चिन्हों को किया, आलौकिक चिन्ह, अब्राहीम और उसके झुंड के लिए, जो कि चुनी हुई कलीसिया है।

105 अब, 1914, संसार एक युद्ध के अंदर चला गया, और तब से लेकर उनके पास कभी भी शांति नहीं रही है; लगातार उतार–चढाव हो रहे है, उतार–चढाव हो रहे है, उतार–चढाव हो रहे है, और वे अभी भी उसी काम को कर रहे हैं। और वे क्या कर रहे थे? "पकड़े हुए है!" हे परमेश्वर, दया करे! उस बड़ी चीज को रोके हुए है, जिसे मैंने दर्शन में देखा था (वो सारी चीज विनाश बन जाती है), परमाणु को रोके हुए है, उन युद्धों को रोके हुए है जिससे कि वे खुद को नष्ट ना कर डाले जब तक वो चीज उन्हें नष्ट करने के लिए नहीं आती हैं; जब तक इस्राएल वापस नहीं आ जाता और खुद को एकत्र नहीं कर लेता है, और उसके बाद संदेश इस्राएल के लिए चला जायेगा और वो मोहर बंद हो जायेगे उस पवित्र आत्मा की मोहर के साथ। देखो, अन्यजातियों को बाहर बुलाए जाने के बाद; वे लोग जो उसके नाम के कारण बाहर बुलाये जायेंगे, जो कि ठीक *यहाँ* पर वो युग है वे बुलाये जाते है। उसके बाद ही इस्राएल केवल उस साढ़े तीन वर्ष के संदेश को ग्रहण करता है।

106 दानिय्येल ने ऐसा कहा कि वे करेंगे, वहां पर, "वहाँ सत्तर... मेरा मतलब—मतलब उनके लिए सात वर्ष की भविष्यवाणी की है, अब भी यहूदियों के उद्धार के लिए बचते है।" उसने कहा, "मसीहा, वो राजकुमार, जो मसीह है, वो आएगा और उस के बीच में सत्तर वर्षो की भविष्यवाणी... मतलब सात वर्षो की भविष्यवाणी है, उसे काटा जाना है।" यीशु ने साढ़े तीन वर्ष तक प्रचार किया और काटा गया था, और रोज के बलिदान को ले लिया गया जो दानिय्येल ने कहा। तो ठीक है।

107 और फिर कुछ समय को उसके बाद अन्यजातियों के लिए दिया गया था और वे इस युग में आ जाते है। उसके बाद अब भी यहूदियों के लिए साढ़े तीन वर्ष बचते है। अब यदि हम प्रकाशितवाक्य 11 की ओर जाये, हम बिल्कुल ठीक अंतिम चीज को उठाएंगे (कलीसिया प्रकाशितवाक्य के 19 वे अध्याय तक दिखाई नहीं देती हैं।), लेकिन इसके अंत में, एलिय्याह और मूसा फिर से वापस लौटते है और यहूदियों के लिए प्रचार करते है। दो

पुरुष उस आत्मा के साथ अभिषेकित, या हो सकता है कि वे अपने आप से, वे कभी नहीं मरे। तो वे उन्हें मार देते है और वे उन्हें सड़क पर छोड़ देते है जिसे *सदोम* कहा जाता है जहां हमारे प्रभु को क्रूस पर चढ़ाया गया था, "यरूशलेम।" और तीन दिनों के बाद, क्योंकि, वो जीवन (जीवन का आत्मा) उनमें आ गया और वे ऊपर चले जाते है, ऊपर उठाए गए। और तब घरती का लगभग एक तिहाई भाग उस समय पर टुकडे–टुकड़े होकर फट गया था। उन्होंने यहूदियों के साथ अद्भुत कार्य और चिन्ह किये।

108 अब यहाँ वो यहूदी है जिनके लिए वे प्रचार करने को आ रहे हैं। संसार को... नहीं हो सकता... वे दूसरे एक नहीं उड़ा सकते या एक दुसरे एक को नहीं मार सकते या विनाश आ जाये, जब तक वे यहूदी उस स्थान पर वापस ना आ जाते; यहाँ पर रखी हुई बाइबिल ऐसा कहती है, उसने चार दूतो को देखा। और देखो कि उन्हें क्या पाना था; उन्हें पवित्र आत्मा को पाना था बिल्कुल वैसे ही जैसे उन्होंने पाया।

109 यदि वो मनुष्य जो लिखने की दवात लिए हुए वो पवित्र आत्मा था, (हम समझते है कि, हर कोई बाइबिल को पढ़ता है।) ठीक है, तो यह वही दूत है जो फिर से पवित्र आत्मा के साथ आता है, "जीवित परमेश्वर की मोहर।" इफिसियों 4:30: "... परमेश्वर का पवित्र आत्मा... मोहर करता है आपके छुटकारे के दिन तक के लिए।"

110 और वे अभी कुछ भी नहीं कर सकते जब तक कि वे यहूदी वापस नहीं लौटते। और अभी कुछ ही हफ्ते पहले ही उन्होंने सम्पूर्ण चीज को एक साथ वर्ग में रखा और संयुक्त राष्ट्र में से बन गये। ये तैयार है! हम अंत में हैं, अब हर एक चीज मोहर हुई है।

111 अब, अब देखना, साबित करने के लिए कि ये वो यहूदी लोग है, अब, मैं इसे लेने जा रहा हूं:

> *कहते हुए, पृथ्वी और समुद्र और* या कोई पेड़ों को *हानि न पहुंचाना,* जब तक *हम अपने परमेश्वर के दासों के* माथे *पर मुहर न लगा दें,*

112 अब, यह साबित करने के लिए कि यह प्रकाशन सही है, इसे देखें, पद 4:

*मैं ने उन की गिनती सुनी... जिन पर मुहर दी गई; और इस्राएल की सन्तानों के सब के गोत्रों में से एक लाख चौवालीस हजार पर मुहर दी गई।*

113 "इस्राएली।" वे कहाँ पर है? वे अभी हाल ही में इकट्ठा हुए है। वे वहाँ तैयार है, वे मोहर के समय के आने के लिए रुके हुए हैं। "यहूदा के गोत्र में से बारह हजार को मोहर कर दिया गया। रूबेन का गोत्र, बारह हजार। गाद का गोत्र, बारह हजार। एसर, बारह हजार। नेप्थालिम, बारह हजार।" और आगे और आगे, शिमोन और ओह, वो... आगे बियामिन तक, बारह गोत्र। और बारह को बारह से गुना करे तो एक लाख चौवालीस हजार होता हैं। देखा? अब यह वे ही एक है...

114 अब यदि आप 14 वें अध्याय में देखते हैं, बस एक क्षण, यहाँ आप देखते हैं:

*फिर मैं ने दृष्टि की, और देखो, वह मेम्ना* सिनय *पहाड़ पर खड़ा है, और उसके साथ एक लाख* चौवालीस *हजार जन हैं, जिन के* माथे *पर उनके पिता का नाम लिखा हुआ है।*

115 "सिनय पर्वत।" वो मेमना रेपचर से वापस आ गया था। और वापस आता है, जैसा कि हमने एक रात को बताया था, जैसा कि यूसुफ ने सभी अन्यजातियों को बाहर कर दिया, जब वह अपने भाइयों के सामने खड़ा हुआ था, कहा "मैं यूसुफ हूँ, तुम्हारा भाई!" और तब वे डर गए थे।

116 आपको याद है वहां कलीसिया के युग में जहाँ हमारे इस बात को लिया था, जब वह वापस लौटेगा? यहां तक कि जिन लोगों ने उनके हाथों को छेदा था, और वे कहेंगे, "तुम्हे उन कीलो के निशान कहां से मिले? "

117 उसने कहा, "मेरे मित्रो के हाथों से।" और उन्होंने विलाप किया। और प्रत्येक परिवार एक दूसरे से अलग हो गया, और रोने लगा और रोने लगा और रोने लगा, क्योंकि उन्होंने इस बुरे काम को किया था। उनका वही मसीहा, वही परमेश्वर। और वह उनसे बिल्कुल ऐसा ही कहेगा जैसा कि उसने उनसे—उनसे कहा... यूसुफ ने इस्राएल से कहा, उसने कहा, "अपने ऊपर क्रोधित मत हो जाओ, क्योंकि परमेश्वर ने ऐसा किया ताकि जीवन को बचाये रखे।"

118 "और परमेश्वर... " बाइबल कहता है कि "परमेश्वर ने यहूदियों की आँखों को अंधा कर दिया जिससे कि अन्यजातियो को एक मौका मिल

सके (जो हम, हम स्वयं है), उसके नाम के खातिर कुछ लोगों को लेता है, अन्यजातियो में से उसकी दुल्हन को लेता है।" ओह, यह सुंदर है! क्या नहीं है? वहां आप हो।

119 वहां पर आपके एक लाख चवालीस–... अब यदि आप देखना चाहते है उसके बाद दुल्हन आती है, यह दिखाने के लिए कि एक लाख चवालीस हजार वो दुल्हन नहीं है, बस अब आगे पढ़ना जारी रखे 8 वे अध्याय से लेकर; या तो, जी हाँ, 8 वां अध्याय; मतलब 8 वा पद, मेरा मतलब 7 वें अध्याय से है। आइए 9 वे—9 वे पद से शुरू करें, क्योंकि 8—8 वा पद बिन्यामिन के उन बारह हजार पर मोहर करने के ऊपर है।

> *इस के बाद—बाद मैंने दृष्टि की, और देखो, एक ऐसी बड़ी भीड़, जिसे कोई गिन नहीं सकता था,* (यहाँ पर दुल्हन आती है।) *हर एक जाति,... और कुल,... लोग और भाषा में से एक, उस सिंहासन के साम्हने और मेम्ने के साम्हने खड़ी है, श्वेत वस्त्र पहिने, और अपने हाथों में खजूर की डालियां लिये हुए;*
>
> *और बडे शब्द से पुकार कर कहती है उध्दार के लिये हमारे परमेश्वर का, जो सिंहासन पर बैठा है, और मेम्ने की जय जयकार हो।*
>
> *... और सारे स्वर्गदूत, उस सिंहासन के* चारों *ओर खड़े हैं, और प्राचीनों और चारों प्राणी... फिर वे सिंहासन के साम्हने मुंह के बल गिर पड़े—गिर पड़े और परमेश्वर को दण्डवत् करके,*
>
> *कहा, आमीन:* आशीष... *महिमा,... ज्ञान,... धन्यवाद, ... आदर,... सामर्थ, हमारे परमेश्वर* की *युगानुयुग होने पाए। आमीन।*
>
> *इस पर प्राचीनों में से एक ने उत्तर देकर* और *मुझ से* कहा, *ये श्वेत वस्त्र पहिने हुए कौन हैं? और वे कहां से* आए *हैं?*
>
> *और मैने उस से कहा, स्वामी, तू ही जानता है। उस ने मुझ से कहा, ये वे हैं, जो उस बड़े क्लेश में से निकल कर* आए *हैं, और इन्होंने अपने अपने वस्त्र मेम्ने के लोहू में धो कर श्वेत किए हैं।*
>
> *इसी कारण* वे *परमेश्वर के सिंहासन के साम्हने हैं, और उसके मन्दिर में दिन रात उस की सेवा करते हैं...*

[टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] देखा?

120 आपकी पत्नी क्या करती है? वह घर में आपकी सेवा करती है। आप बैठ जाते है, वो आपके लिए भोजन तैयार करती है, वह आपके कपडो को तैयार रखती है। देखो, वह दिन और रात घर में आपकी सेवा करती है। समझे? और ये जो एक है, उन सारे राष्ट्रों से, अन्यजाति, जो कि दुल्हन है, परमेश्वर के सिंहासन के सामने, उसके साथ दिन और रात होती है। सबको याद होगा जो हमने कल रात को बताया, और इस पर बात की?

*... और जो सिंहासन पर बैठा है, वह उन के ऊपर अपना तम्बू तानेगा।*

*वे फिर और भूखे ना होगे और ना ही और* वे *प्यासे होंगे: ओर न उन पर धूप—धूप उन पर पड़ेगी,* या *न कोई तपन पड़ेगी।*

*क्योंकि मेम्ना जो सिंहासन के बीच में है, उन को भोजन देगा, और उन्हें जीवन रूपी* जल *के सोतों के पास ले जाया करेगा: और परमेश्वर उन की आंखों से... सब आंसू पोंछ डालेगा।*

121 अब, वहां पर आपके एक लाख चौवालीस हज़ार है (इस्राएल) यही है जो प्रभु के आगमन के लिए रुके हुए है और तब तक नहीं जा सकते है जब तक कि अन्यजाति से समाप्त नहीं हो जाते, पूरा होना है।

122 अब, मैं बस कुछ तो व्यक्तिगत कह सकता हूं, मैं आशा करता हूं, भरोसा करता हूं कि आप इसे समझेंगे। जब स्टॉकहोम, स्वीडन, के लेवी पेथ्रस जो जनरल अध्यक्ष है, फिलेदेल्फियन कलीसियाओ के प्रधान है, उन्होंने लाखो बाईबिल को वहां पर इन यहूदियों के लिए भेजा, छोटे करार की पुस्तक। मैंने उनमें से एक को वहां से लिया, जो उनकी छोटी सी यादगार के रूप में है। यहूदी हमेशा पीछे से आगे की ओर पढ़ते है, और इसलिए आप जानते होंगे उनकी—उनकी कैसी भाषा है। और वे इन किताबो को पढ़ते है, और उन्होंने कहा, "ठीक है, यदि यह यीशु ही वो मसीहा है, और वह मर चूका है और उसकी आत्मा, आत्मा के रूप में वापस आ गई है, तो आओ हम उसे भविष्यव्यक्ता के चिन्ह को करते हुये देखे, उसके बाद हम उस पर विश्वास करेंगे।"

123 क्या ही सिद्ध रूपरचना है! मैंने सोचा, "प्रभु, अब यहाँ पर वो समय है। अभी वो समय है, यहाँ है यह।" इसलिए मैं एक हवाई जहाज पर निकला, बिली, और मैं, लॉयस, और हमने उड़ान भरी।

124 मैं भारत की ओर जा रहा था, और मैंने कहा, "अब, मेरे मार्ग की वापसी पर, मैं सीधे यहाँ पर आ जाऊंगा और मैं यहूदी लोगो के लिए सन्देश को लाऊंगा, उन्हें वहाँ पर जाकर और कहूंगा, 'क्या ये सच है?'"

125 यहूदी हमेशा ही उनके भविष्यद्वक्ताओं पर करते है। क्योंकि परमेश्वर ने उन्हें बताया कि मसीहा एक नबी होगा, और वे उनके भविष्यद्वक्ताओं पर विश्वास करते है, और परमेश्वर ने कहा था, "यदि वहाँ पर तुम्हारे बीच ऐसा एक मनुष्य है जो एक भविष्यव्यक्ता, एक नबी है, और यदि वह... मैं उसके साथ दर्शनो और इत्यादि से व्यवहार करूंगा। और—और यदि जो कुछ वो कहता है वो पूरा होता हैं, तो तुम उसकी सुनना, क्योंकि मैं उसके साथ हूँ।" देखा? "लेकिन यदि यह पूरा नहीं होता है, तब उस नबी के साथ कुछ लेना-देना नहीं रखना, क्योंकि मैं—मैं—मैं उसके साथ नहीं हूं। लेकिन जो वो कहता है यदि यह पूरा होता है तुम उसकी सुनना, क्योंकि मैं उसके साथ हूँ।" और यहूदियों को यह पता है।

126 और मैंने सोचा, "ओह, प्रभु! क्या यह अद्भुत नहीं होगा! मुझे तो बस लगभग उनमें से चार या पाँच हजार मिल जायेंगे और वहाँ पर खड़े होंगे और उन्हें—उन्हें अब बस बाइबल पढने दो और कहने दो, 'यदि यह मसीहा है, तो आओ उसे भविष्यव्यक्ता के चिन्ह को करते देखे।'" मैं कहता हूँ, "यह क्या ही तैयारी होगी!" मेरे हाथ में मेरा टिकट था, अरेबियन हवाई जहाज की कतार पर समय की पुकार से लगभग तीस मिनट पहले खड़ा हुआ था। सो मैं काहिरा, मिस्र में बाहर खड़ा हुआ था, और मैंने सोचा, "परमेश्वर की स्तुति हो! अगले दो और घंटों में यहूदियों को वही चीज मिलेगी जो उन्हें पेंटीकोस्ट में मिला था, बस किसी भी बात जैसा निश्चित है।" मैंने सोचा, "यदि मैं वहाँ खड़ा रहकर और उन्हें बता सके, 'तुम जाकर अपने बीच में से वहां मनुष्यों का झुंड को लो, और उन्हें यहाँ लाओ, देखो कि क्या वो अब भी मसीहा है।' देखो, और उसके बाद मैं कहूंगा, 'अब, यह वही भूमी है जहाँ तुम्हारे पूर्व पिताओ ने इस मसीहा को अस्वीकार किया था, तुम उसे ग्रहण करो। अपने हाथों को ऊपर उठाओ और वह... तुम ठीक अभी पवित्र आत्मा को पाओगे।' और फिर वे अपने संसार के भाग में संसार को

सुसमाचार प्रचार करेंगे वे एक बार... जब वे इसे ग्रहण करेंगे। नेतृत्व करने वालो को अपने साथ ले, ना ही... बस मुख्य तंत्रिका केंद्र पर ध्यान केन्द्रित करो, वे नेतृत्व करने वाले, उन्हें इसे आरंभ करने दे।"

127 और किसी ने तभी मुझ से कहा, "अभी मत जाओ, क्योंकि वो घडी अभी तक नहीं आई है।" उह–हुम्म। अन्यजातियो ने अभी तक पूरा नहीं किया है, देखा, दिन समाप्त नहीं हुए है।

"ओह," मैंने सोचा, "यह तो बस मैं ही था।"

128 इसलिए मैंने फिर से बढ़ना आरंभ किया, और यह इतना गंभीर होता गया यहाँ तक मैं बस इसे सहन नहीं कर पाया। और मैं विमानशाला के पीछे चला गया और मैंने अपने सिर को झुकाया, मैंने कहा, "पिता, यह क्या आप मुझसे बात कर रहे है?"

129 उसने कहा, "अभी इस्राएल मत जाओ, अभी घडी नहीं आई है।" मैं तब अंदर गया, अपना टिकट बदला, फिर से मार्ग को बदला, दूसरी ओर चला गया। देखो, क्योंकि घडी अभी तक नहीं आई है।

130 लेकिन इन दिनों में से एक दिन संदेश इस्राएल की ओर चला जाएगा, और जो कुछ भी उनके लिए खुलेगा... परमेश्वर उनके लिए मूसा और एलियाह को भेजेगा, प्रकाशितवाक्य 11 में, और वे चिन्ह और अद्भुत कार्य करेंगे और यहोवा के चिन्ह; जबकि अन्यजाति पूरे हो जाते है, अनुग्रह... अनुग्रह के दिन अन्यजाति कलीसिया को छोड़ देंगे, पेंटीकोस्टल युग निकल जायेगा। संप्रदाय का काम जारी रहेगा क्योंकि वे यहाँ सोई हुई कुंवारी के साथ ऊपर आते है (हम बस इसमें कुछ समय में जायेंगे।), लेकिन वे उस वर्ग में ऊपर आयेंगे।

131 लेकिन फिर जब वे करते हैं, जब वे ऐसा करते हैं, यहूदी लोग पवित्र आत्मा के बपतिस्मा को ग्रहण करते है और वहाँ पर एक बेदारी होगी वहां जब वे आकाश को बंद कर देंगे, उस दिन के समान, "बारिश मत पड़ना!" वे सभी प्रकार के चिन्ह और चमत्कार करेंगे। और अंत में रोमन धर्मसत्ता... यहूदियों के पास संसार की दौलत है, और—और सो रोमन कैथोलिक कलीसिया, यहूदियों के साथ उसके समझौते को तोड़ देगा इस बात के पूरा होने के बाद और फिर वहां... (वो बातचीत जो उनके बीच हुई थी उन्होंने हस्ताक्षर किए थे), वो वहां नीचे जायेगा, और उसके बाद जब परमेश्वर खड़ा होगा जैसे वो उन—उन पहले के दिनों में वहाँ खड़ा था, और इस्राएल

के लिए लड़ता था। वे अंत में इन दो भविष्यद्वक्ताओं को मार डालेंगे, और वे सड़क पर पड़े होंगे, और उन पर थूका जायेगा।

132 जैसे उन्होंने यहां इस पेंटीकोस्टल के सेवक और उसकी पत्नी और बच्चों के साथ कुछ सप्ताह पहले वहाँ पर नीचे किया था, और बच्चो का छोटा सा पेट *इतना* बड़ा फूल गया था, जहां से वे चलकर जा रहे थे और उन पर थूक रहे थे, उन्हें गर्म धूप में वहाँ तीन या चार दिनों के लिए ऐसे ही पड़े रहने दिया उन्हें दफनाये बिना।

133 वे भी इसी काम को करेंगे! बाइबिल ने ऐसा कहा! वे ठीक वहां पर उसी काम को करेंगे। और जब वे ऐसा करते हैं, तो तीन दिनों के बाद, वे वहां मृत पड़े हुए रहते है, जीवन की आत्मा उन दो नबियों में आ जाएगी और वे उठ खड़े होंगे और महिमा में उठा लिए जायेंगे। और, लगभग उस समय पर, तब आतिशबाजी शुरू हो जाती है। यही वो अंत समय है। यही है जब वो खत्म हो जाता है।

134 लेकिन ऐसा होने से पहले, अन्यजाति, दुल्हन चुनी जाती है... आप में से कुछ लोग किसी एक सुबह ककुर्सी पर बैठे होंगे, एक को ले लिया जाएगा, दूसरे एक को छोड़ दिया जाएगा। आप अंततः आश्चर्य करेंगे, "मामला क्या है?" ठीक साथ–साथ एक कार सवारी कर रहे होंगे, किसी से तो बात कर रहे होंगे, पत्नी या पति सीट पर बैठे हुए है; वे उत्तर नहीं देंगे, वे वहां पर नहीं होंगे। आप दौड़कर कब्रिस्तान की ओर जायेंगे, जहाँ पर कुछ कब्रे खुली हुई होगी, दूसरी कब्रे अभी भी बंद पड़ी होगी, "क्योंकि जब तक ये हजार वर्ष पूरे न हुए तब तक शेष मरे हुए न जी उठे।" बस याद रखे, ये तब पूरा हुआ है!

135 यह एक गुप्त आगमन होगा, किसी को पता नहीं चलेगा कि यह कब होने वाला है। हमें तैयार रहने और देखते रहने की आज्ञा मिली है। हम नहीं जानते कि कौन सी घडी। लेकिन, जो कुछ भी यह है, हम इनमें से किसी से भी *यहां* आगे नहीं बढ़ेंगे; क्योंकि जैसे ही यीशु प्रकट होता है, सारे देखने वाले ऊपर आ जाते है। मरे हुए हो या जीवित हो, कोई फर्क नहीं पड़ता!

136 हम—हम उससे पहले नहीं मिलते है हम पहले एक दूसरे से मिलते हैं। बाइबिल ने कहा, इफिसियों, 5 अध्याय, इसमें कहा, "क्योंकि हम जो जीवित हैं, और जो प्रभु के आने तक बचे रहेंगे, तो यहाँ, सोए हुओं से कभी

आगे न बढ़ेंगे।" वे एक जो बहुमूल्य है जिन्होंने उनके लहू को मोहर किया है... उनकी गवाही को उनके लहू से मोहर किया है। "तो यहाँ, सोए हुओं से कभी आगे न बढ़ेंगे, क्योंकि तुरही जाएगी।" कुछ तो बात जगह लेगी, "वो सुसमाचार *कुछ तो* आवाज़ को देगा," जो उसके आगमन की घोषणा है। "और जो मसीह में मरे हैं, वे पहिले जी उठेंगे। तब हम जो जीवित और बचे रहेंगे, बदल जायेंगे।" खड़े होकर, और एक बदलाव को आते हुए महसूस करेंगे: सफ़ेद बाल निकल जाते हैं, झुर्रियाँ दूर हो जाती हैं, एक पलक झपकते ही क्षण में बदल जाते हैं। और हम पहले अपने प्रियजनों से मिलेंगे: "वहाँ मम्मी, पापा होंगे, वहां मेरे मित्र होंगे। ओह, हाल्लेलुय्याह, हम तैयार हैं! और फिर, उनके साथ मिलकर जो मरे हुए थे," वचन कहता है, "हम प्रभु से मिलने के लिए हवा में उठाये जाएंगे।" यह आगमन का क्रम है।

137 ओह, मेरे उस बूढ़े पिता को देखने के लिए! ओह, प्रभु! उन्हें पहले के प्रियजनो को देखना जो कि उस विश्वास में उस ओर चले गए, उनसे मिलने के लिए। परमेश्वर की मधुरता को देखें, जानते हुए क्या हम उससे पहले मिलेंगे हम सोचते हैं, "क्या माँ उसमें है? क्या—क्या माँ ने आखिरकार इसे कर दिखाया? हमने बहुत मेहनत से प्रचार किया है, हमने—हमने प्रयास किया है। क्या माँ यहाँ पर है? क्या अंकल जोई यहाँ पर है? क्या—क्या भाई यहाँ पर है? क्या *फलां-और-फलां* है?" देखा? "प्रभु, हम आपसे प्रेम करते हैं, हम आपसे प्रेम करते हैं, लेकिन..." पहले हम एक दूसरे से मिलने जा रहे हैं! ओह—ओह—ओह! इसके बारे में कोई आश्चर्य नहीं, हम सब वहाँ पर हैं।

138 कोई आश्चर्य नहीं कि वे खड़े हुए थे और कहा, "आमीन, महिमा, और ज्ञान, और आदर, और सामर्थ, और शक्ति हो।"

139 चौबीस प्रचिनो ने अपने मुकुट उतार दिए और इस तरह से जमीन पर गिर पड़े, उनमें से सभी ने जमीन पर दंडवंत करके और उसकी आराधना की।

140 इन दिनों में से एक दिन हम धरती से परे उस ओर खड़े होंगे, धरती का चक्र, बाहर उस ओर कहीं तो अंतरिक्ष में; और हम अब भी स्वर्ग में नहीं होंगे, हम उससे मिलने के लिए हवा में उठाये जायेंगे।

141 जब रिबका ने तुरंत ही निर्णय किया, यह निर्णय लेते हुए कि वह एलीएज़र के साथ जाएगी ऊंट पर बैठकर याकूब से मिलने जाएगी... मेरा

मतलब इसहाक से मिलने जो उसका होने वाला पति था, उसने उसे कभी नहीं देखा था, यह जानते हुए कि परमेश्वर उसका मार्गदर्शन कर रहा था। याकूब का पुत्र, या... इसहाक उसके मार्ग में शाम की ठंडक के समय मैदान में था। याद रखे, ये शाम के समय में था। और रिबिका ऊँट पर सवार थी। एलीएज़र ने कहा, "वहां अब वह आता है।" और रिबिका ने ऊँट से छलांग लगायी, उसके चेहरे पर से पर्दा उठा लिया। उसने उसे कभी नहीं देखा था। नहीं पता था... कि वह उसका पति था, लेकिन उसने उसे कभी नहीं देखा था। वो उससे विश्वास के द्वारा मिलने जा रही थी। (मैं नहीं जानता कि वह कैसा दिखता है, लेकिन, ओह, जब मैं उसे देखूंगा!) वहां से जब उसने उसे देखा, तो यह पहली नजर में प्रेम था। और इसहाक ने उसे कभी नहीं देखा था, इसलिए उसने उसे देखा, तो यह पहली नजर में प्रेम था। और यहाँ वे एक दूसरे से मिलने के लिए मैदानों में आए। और वो उसे यहाँ पर उसके अपने पिता के राज्य में आया और उससे विवाह कर लिया।

142 इसी तरह से कलीसिया हवा में उठा ली जाएगी, हवा के बीच में और प्रभु से वहां पर उसे मार्ग पर मिलेंगे। ओह, क्या ही यह एक प्रेम संबंध होगा, प्रेम पहली नजर में! और जब हम इस धरती के चक्र पर खड़े होकर और उन छुटकारे के गीतो को गाते हैं, ओह, प्रभु! हम किस तरह से गाएंगे और उसकी स्तुति करेंगे हमारे उस... छुटकारे का अनुग्रह जो वह हमें देता है। जब वे दूत धरती के उन—उन किनारो को, गोलकार घेरे हुए उनके झुके हुए सिर होंगे, ये दूत नहीं जानते हुए कि हम किस बारे में बात कर रहे हैं। वे दूत कभी भी खोये हुए नहीं थे, वे नहीं जानते कि बचाया जाना इसका क्या मतलब होता है। हम वो थे जो खो गए थे, हम वही थे। हम तब जान जायेंगे कि क्या ही भयानक चीज हमारे आगे रखी हुई थी, और उसने हमें उसके लहू से छुड़ाया है, हर एक जाति, भाषा और राष्ट्र में से। वो क्या ही एक आनन्द मनाने का दिन होगा!

143 मुझे वह गीत पसंद है, कहता है:

> वहां हवा में एक सभा होने जा रही है,
> मधुरता में, मधुरता में, थोड़ी देर में;
> मैं तुम्हे मिलूँगा और वहाँ पर तुम्हें अभिवादन करूंगा

उस घर में जो आकाश के उस ओर है;
ऐसा गीत गाना जो कभी सुना गया, जो कभी नश्वर कानों के द्वारा सुना गया,
यह महिमामय होगा, मैं घोषणा करता हूं!
जब परमेश्वर का अपना पुत्र, वह एक जो आगे–आगे होगा
उस सभा में जो हवा में होगी। (ओह!)

तुमने छोटे मूसा के बारे में सुना है जो सरकंडो में था,
तुमने निर्भय दाऊद और उसके गोफन के बारे में सुना है;
तुमने युसूफ स्वप्न देखने वाले की बतायी हुई कहानी को सुना है,
और दानिय्येल और सिंह पर हम अक्सर गाते हैं।
ओह, लेकिन बाइबल में बहुत से, बहुत से अन्य हैं,
और मैं उन सभी से मिलने के लिए लंबे समय से लालसा रखता हूं, मैं घोषणा करता हूं! (सही बात है!)
और जब हम उनसे मिलेंगे तो क्या ही आनंद होगा
हवा में उस मुलाकात पर। (उस दिन की प्रतीक्षा में!)

144 वहां आपके एक लाख चौवालीस हज़ार आते हैं, वे सुसमाचार को ग्रहण करेंगे हम... ये उसी समय ग्रहण नहीं कर सकते है जब उजियाला अन्यजातियों पर होता है। यहूदी इसे इंकार करते हैं और इसे छिपाते हैं। अब, जब उजियाला... अन्यजाति ऊपर उठा लिए जाते है, तब आत्मा उन दो पर आता है ताकि उनके लिए गवाही को दे, उसके बाद यहूदी इसे ग्रहण करते है, जो एक लाख चवालीस हज़ार इस्राएल की खोयी हुई जाति है जो सुसमाचार को ग्रहण करेंगे; और दुल्हन उठा ली जाएगी।

145 अब, वहां "दस कुंवारीयां" हैं। आइये मत्ती 21 पर जायेंगे, तुरंत। देखो, हमारे पास अभी भी थोडा समय है। ओह, मुझे बाइबल से प्रेम है।

जब मैं अपने छुट्टियों को स्वर्ग में लूंगा,
तो क्या ही यह शानदार यात्रा होगी;

स्वर्गीय झुण्ड के द्वारा संगीत समारोह को गाया जाएगा,
और मेरे द्वार के... मेरे उद्धारकर्ता के चेहरे को मैं देखूंगा;
नदी के किनारे नीचे बैठते हुए,
सदाबहार पेड़ की छाया के नीचे;
मैं अपने छुट्टियों को स्वर्ग में बिताना चाहता हूं,
क्या आप मेरे साथ आकर अपनी छुट्टियां नहीं करेंगे?

146 अब, संत वो—वो संत मत्ती की—की किताब में, मैं सोचता हूं 25 वा अध्याय, मैं सोचता हूं। मैंने कहा 21, क्या मैंने नहीं कहा? मैंने इसे यहां 21 में चिह्नित किया था, लेकिन यह गलत है। यह 25 है। मुझे आज सुबह जल्दी करना था, मैं... थका हुआ था, और देर हो गयी थी और—और मैं—मैं जल्दी कर रहा था। मैंने कुछ वचनों को लिख लिया, और मैंने 21 लिख दिया, जबकि यह—यह 25 है।

*तब स्वर्ग का राज्य उन दस कुंवारियों के* समान *होगा, जो अपनी मशालें लेकर दूल्हे से भेंट करने को निकलीं।*

147 अब:

*और उन में पांच मूर्ख थी और पांच समझदार थीं।*

और *उन मूर्खों ने अपनी मशालें तो लीं, परन्तु अपने साथ तेल नहीं लिया।*

*परन्तु समझदारों ने अपनी मशालों के साथ अपनी कुप्पियों में तेल भी भर लिया।*

*जब दुल्हे के आने में देर हुई,* (ऐसा कलीसिया युगों में से होते हुए आया है), *तो वे... सब ऊंघने लगीं, और सो गईं।*

148 वहां से होते हुए नीचे तक, दोनों ही सारे मर गए, ऊंघने लगीं, और सो गयी देखो, जब वे उसमें से होते हुए नीचे गये। अब, वे नष्ट नहीं हुए, लेकिन वे तो बस "ऊंघने लगे, और सो गए।" वे रुके हुए हैं, देखा। उन्होंने यह नहीं कहा था कि वे मर गए है, लेकिन वे "ऊंघ रहे है, और सो रहे है।"

*आधी रात को धूम मची, कि देखो, दूल्हा आ रहा है, उस से भेंट करने के लिये चलो।*

और *तब वे सब कुंवारियां उठकर अपनी मशालें ठीक करने लगीं।*

*और मूर्खों ने समझदारों से कहा, अपने तेल में से कुछ हमें भी दो, क्योंकि हमारी मशालें बुझी जाती हैं।*

*परन्तु समझदारों ने उत्तर दिया कहा, कि; कदाचित हमारे और तुम्हारे लिये पूरा न होगा; भला तो यह है, कि तुम बेचने वालों के पास जाकर अपने लिये मोल ले लो।* (मुझे क्षमा करे।)

*जब वे मोल लेने को जा रही थीं, तो दूल्हा आ पहुंचा; और जो तैयार थीं, वे उसके साथ ब्याह के घर में चलीं गईं: और द्वार बन्द किया गया।*

इसके बाद *वे दूसरी कुंवारियां भी आकर कहने लगीं, हे स्वामी, हे स्वामी, हमारे लिये द्वार खोल दे।* (अब, देखो, वे अविश्वासी नहीं थे, वे अच्छे लोग थे।)... *हमारे लिए खोल।*

लेकिन उत्तर दिया... *उसने उत्तर दिया, कि मैं तुम से सच कहता हूं, मैं तुम्हें नहीं जानता।*

*इसलिये जागते रहो, क्योंकि* तुम *न उस दिन को जानते हो, न उस घड़ी को, मनुष्य का पुत्र* कब *आयेगा।*

149 अब पाँच "बुद्धिमान" कुंवारीयां। अब बाइबल में *तेल* "पवित्र आत्मा" का प्रतीक है। हम सभी यह जानते हैं। इसीलिए हम बीमारों का तेल से अभिषेक करते हैं, और तेल पवित्र आत्मा का प्रतीक है। इस प्रकार, बुद्धिमानों के पास उनके दिए में तेल था, जो पवित्र आत्मा था, इसलिए वे विवाह के भोज में जाने के लिए तैयार थी। और हम यहेजकेल 9 या इत्यादि में—में—में वापस जा सकते हैं, और निकाल कर और दिखा सकते हैं, लेकिन मेरे पास लगभग पंद्रह और वचन यहाँ पर लिखे हुए है। तेल दर्शा–... मैं सोचता हूं कि हमने इसे पहले से इस सप्ताह में हमारे वर्ग की कक्षा में लिया था, कि *तेल* "पवित्र आत्मा" का प्रतीक है। हम यह सभी जानते हैं।

150 अब देखिए, वे... दोनों ही "कुंवारीयां" थीं। अब मैं इसे ले लूंगा। यहाँ पर, आईये हम ठीक यहाँ पर दोनो को लेते है। *यह* एक कुंवारी है और *यह* एक कुंवारी है, *यह* एक मूर्ख कुंवारी है और *यह* एक बुद्धिमान कुंवारी है, लेकिन दोनों की कुंवारीयां है।

151 अब यदि आप उस *कुंवारी* नाम को लेंगे और इसकी व्याख्या करेंगे, तो इसका मतलब—इसका होता है, "पवित्र, साफ़, पवित्रीकरण।" वो

शब्द पवित्रीकरण ये शब्द "संत," से आता है जिसका मतलब होता है, "साफ़।" जैसे कि इब्रानी... अब, यह एक युनानी शब्द है, *पवित्रीकरण* का अर्थ होता है "साफ़।" अब, इब्रानी शब्द इसे "पवित्र" बनाता है। समझे? और हमारा शब्द "साफ" है। अब, उन तीन शब्दों को लेते है, जब कि प्रत्येक शब्द का एक ही अर्थ है, लेकिन यह भिन्न–भिन्न बात को बताते है, जैसे कि वे—वे शब्द है "साफ़, पवित्र, पवित्रीकरण," सारे तीन एक ही शब्द है।

152 जैसे हम शब्द पर बोलने वाले थे जैसे कि डॉग या *कुत्ता*। मैं कहता हूँ, "डॉग," जो कि अंग्रेजी शब्द है। यदि मैं जर्मन, फ्रेंड, में *कुत्ता* कहूं, तो यह "हंड" होता है। क्या यह सही है? भाई नॉर्मन, यदि मैं स्पैनिश में *कुत्ता* कहता हूं, तो यह "ऐजो," होता है। *ऐजो, हंड,* और *डॉग* है ये सभी हमारे लिए *कुत्ते* ही है, देखो। देखें, यह—यह बस ऐसे ही है, एक व्यक्त करना है।

153 तो, *साफ़* शब्द युनानी में "पवित्रीकरण" होता है, इब्रानी शब्द "पवित्र," होता है। पवित्र, साफ़, और पवित्रीकरण, यह सब एक ही शब्द है। तो यह एक अपवित्र, गन्दी कलीसिया नहीं थी; यह एक पवित्र की हुई, साफ़ कलीसिया थी, "दूल्हे से मिलने के लिए दस *कुंवारीयां* बाहर निकलीं।" इसका क्या मतलब है? ये सारी *कलीसियाये*। ना... अब, ना ही *यहाँ* नीचे रोम में; लेकिन यहाँ नीचे संप्रदायों के अंदर, निकुलियन। बैपटिस्ट मसीह के दूसरे आगमन पर प्रचार करते हैं; मेथोडिस्ट मसीह के दूसरे आगमन का प्रचार करते हैं; प्रेस्बिटेरियन मसीह के दूसरे आगमन का प्रचार करते हैं; नाज़रीन मसीह के दूसरे आगमन का प्रचार करते हैं; पिग्रिम होलीनेस मसीह के दूसरे आगमन का प्रचार करते है। क्या यह सही है? "वे सभी दुल्हे से मिलने के लिए निकले।" अब आपको—आपको याद होगा कि वे हर एक जन उस—उस दुल्हे से मिलने के लिए अपने मार्ग पर थे। अब, यदि परमेश्वर केवल इस बात का आदर करता, तब तो वो उन्हें ले भी जायेगा।

154 लेकिन आपको वही बात याद होगी, एक रात को द्रष्टान्त को किस तरह लिया था, जब परमेश्वर ने हमसे कलीसिया युग में बताया था और कहा था कि "बालाम, बालाम की शिक्षा।" अब, यहाँ बालाम खड़ा था, जो कि एक अच्छा, बड़ा संगठित राष्ट्र था। और वे परमेश्वर में विश्वास रखते थे,

क्योंकि देखो बालाक ने क्या किया था जब वह नीचे आया... मेरा मतलब बालाम। उसने उसी परमेश्वर के लिए उसी भेंट को चढ़ाया जो इस्राएल के पास थी, इस्राएल का परमेश्वर, यहोवा। और उसने सात वेदियाँ बनाईं। सात परमेश्वर की पूर्ण संख्या है।

155 "छः दिन उसने परिश्रम किया, और सातवे दिन उसने विश्राम किया," यही सम्पूर्ण है, देखो, सात। छह दिन उसने संसार में परिश्रम किया। पहले दो हजार वर्ष, उसने पानी के द्वारा नष्ट किया था; दूसरे दो हजार वर्ष, मसीह आया; और यह अब तीसरा दो हजार वर्ष है। हर दो हजार के अंत में, कुछ तो होता है, संसार वापस फिर से हिल उठता है। छह हजार वर्षों में, उसने संसार का निर्माण किया; छह हजार वर्ष कलीसिया ने संसार के विरोध में परिश्रम किया; और सातवा हज़ार वर्ष ये वो हज़ार वर्ष है जो सहशताब्दी का राज्य है। अब इसे समझ गए?

156 अब, कलीसिया के पास सात कलीसिया के युग भी हैं। परमेश्वर... और यह कलीसिया के युग की पूरी संख्या है, ऐसा ही है, जो सात है। *सात* परमेश्वर की पूर्ण संख्या है। सात कलीसिया के युग, सृष्टि करने के सात हजार वर्ष, हर एक चीज सात में संबंधित है।

157 अब, वहाँ कुंवारीयां थी जो उससे मिलने के लिए बाहर निकली। और "मुर्ख" कुंवारीयां, अब, उनके दीये में तेल नहीं हैं, लेकिन उनके पास बाकी का सब कुछ था: वे साफ़ थी, उन्होंने मसीह में विश्वास किया; उन्होंने वचन को प्रचार किया जो वे विश्वास करते थे, उनके संप्रदाय उन्हें जो प्रचार करने देते, उन्होंने वही प्रचार किया, दूसरा आगमन, बलिदान, प्रायश्चिता। वे विश्वास करते हैं। आप एक समय कभी तो एक अच्छे बैपटिस्ट विद्वान के साथ जुड़ते है, (हूंह) आपके लिए बेहतर होगा कि जान ले कि आप किस बारे में बात कर रहे है, उह-हूंह, पक्का कर ले।

158 लेकिन, आप देखते हैं, "इतना नजदीक," मत्ती 24 में कहा, मत्ती 24:24; इसके तुरंत बाद पढ़ें और आप देखेगे। यीशु ने कहा है कि इस अंतिम दिनों में दो आत्माये इतनी एक साथ नजदीक होंगी इतना तक कि यह संभव हो तो चुने हुए को भी भरमा दे। यह इतना नजदीक होगा यह उन्हें पेंटीकोस्टल में परिवर्तन कर देगा जैसे ऐसा काम भी नहीं करेगा। निश्चय ही! अब मत्ती 24:24, क्या किसी ने निकाला है? मुझे यह वहाँ नहीं मिला।

क्या आपको यह मिला, बहन, या आपमें से किसी और को? मत्ती 24. मिल गया, बेन? तो ठीक है, इसे पढ़ें।

[एक बहन पढ़ती है: *क्योंकि झूठे* मसीही, *झूठे—झूठे मसीह उठ खड़े होंगे,*—सम्पा।] *झूठे मसीह*! [*और झूठे भविष्यद्वक्ता,*] *झूठे भविष्यद्वक्ता!* [*और बड़े चिन्ह और अद्भुत काम दिखाएंगे; कि यदि हो सके तो वे चुने हुओं को भी भरमा दें।*]

159 आप वहाँ हो। अब, कौन उठ खड़े होंगे? वहाँ झूठे मसीह उठेंगे, झूठे लोग यह कहते हुए, "मैं मसीह का हूँ।" झूठे नबियों ने कहा, "मैं *यह* हूँ और मैं *वह* हूँ।" और यदि संभव हो तो वे बिल्कुल चुने हुए को भी भरमा देंगे। और केवल एक ही तरीका है जो आप हमेशा बचाए जा सकते हैं, वो ये है जब आप दुनिया की नींव डालने से पहले चुने गए थे; यह है, चुना गया, पूर्व ज्ञान के द्वारा, आपके नाम वहां पहले किताब डाले गए थे। "महान चिन्ह!"

160 अब इन दो कलीसियाओ को देखना। ओह, यदि मैं कर सकता था... यदि ऐसा कोई जरिया था जिससे कि मैं बस लोगों को इसे दिखा सकता था। बस मेरे प्राण में उत्तेजना होती है! यह... *ये* कलीसियाये बिल्कुल उतनी ही साफ़ और पवित्र है जैसे कि *यह* एक है; यदि वे सभी कुंवारीयां है, तो वे सभी भी कुंवारीयां है, बस *उतनी* ही साफ। फर्क सिर्फ इतना ही था—था दीये में का वो तेल, पवित्र आत्मा। और वो पवित्र आत्मा, यदि यह वहाँ इसमें है, ये उसी तरह की आग को उत्पन्न करेगा जो इसने पेंटीकोस्ट पर उत्पन्न की थी। लेकिन उनके पास आग नहीं थी, दीये में कोई तेल नहीं था। उनके पास रीती–रिवाजी कलीसिया है, कलीसिया बस उतनी ही रीती–रिवाजी है जितनी—जितनी यह हो सकती हैं, अच्छे समारोह को करना (इसके विरोध में कुछ भी नहीं), वे संप्रदाय आपके विवेक को हिला देते है, और गीत ऐसे होते है जैसे दूत गा रहे हो। और वे... आप... अपनी उंगली को अपने... उनके जीवन पर रखे, आप ऐसा नहीं कर सकते। लेकिन फिर भी यह गलत है! यह ऐसा नहीं... यह—यह तो इसका भाग है, लेकिन इसका *पूरा* नहीं है। ये उस प्रकार के है जो रेपचर से चूक जाते है। देखा? वे बस...

161 अब देखना। यहाँ पर मोआब आता है। मैं इसे ठीक यहाँ पर लूँगा जिससे कि आप इसे देख सके। यहां पर मोआब है, एक बड़ा संगठन, मैं इसे यहाँ

संगठन "*के लिए*" रखुंगा; यहाँ इस्राएल है, "बिना" कोई संगठन के। यहां मोआब है, यहाँ पर एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात वेदियां रखता है; इस्राएल के पास एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात वेदियां थीं। तो ठीक है। यहाँ पर मोआब ने एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात बैल लगाये; इस्राएल के, एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात बैल है। तो ठीक है। मोआब ने कहा, "एक समय आएगा जब एक मनुष्य (मसीह) धरती पर आएगा, सो वह परमेश्वर का मेमना होगा जो संसार के पाप को दूर करता है, हम सात डाल देंगे" (क्या? ) "इस वेदी पर मेमनो को"; इस्राएल ने कहा, "ऐसा बिल्कुल ठीक है, वेदी पर सात मेमने।" समझे?

162 अब, एकदम शुरुआत में, कैन ने एक वेदी लगाई, एक बलिदान को किया, आराधना की, वो सब कुछ किया जो हाबिल ने किया, बिना... (ओह, इसे ग्रहण करें!)... बिना परमेश्वर के प्रकाशन के, जब कि, सारी कलीसिया उस प्रकाशन पर बनी है! यीशु ने कहा, "इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया को बांधूंगा।" यीशु मसीह के सर्वोच्च दैविकता की आत्मिक रूप से प्रकट हुई सच्चाई, "इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा।"

163 अब, यदि परमेश्वर केवल आपके रीती–रिवाजो का, आपके धार्मिक रिवाज का आदर करता, जैसा कि मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट, पेंटीकोस्टल, और इत्यादि, यदि वो केवल आपसे ऐसा करने की अपेक्षा करता, दूसरे आगमन का प्रचार करना और ये सारी अन्य बातें (यह बिल्कुल वचन के अनुसार है), जैसे बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, और इत्यादि करते है, तो परमेश्वर बाध्य है कि दोनों को उठाये क्योंकि यही तो सब वो मांग करता है। लेकिन, आप देखे, प्रकाशन के बिना, *वहाँ* पर सोई हुई कुंवारी है; *यहाँ* बुद्धिमान कुंवारी है। वे एक संगठन थे, एक बड़ा राष्ट्र।

164 हमने एक रात को पढ़ा, जहाँ यह कहा गया था, "ये लोग एक संगठन नहीं होंगे, वे देश में यहाँ–वहां भटकते फिरेंगे, तम्बुओ में वास करेंगे, बेचारे, नम्र।" लेकिन कहा, "तुम उन्हें श्राप देने की कोशिश नहीं करना, क्योंकि मैं उनके साथ हूं।" अब देखो! ये लोग उन्ही धार्मिक रिवाजो पर विश्वास करते है जिसमें उन्होंने विश्वास किया, और उसी परमेश्वर की आराधना की। समझे? लेकिन उनके पास पीछे–पीछे आते हुए वे चिन्ह और अद्भुत काम नहीं थे! इस्राएल का एक पीतल का सर्प, एक प्रहार की गयी चट्टान, उस राजा का आनंद, दैविक चंगाई, वे भविष्यव्यक्ता, ठीक *यहाँ* पर सब

कुछ था। और उनके पास नहीं था, उनके पास बिना—बिना आशीष के, उस तेल के, रीतो–रिवाज थे।

165 वही बात सोई हुई कुंवारी और बुद्धिमान कुंवारी के साथ है, वे दोनों पवित्र किये हुए लोग थे। लेकिन *इस* के पास तेल था। और *इस* एक के पास तेल नहीं था, इसलिए उन्होंने कहा, “हम उतने ही अच्छे है जैसे कि तुम हो।” यही... वहाँ हम में से कोई भी अच्छा नहीं है, जहाँ तक कि इसका सवाल आता है। “क्योंकि, तुम पवित्र–शोर शराबा करने वाला एक झुण्ड हो!” तो, यह ठीक है, उह–हुंह, यह अच्छी बात है। हममें से कोई अच्छा नहीं है, हम सब ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित है। लेकिन केवल एक ही तरीके से आप इसे कभी जान पायेंगे, ना ही कलीसिया से जुड़ने के द्वारा, ना ही अच्छा जीवन जीने की कोशिश करने के द्वारा, लेकिन जिस समय मसीह को ग्रहण कर रहे होते है। यह ऐसा नहीं है जो मैं जीता हूं; यह तो ऐसा है जो वो था। यह नहीं है कि मैं क्या हूँ; यह तो ऐसा है जो वो है। वो मैं बन गया जिससे कि मैं, उसके अनुग्रह में से होते हुए वो बन सकूँ, परमेश्वर का पुत्र। आपने इसे समझा?

166 अब, एक सोई हुई कुंवारी, और एक बुद्धिमान कुंवारी उसके दीये में तेल के साथ। अब, अचानक ही, वहाँ एक आवाज़ आयी, “देखो, दूल्हा आता है तुम उस से भेंट करने के लिये चलो!” और वे सब जाग गए। लेकिन जब वे सब जाग उठे, तो *ये* जो एक है वे जा पाए क्योंकि उनके दीये में तेल था। यही वो अंतर था।

167 *यह* उस में नहीं जा सकते थे, जहां पर दीये में तेल नहीं था; वे प्रार्थना करने के लिए वापस चले गए ताकि पवित्र आत्मा को पाये। लेकिन उस समय पर वे जा चूके थे, यह सब खत्म हो गया था। संप्रदाय कहते हैं, “ठीक है, हो सकता है कि हम गलत थे। हो सकता है कि अच्छा होगा कि वापस जाकर पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के लिए मांगे।” यही है जो वे अब करने की कोशिश कर रहे हैं। क्या आपने इसे ध्यान दिया? प्रेस्बिटेरियन... आपके टेप को एक मिनट के लिए रोक दे, मैं इस नाम को नहीं लेना चाहता। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... ? ... दूल्हा आता हैं। और, तो, फिर उसका आगमन कितना नजदीक है, जब वे अब जाकर खरीदने की कोशिश कर रहे है! तो ठीक है, अपने टेप को चालू करें, जीन। अब, आपने इसे समझ लिया हैं? “उस समय पर वे खरीदने के लिए चले गए,” वे अब खरीदने की

कोशिश कर रहे है, सारी कलीसियाये बेदारी के होने की कोशिश कर रही है, बेदारी; ये वापस जाने की कोशिश कर रहे है।

168 अब, यहां तक कि डॉ बिली ग्राहम के लिए *विश्वास का अग्रदूत,* पत्रिका में लिखा, आपने इसे देखा है, जो शिकागो से है, और कहा कि "हम पेंटेकोस्टल की गतिविधि का तिरस्कार नहीं कर सकते है।" समझे? "हम नहीं कर सकते है... उन्हें आदर देते हैं, क्योंकि सारी दूसरी कलीसियाओ को एक साथ एक तरफ रखे तो उसकी तुलना में उन्होंने एक वर्ष के समय में अधिक परिवर्तन किये थे।"

169 बिलकूल ऐसा ही है जो जलती हुई आग थी, इसे हिला रहे है, चुन रहे थे, जाल को फेंक रहे थे और खींच रहे थे। और जब आप एक जाल को फेंकते हैं... यीशु ने कहा, "परमेश्वर का राज्य उस एक मनुष्य की तरह है जिसने जाकर और एक जाल को समुद्र में फेंका, और जब उसने खींचा, तो उसके पास कछुए, सांप, मेंढक, सर्प, उसमें सब कुछ थे, लेकिन उसके पास कुछ मछलीयां भी थी।" यही है वो जो पेंटीकोस्टल का संदेश कर रहा है, यह धरती भर में फ़ैला रहा है; इसे इसमें फेंक रहा है और खींच रहा है, हम कछुए, केकड़े, बिच्छु, मेढक, जल का सैलामैण्डर, समुंद्री जानवर, मिल रहे है, और बाकी की सारी चीजे उसमें होती हैं। लेकिन यह क्या है, वहाँ उसमें कुछ मछलीयां भी होती है। यही वो एक होते है जो मालिक के होते है।

170 तो ठीक है, आप में से कुछ जो नियम–विधि से विश्वास करने वाले भाई जो इस टेप पर है इसे जला देना चाहेंगे: वे कब मछली बने? क्या जब जाल उन पर डाला गया? वे तो आरंभ से ही मछली थे! ये सही बात है। दुनिया की नींव डालने से लेकर चुने गए! वे जो बस कभी भी मालिक के उपयोग में नहीं आये।

171 तो वहां पर आपके वो मेंढक है। आप एक पुराने मेंढक को ले और उसे किनारे पर फेंक दे, बस "वोप, वोप" करके सीधे वापस पानी में चला जायेगा।

172 और वहां पुराना केकड़ा बैठा रहता है, कहता हैं, "अहा, यह पवित्र शोर शराबा करने वालो का एक झुण्ड है।" वहाँ वह वापस चला जाता है, "आ—आ—आ—आ—आ। ओह, नहीं!" सीधा कीचड़ में वापस, जितना वो तेजी से सकता है। यह सही है।

173 वो पुराना सर्प कुछ फुफकार के साथ ही कहता है, "मेरा मानना है कि अद्भुत कार्य के दिन बीत गए हैं, डॉक्टर *फलां–और–फलां* और *फलां–और–फलां* ने मुझे बताया।" कहा, "आ—आ—आ—आ—आ—आ—आ, तुम मुझे मुर्ख नहीं बना सकते!" वह वहाँ से चला जाता है, सीधे फिर से वहाँ पर, आप देखते हैं।

174 वो सर्प है, आरंभ से ही! वो मेंढक है, आरंभ से ही! पौलुस ने बाइबिल में कहा, वे जाति, उसने कहा, "वे हममें से बाहर निकल गए, क्योंकि वे आरंभ से हमारे साथ नहीं थे।" समझे? उह! तो ठीक है, मूर्ख कुंवारी।

175 अपने दीये में तेल के साथ बुद्धिमान कुंवारी, वो तैयार हो गयी थी।

176 अब, "जिस समय पर वह कुछ तेल लेने को चले गये," वे ठीक अभी यही करने की कोशिश कर रहे हैं। ये बडी–बड़ी सुसमाचारक कलीसियाये, इन बड़े–बड़े चीजों को खोजने की कोशिश कर रहे हैं, आप जानते होंगे, और... बाइबल की ओर वापस जाये, वापस, "हमें पेंटीकोस्टल आशीष की आवश्यकता है।" क्यों, आप कल्पना कर सकते हैं कि किस प्रकार की एक सभा उनके पास होने जा रही हैं, देखो। वे वहाँ पर उसमें नहीं जायेंगे और सारे उस अपने ऊपर के लगे हुए प्रसाधन को खराब नहीं करेंगी, और उनमें के सारे। ओह, नहीं। वे उन महिला संघ और समाज को नहीं छोड़ेंगे और उस तरह की चीजो को। एक हाथ वे एसाव की तरह दुनिया को पकड़े हुए है, दूसरे एक हाथ से परमेश्वर को पकड़ने की कोशिश करते है। आप ऐसा नहीं कर सकते। आप एक भेंगे मसीही नहीं हो सकते हैं, आप जानते है, परमेश्वर की ओर भी देखना है और दुनिया को भी। आपको अपने ध्यान को कलवरी में केंद्रित करना है, ठीक उसके साथ वहां बने रहना है।

177 अब, लेकिन वे वहाँ जाते हैं, और वे वापस जाने की कोशिश कर रहे हैं। और याद रखें कि हम कितने नजदीक हैं! उसी समय जब वे खरीदने को गए, यही वो समय है जब दूल्हा आ जाता हैं।

178 ओह, भाई स्ट्राइकर, हम वहाँ नजदीक ही हैं! हम घर के बहुत ही नजदीक हैं। ओह, इन सुबह में से एक सुबह:

प्रभु की तुरही फूंकी जाएगी, और समय और नहीं
रहेगा,
और सुबह अनन्ता में खुलती है, उज्वल और सुंदर;
जब धरती पर उसके बचाये गए आकाश के उस ओर
उनके घर में इकट्ठा होंगे,
(वो क्या ही वो एक समय होगा!)

179 जी हाँ, सोई हुई कुंवारी। क्या... अब यह सोई हुई कुंवारी, आप जानना चाहते हैं कि उसका क्या होगा। क्या ये ऐसा है? एक बात को मैं समझाना चाहता हूं। इन कलीसियाओ का क्या होगा? इन लोगों का क्या होगा जो मसीह के साथ रास्ते के भाग तक आये, और नहीं आये, या पूरी तरह से मसीह के साथ नहीं गए?

180 अब रोमियों में, मैं सोचता हूँ, 2:22, बाइबिल ने कहा, पौलुस ने कहा, "यदि परमेश्वर का आत्मा आप में नहीं है, तो आप, परमेश्वर के जन नहीं।" आप संगठन के हैं लेकिन परमेश्वर के नहीं। यदि परमेश्वर की आत्मा आप में नहीं है, तो आप परमेश्वर के नहीं हैं। देखो। आपको परमेश्वर का होने के लिए आपके पास परमेश्वर का आत्मा होना है। निश्चय ही!

181 तो ठीक है, श्रीमान, "बड़ा महासंकट।" अब, अब यदि आप... उन्हें उसमें से होकर जाना होगा... अब, आप याद रखे, उसने कहा... अब मुझे बाकी के बारे में बताने दे, "वे बाहर अन्धियारे में डाल दिए जाएंगे, वहां रोना, विलाप करना, और दांतों का पीसना होगा।" तो ठीक है, यह बड़ा महासंकट है। क्या ये नहीं है? बड़ा महासंकट! अब, इस महासंकट के बाद, वे लोग...

182 अब, मैं इसे यहाँ फिर से लेता हूँ, यह शेष बचे हुए लोग है। अब देखो! *यहाँ* पर वस्त्र का एक टुकड़ा है। तो ठीक है, वो स्त्री *इस* तरह से रूप रेखा बनाती है। अब वह खुद के लिए कुछ तो तैयार करने जा रही है, आप जानते होंगे, किसी प्रकार की पोशाक को। अब, यही वो—वो सब वस्त्र उसके पास होते है। अब, उसमें की हर एक चीज उसी तरह के वस्तु की है। यह सही है?

183 वे दोनों ही कुंवारीयां थीं। देखा? तो ठीक है। उनका मसीह में विश्वास था, भक्ति का भेष तो धरते है, कलीसिया तो जाते है, अच्छी बातें करते है, दान को देते है, उनके कामो के विरोध में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

“मैं तेरे कामो को जानता हूँ,” उसने हर एक युग में कहा। “मैं तेरे कामों को जानता हूं, लेकिन फिर भी तुझ में कमी है।” देखा?

184 अब, जब स्त्री... वह उसके मन में तैयारी कर लेती है जिस तरह से उसके पास यहाँ एक उसके वस्त्र का नमूना होना चाहिए, और वह अपने मन में तैयारी कर लेती है वो जिस तरह से वह काट कर आकार को देने जा रही है, इसे किसमें से काटा जाना है। क्या यह सही है? खैर, उसे उसे लेती है वह जो सोचती है कि उस नमूने का—का पर्याप्त और सबसे अच्छा भाग है। क्या यह सही है? क्योंकि यह सारा उसी वस्तु से बना है, लेकिन इसे *ऐसे* रखती है, हो सकता है या *इस* तरह से, वह इसे नीचे रखती है। उसके बाद वह उसकी कैंची को लेती है और वह इसे काट कर निकाल देती है। अब, जो बच जाता है उसे “अवशेष” कहा जाता है। ठीक है। अब, यह नमूना क्या है? इसे कैसे जाना जाता था? उस एक में से... उस जगह से जिसे स्त्री ने इसे काटने के लिए चुना था।

185 परमेश्वर, दुनिया की नींव डालने से पहले, जो पूर्व ज्ञान के द्वारा शुरू से अंत तक जानता था, उसने *चुना* जहां से उसे काटना है। वो एसाव और याकूब के बीच अंतर को जानता था। वह पापी और संत के बीच अंतर को जानता था। वो अंतर को जानता था। वह हर एक ह्रदय के उद्देश्य को जानता है, इसलिए उसने हमें दुनिया की नीव डालने से पहले चुना है और हमारे नाम को मेमने के जीवन की किताब में डाला है; और उस मेमने को भी जिसे घात किया जाना है (और हमारे नामो को डाला गया इससे *पहले* उसे घात किया जाये), और बाइबिल ने कहा कि मसीह वो मेमना था जो दुनिया की नींव डालने से पहले घात हुआ। और हमारे नाम इसमें डाले गए थे जब उसे—जब उसे वहां पहले मेमना होने के लिए चुना गया जिससे कि उसे घात किया जाये, हम वो एक है जिसे चुना गया जिसके लिये उसे घात किया गया था। इसे समझे?

186 अब, यह सभी कुंवारी है। अब, *यहाँ* थोडे से अवशेष है, निकालकर फेकने के लिए नहीं। ओह, नहीं। वह इसे रख देती है, लेकिन इसे पीछे रख देती है, वह इसे किसी और चीज़ के लिए इस्तेमाल कर सकती है। समझे? लेकिन यह *वहाँ* इसका उपयोग नहीं होने वाला है, यह वो कलीसिया है जिसे काट कर निकाला गया है। अब, उन्हें न्याय के लिए खड़ा रहना होगा

(क्योंकि वे महासंकट में से होते हुए जाते है), यह वे बचे हुए शेष है। अब आपने इसे समझा?

187 *यहां* कलीसिया घर जाती है, यह घर चली जाती है। *यहाँ* पर वो शेष है जो बचे हुए है। और *यहां* पर सिनय पर्वत पर एक लाख चवालीस हज़ार यहूदी हैं। यह तीन अलग–अलग दुल्हन नहीं है। हुह! ये दुल्हन है; शेष बची हुई; और ये एक लाख और चवालीस हजार है। बिल्कुल ठीक। वह कुछ भी नहीं खा रही थी सिवाय वहां पवित्र आत्मा के भोजन के, मुझे लगता है, तो वो पूरी तरह ठीक थी, यूहन्ना के साथ कुछ भी गलत नहीं था। समझे? और वहाँ—वहां पर वे हैं।

188 अब, समय के अंत में, कितने लोग जानते है कि बाइबल कहती है कि “संत लोग धरती का न्याय करेंगे”? पौलुस ने ऐसा कहा। अब आइए दानिय्येल की किताब की—की ओर जायेंगे और सफ़ेद सिंहासन को लेंगे। हम इसे प्रकाशितवाक्य से ले सकते हैं लेकिन मैं इसे दानिय्येल में से लेना चाहूँगा, यह एक ही बात है। दानिय्येल 7, और हम यहाँ उस—उस बड़े सफ़ेद सिंहासन के न्याय को यहाँ समझेंगे। आइए दानिय्येल के 7 वें अध्याय के 8 वें पद से आरंभ करते हैं:

> और *मैं उन सींगों को ध्यान से देख रहा था तो क्या देखा कि उनके बीच एक और छोटा सा सींग निकला, और उसके बल से उन पहिले सींगों में से तीन उखाड़े गए;* (अब, हम जानते हैं कि हम अब वहां रोम में है। देखा? ) *फिर मैं ने देखा कि इस सींग में आंखें थी... एक मनुष्य की,* (अब, याद रखे, इस सींग ने मुकुट को नहीं पाया, यह एक धोखेबाज चीज थी। दूसरे सींग पशुओ में बदल गये। यह एक धूर्त था, यह एक मनुष्य था, पागान के बजाये पोप, आप देखना।) *और बड़ा बोल बोलने वाला मुंह भी है।*

189 अब देखना, 9वा पद:

> *मैं ने देखते–देखते अन्त में क्या देखा, कि सिंहासन रखे गए,* (यही वे सारे वहां पर अन्यजाति राज्य है। यह नबी के बोल है। अब याद रखना, उन चीजों में से हर एक चीज जो उसने कहा यहाँ आगे इस अंतिम बात पर घटित हुई, हम इसे हमारे इतिहास के द्वारा जानते है जिसे हम ले रहे है।)... जिसका... था—था *और कोई अति प्राचीन विराजमान हुआ, उसका वस्त्र* हिम *सा*

*उजला,* (आप जानते है कि उस रात को दर्शन में वो कौन था? यीशु।) *और सिर के बाल... निर्मल ऊन सरीखे थे;* और *उसका सिंहासन अग्निमय और उसके पहिये धधकती हुई आग के से देख पड़ते थे।*

और *उस प्राचीन के सम्मुख से आग की धारा निकल कर बह रही थी;* हजारों गुना *हजारों उसकी सेवा टहल कर रहे थे,* (वहाँ उसके साथ कलीसिया वापस आ रही है, देखो।) *और* दस हजारों *गुना* दस हजारों *उसके सामने खड़े थे:* (यही वो दुल्हन है जो ऊपर आ रही है, और बाकी का संसार।) और *फिर न्यायी बैठ गए, और पुस्तकें खोली गईं।*

... *फिर न्यायी बैठ गए, और पुस्तकें खोली गईं।*

*उस समय उस सींग का बड़ा बोल सुन कर मैं देखता रहा;* और दे*खते देखते अन्त में देखा कि वह जन्तु घात किया गया, और उसका शरीर धधकती हुई आग में भस्म किया गया।*

और *रहे हुए जो मरे हुए थे, वे जिनके अधिकार ले लिया गया...* (मेरा मतलब)... *और रहे हुए जन्तुओं का* (मेरा मतलब), उनसे *अधिकार ले लिया गया: परन्तु उनका प्राण कुछ समय के लिये बचाया गया।*

190 अब, न्यायी बैठ गए, और पुस्तकें खोली गईं थी। यही है जब दुल्हन वापस आती है और न्याय करने के लिए बैठती है, और चुनी हुई कलीसिया... कलीसिया जो ऊपर उठा ली गयी है वो उन साढ़े तीन वर्षो के बाद आयेगी, और समय के बाद... और वहां प्रकाशितवाक्य में ये बताता है, कहा कि—कि वो—वो "और जब तक ये हजार वर्ष पूरे न हुए तक तक शेष मरे हुए न जी उठे।" आप, कितने लोग इसे समझ रहे है? बहुत, बहुत सी बार। "हजार वर्ष पूरे न हुए मरे हुए न जी उठे।" यीशु दुल्हन के साथ वापस आता है, दुल्हन के साथ।

191 अब याद रखें, जैसा कि मैंने कहा है, हर एक बात *तीन* में है। उसका आगमन तीन में है: पहली बार, वो उसकी दुल्हन को छुड़ाने के लिए आया; दूसरी बार, वह उसकी दुल्हन को ले जाने के लिए आता है। एक प्रेम संबंध की तरह, वहां पर आता है और रात के समय में उसे उठा कर ले जाता है, उसे संसार से उठा ले जाता है, "उससे हवा में मिलती हैं।" प्रभु का गुप्त

आगमन, देखो। दूसरी बार वह आता हैं, उसकी दुल्हन को लेने के लिए। पहली बार, उसे छुड़ाने के लिए; दूसरी बार, उसे लेने के लिए; और तीसरी बार, उसके साथ आता है, राजा और रानी!

192 और यहाँ वो वापस आता है राष्ट्रों पर न्याय करने के लिए। पौलुस ने कहा, "क्या तुम में से किसी को यह हियाव है, कि जब दूसरे के साथ झगड़ा हो, तो निर्णय के लिये न्यायालय में जाए? क्या तुम छोटे से छोटे झगड़ों का भी निर्णय करने के योग्य नहीं, क्या तुम नहीं जानते, कि पवित्र लोग जगत का न्याय करेंगे?" यहाँ पर वो न्याय है जिसे मसीह और उसकी फसली को दिया गया था; वे उस बक्से में वकील है, और वहाँ पर वो सिंहासन पर बैठता है। यहां पर वो दुल्हन है, वकील।

193 और यहाँ ये आता है। किताबे खोली गईं थी, और एक अन्य किताब है जो कि जीवन की किताब है।

194 अब, पहली किताब पापी की किताब थी, जिसे निकाला गया था। तो ठीक है। वो आरंभ से ही दोषी था। वहां—वहां पर वो बकरीयां है। उसके पास यहां तक कि मौका भी नहीं था, देखते हैं, वह आरंभ से ही एक पापी है। तो ठीक है, अब, उसे बाहर निकाल दिया गया है।

195 और भेड़ों के लिए, उन्होंने न्याय को सुनाया। उनका न्याय किया जाना था, और संतों को उनका न्याय करना था। परमेश्वर अन्यायी नहीं है। यदि वहां उस ओर देश में एक मूर्तिपूजक है, और हम अमेरिका में आठ, दस, मिलियन डॉलर के सोने के पवित्र स्थल बनवा रहे हैं, उनके पास वहां पर संदेश ले जाने की बजाय तो इसके लिए परमेश्वर हमें जिम्मेदार ठहराएंगे, लेकिन उन्हें छोड़ देंगा। निश्चय ही! परमेश्वर अन्यायी नहीं है।

196 आप—आप जो यहाँ हैं, यदि आपने इससे पहले कभी नहीं देखा है, तो आपको—आपको जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन अब आप जिम्मेदार हैं! आप समझे? आप सभी जिम्मेदार हैं... और हम संदेश को लेने के लिए जिम्मेदार हैं, आप जिम्मेदार हैं चाहे आप इसे सुनते हैं या नहीं।

197 अब, वे मूर्तिपूजक उठ खड़े होंगे, वे लोग जो वहां बाहर है, जो वहाँ एक मंदिर की उपासना कर रहे है। वे बेहतर नहीं जानते। वे इसके बारे में कुछ नहीं जानते हैं। परमेश्वर अन्यायी नहीं है, वह उन्हें दोषी नहीं ठहरायेगा

जब तक उनके पास मौका नहीं होता है। और वे उनके लिए एक स्थान को निर्धारित करेंगे।

198 और उसी तरह से कलीसिया में, जो हर एक युग वहां से होते हुए इस कलीसिया युग तक, इफिसुस से—से होते हुए *यहाँ* नीचे तक, वो संदेश, मसीह का सच्चा संदेश जैसे यह आरंभ में था (पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, वो सामर्थ, पुनरुथान, अन्य भाषा में बोलना, अन्य भाषा का अनुवाद, चंगाई के दान, प्रभु यीशु के नाम का बपतिस्मा, वो सारी चींजे जो उसने सिखायी), प्रत्येक जन जो कि दुल्हन में है वो एक वकील की नाई खड़े होंगे।

199 यहाँ पर किसी का मामला सामने आता है: "तुम्हारी एक सभा थी जो *फलां–और फलां* स्थान पर थी, क्या तुमने उसे बताया? "

200 अब वो वकील: "जी हाँ, मैंने उसे बताया था।" यह वहां किताब में है, आप इसे अस्वीकार नहीं कर सकते, यहां तक कि हमारे विचार भी उस में हैं। देखा? आप इसे अस्वीकार नहीं कर सकते है। "हाँ, मैंने उसे बताया था कि उसे बपतिस्मा लेना अवश्य है।"

"जेफ़रसनविले में, वहाँ पर वो आराधनालय है, वहाँ पर? "

"जी हाँ, श्रीमान, मैंने—मैंने... आपको... "

201 "जी हाँ, यह यहाँ किताब में है, आपने उन्हें बताया था कि उन्हें इसे *अवश्य* ही करना हैं। उन्होंने यहाँ तक वचनों में ढूंढा भी था और उन्हें मालूम पड़ा कि यह सही था, लेकिन इसे नहीं किया।"

202 "मुझसे दूर हो जाओ, तुम अधर्म के काम करने वालो, मैं तुम्हे जानता भी नहीं।" देखा?

203 यही है जहां पर वो बकरियों को भेड़ से अलग करता है, आप देखते हैं, कुछ को दाई ओर निकालता है और कुछ को बाईं ओर। वहाँ पर आपके तीन वर्गों को फिर से वापस लाता है।

204 लेकिन, *यह* वर्ग कभी भी *उस* वर्ग के साथ नहीं होगा, वो है दुल्हन। और, आप ध्यान दें, दुल्हन उसके साथ मंदिर में है। अन्य परिश्रम और उनकी महिमा को राज्य के अंदर लाते है, लेकिन दुल्हन दूल्हे के साथ निरंतर रहती है। दूसरों को कभी भी निर्धारित नहीं किया जायेगा; जैसे कि

*ये* यहाँ नीचे है, वे सेवा करेंगे, उनको बाहर नहीं किया जायेगा, क्योंकि उसने उन्हें अलग किया है जैसे भेड़ से बकरियों को। लेकिन वह...

205 लेकिन बकरी को इसकी कोई समझ नहीं थी, उसने इसके बारे में कोई परवाह नहीं की। वह एक बकरी थी, और एक बकरी के नाई संतुष्ट थी, और इसलिए वह बस एक बकरी के नाई मर गई और यही उसका अंत था। ऐसा ही था, देखो।

206 लेकिन भेड़, यदि वह... यदि परमेश्वर इस बात को पकडता है कि मैं वहाँ मूर्तिपुजक के साथ खड़ा था जिसने एक बात को कभी भी नहीं सुना। तो क्या आप लोगों को इस सुसमाचार का प्रचार करते हैं...

207 और मुझे खड़ा रहना होगा। क्या आपको वो महान अनुवाद याद नहीं है जो ज्यादा समय नहीं हुआ उसने मुझे दिया था, कि मुझे उन लोगों के साथ वहां पर खड़ा होना है और —और मैं उनके लिए जिम्मेदार होऊंगा? और मैंने उन लाखों लोगों को वहां खड़ा देखा, मैंने कहा, “क्या वे सभी ब्रंहम हैं? ”

कहा, “नहीं।” कहा, “वे आपसे परिवर्तित हुए लोग हैं।”

और मैंने कहा, मैंने—मैंने कहा, “मैं यीशु को देखना चाहता हूँ।”

उसने कहा, “अभी नहीं। ये एक समय होगा इससे पहले कि वो आये। लेकिन वह आपके पास सबसे पहले आएगा और आपके द्वारा प्रचारित किए गए वचन से आपका न्याय किया जाएगा, और वे उस पर विश्राम कर रहे हैं।”

मैंने कहा, “क्या ऐसा सभी को करना होगा? क्या पौलुस को खड़ा होना पड़ेगा? ”

उसने कहा, “हाँ, पौलुस भी अपने झुण्ड के साथ खड़ा होगा, जिसको उसने प्रचार किया था।”

मैंने कहा, “मैंने वही संदेश किया जो पौलुस ने किया था।”

208 और लाखों लोगों ने हाथ उठाकर कहा, “हम उस पर विश्राम कर रहे हैं!” तुम वहीं हो, तुम देखते हो, ठीक वहीं! जी हाँ। कहा, “तब हम एक शरीर के लिए धरती पर वापस जा सकते हैं जो खाना खा सकता हैं, और हम पी सकते हैं, और वहाँ पर कभी ना ख़त्म होने वाले युगों में एक साथ रह सकते हैं।” यही प्रभु का आगमन है। तो ठीक है।

209 अब, बस एक मिनट। अब,... अब थोड़ा बंद करने की ओर जाते हुए, क्योंकि, यह लगभग... यहाँ पर हमारे भाई का समय है बपतिस्मा देने वाली सभा के लिए या जो भी वह समय का उपयोग करेगा।

210 तो ठीक है, अब, इस कलीसिया युग के दौरान। ओह, यहाँ पर कुछ तो बहुत ही सुंदर है। मुझे यह बहुत अच्छा लगता है। इन कलीसिया युगों के दौरान, दो आत्माये ठीक *यहाँ* से होते हुए आगे लगभग उसी प्रकार से काम करती है; एक संप्रदाय है, दूसरी एक पवित्र आत्मा है। और यीशु ने कहा, "वे इतने नजदीक थे कि यदि संभव हो तो वे बिल्कुल चुने हुए को भी भरमा दे।" ये दोनों आत्माएँ अपने लोगों को भविष्य में होने वाले न्याय के लिए छाप लगा रही हैं। शैतान ने प्रतिज्ञा किया कि उसके... कि उसके पास मसीह से अधिक लोग होंगे, और उसके पास है। अब, इसे बहुत ही, बहुत ही नज़दीक से देखें, जैसे कि हम इसे लेते हैं: इससे—इससे भी अधिक होंगे, लोगों पर छाप लगाते हुए।

211 बहुत से हव्वा की तरह हैं। हव्वा बस इतनी देर ही रुकी जिससे कि भरमायी जाए। यदि वह नहीं रुकती, तो वहां कभी भी भरमाया जाना नहीं होता था। लेकिन हव्वा रुक गयी, और जब वह रुकी, तो वहाँ उसका भरमाना हुआ। आगे बढ़ने के बजाय और... क्या आप—क्या आप अब मुझे ध्यान—ध्यान से सुन रहे है? सुनना! हवा के भरमाये जाने का जो कारण था... आइये इसे एक साथ कहे, इसलिए मुझे यकीन है कि आपने इसे समझ लिया होगा। [भाई ब्रंहम और सभा के लोग एक ही स्वर में बोलते है—सम्पा।]: "वो कारण जिसके लिए हव्वा भरमायी गयी थी, उसने कभी भी परमेश्वर के पूर्ण वचन को नहीं रखा।" शैतान ने इसे दुहराया, लेकिन उसने कभी भी उसे *सारी* सच्चाई को नहीं बताया। न ही वो उसके संप्रदाय को बताता है। समझे? लेकिन वह इतने समय तक ही रुकी कि वचन के भाग को ले, और उसने *सारे* वचन को नहीं लिया।

212 और यही मामला आज है, सोयी हुई कुवांरी वचन के भाग को लेने के लिए उतने समय तक ही रुकी रही, लेकिन उसने *सारे* वचन के लिये नहीं। भरमायी हुई कलीसिया उतने समय तक ही रुकी रहती है कि वचन के कुछ भाग को ले, लेकिन ना ही*सारे* वचन के लिए, और वे इसके प्रति में सच्चे और ईमानदार थे। हव्वा भरमायी गयी थी! बाइबिल ने कहा, "वह भरमायी गयी थी।"

213 आदम भरमाया नहीं गया था। आदम बिल्कुल जानता था कि वह गलत कर रहा था; लेकिन उसकी पत्नी, जो काम को कर रही थी, उसे मना रही थी ताकि—ताकि उस मना किये गए काम को करने का वो भागीदार हो। क्योंकि, वह एक पुरुष था, देखो, और ऐसा—ऐसा करना उसी पर था कि वह... आप समझते होंगे, देखे। उसे पता था कि वह गलत कर रहा है, लेकिन हव्वा ने सोचा कि वह सही कर रही है।

214 ओह, क्या आप नहीं देख रहे हैं? इसलिए पौलुस ने कहा कि एक स्त्री को कभी भी सुसमाचार का प्रचार नहीं करना चाहिए। उह–हूंम। वो—वो उसमें... वही वो एक थी जो भरमायी गयी थी। "और मैं कहता हूं, कि स्त्री न उपदेश करे, और न पुरूष पर आज्ञा चलाए, परन्तु चुपचाप रहे।" समझे? "क्योंकि—क्योंकि आदम को पहले बनाया गया था, और उसके बाद हव्वा को। और आदम भरमाया नहीं गया था, लेकिन स्त्री भरमायी गयी थी, उसका अस्तित्व अपराध में था।" कहा, "फिर भी, अब, वह नाश नहीं हुई है; उसे प्रसव में बचाया जाएगा (यदि उसके पास पति है), और इत्यादि, वह निरंतर आगे बढ़ती है, विश्वास और संयम और ऐसी सारी पवित्रता के साथ, वह बचाएगी जाएगी। लेकिन उस एक स्त्री को कभी भी सिखाने या अधिकार करने की अनुमति नहीं है!" समझे? पौलुस ने कहा, "तुम ऐसा नहीं करना!" कहा, "अब, मैं सोचता हूँ कि मेरे पास प्रभु का मन है," उसने कहा।

215 उन्होंने कहा, "क्योंकि... क्योंकि, भविष्यद्वक्ताओं ने वहां भविष्यवाणी की और हमें बताया कि हमें 'प्रचार करना चाहिए।'"

216 उसने कहा, "क्या? क्या तुम में से परमेश्वर का वचन आया, और यह केवल तुम में से ही आया? यदि कोई भी व्यक्ति खुद को आत्मिक या नबी मानता है, तो उसे स्वीकार करने दो कि मैं जो कहता हूं वह प्रभु की आज्ञाये है।" समझे? ये सही है। वह जानता था कि वह किस विषय में बात कर रहा था।

217 लेकिन कहा, "यदि वह अज्ञानी है, तो उसे अज्ञानी रहने दो। बस ऐसा ही है। वह—वह इसकी नहीं सुनेगा, तो ठीक है, बस उसे ऐसे ही आगे जाने दो, वह सीधे आगे नीचे गड्ढे की ओर बढ़ रहा है। देखो, लेकिन बस आगे बढ़ते रहे।" लेकिन वहाँ, वे दो आत्माये है।

218 कारण। जैसे उन्होंने पुलिस बल पर महिलाओ को रखा है, बाहर जो सडको पर होती है। यह अमेरिकी झंडे का अपमान है, कि वे सड़को पर माताओं को वहां बाहर जाने देते है। और दस हजारो की संख्या में पुरुष बिना नौकरी के है! क्योंकि, यह एक महिला का राष्ट्र है, यह एक महिला का स्थान है, एक महिला इसे संभालेगी। यह महिला–आराधना है। यह कैथोलिक हठधर्मी की आत्मा है, एक देवता के लिए एक महिला की आराधना करना। यहाँ बस ऐसा है... यह बस ठीक तरह से बैठता है, क्या आप व्यवस्था को नहीं देख रहे है?

219 वहाँ ऐसा कुछ भी नहीं है कि परमेश्वर एक मनुष्य को एक पत्नी की तुलना में कुछ भी और सबसे मधुर दे सकता है, एक सच्ची पत्नी। लेकिन जब वो इससे आगे कहीं और जाने लगती है, तो वह—वह बाहर हो जाती है। यह बिल्कुल सही है। परमेश्वर का ऐसा कोई भी इरादा नहीं है कि महिलाये इन स्थानों में काम करे और इस प्रकार की चीजो को करे। इन महिलाओ को, आप... उनके पास बालक होते हैं और अपने बच्चों की परवरिश करनी होती हैं। वे सारी छोटी–छोटी प्रचारक होती हैं, उनमें से हर एक जन, लेकिन उन्हें अपने बच्चों के लिए घर पर पास्टर का काम करना होता है, उनके बच्चो को पालन–पोषण करती है। तो ठीक है।

220 अब, दो आत्माये, लगभग उसी प्रकार से। बस हव्वा की तरह, लगभग... क्योंकि, शैतान ने कहा, "परमेश्वर ने कहा है... "

"उह–हूंम।"

"परमेश्वर ने कहा है... "

"उह–हूंम, यह सही है।"

"परमेश्वर ने कहा है... "

"उह–हूंम।"

221 "परमेश्वर ने कहा है, लेकिन, ओह, निश्चित रूप से यदि हम, 'पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा' के नाम में बपतिस्मा लेते हैं तो वह हमें दोषी नहीं ठहरायेगा। क्या यह उतना ही ठीक नहीं होगा? " तुम घृणित ढोंगी हो! जी हाँ, श्रीमान। परमेश्वर ने *ऐसा* कभी नहीं कहा!

222 कुछ भी हो, ऐसी कोई बात नहीं है। यह मरा हुआ है! इस तरह की कोई चीज नहीं है! मुझे बताओ कहाँ पर "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" का

नाम है। ऐसा कोई नाम नहीं है, तब तो यह मरा हुआ है! यह कहां से आता है? *सरदीस* में, "मरी हुई" कलीसिया से। ऐसी कोई चीज नहीं! "तुम्हारे पास एक नाम है जिससे तुम 'जी रहे हो' और तुम कहते हो कि तुम एक 'मसीही कलीसिया' हो, लेकिन तुम मरे हुए हो!" यह सही है, "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा" के नाम जैसी कोई चीज नहीं है।

"ओह, अच्छा, क्या यह उतना ही ठीक नहीं होगा?"

223 और यह ठीक नहीं होगा, पौलुस ने कहा कि यह नहीं होगा; कहा, "क्या तुमने पवित्र आत्मा को पाया जब से तुमने विश्वास किया?"

"हम नहीं जानते कि क्या ऐसा हो सकता है..."

224 कहा, "तब तुमने कैसे बपतिस्मा लिया था?" कहा, "आकर और यीशु मसीह के नाम में फिर से बपतिस्मा लो!" कहा, "यदि स्वर्ग से कोई दूत आकर, कुछ भी और सिखाता है, उसे शापित होने दो!"

225 यही सच्चाई है! मैं इसे कहने के लिए केवल जिम्मेदार हूं। आप समझते होंगे, यह आपके लिए इतना नहीं कह रहा हूँ, यह इन टेपों के लिए है जिस पर मैं जोर से चिल्ला रहा हूँ, देखो, क्योंकि मुझे पता है कि वे टेप कहाँ जा रहे हैं (हर जगह), और इसलिए यही है जो ऐसा है। तो ठीक है। यह ना ही...

226 हव्वा भरमायी गयी थी, उसने वचन के भाग को देखा। मोआब भरमाया गया था। सोई हुई कुवांरी भरमायी गयी थी। कलीसिया भरमायी गयी है। संप्रदाय भरमाये गए हैं। देखा?

227 वचन के साथ बने रहे! यही एकमात्र तरीका है। इसके साथ बने रहें, इसमें से कोई भी न हिले। इसके साथ बने रहो, परमेश्वर ने जो कहा है उस पर सीधे आगे बढ़ो। कोई फर्क नहीं पड़ता कोई और क्या कहता है, परमेश्वर की पंक्ति में बने रहो।

228 अब, सोई हुई कुंवारी, उसने अपना स्थान खो दिया, हम यह जानते हैं। वह न्याय में ऊपर आती है। और यदि उसने कभी सच्चाई को सुना है, तो वो दोषी है। ये सही है। आप यीशु को कभी किसी भी और स्थान पर नहीं पाएंगे सिवाय जहां पर आपने उसे छोडा हैं।

229 यहूदा ऊपर आ सकता... याद रखना! "'तुम सोई हुई कुंवांरीयो' कहते हैं, 'क्या शैतान से प्रेरित हो सकते है?" बिल्कुल हो सकते है! "फिर भी

साफ जी रहे हैं? " जी हाँ श्रीमान। यहूदा जीया; बचाया गया, पवित्र हुआ, दिव्य चंगाई को प्रचार किया, शैतानों को बाहर निकाला। क्यों, वह ठीक वास्तव में धर्मी है, लगभग वही चीज थी जो उनमें से बाकी की थी। लेकिन जब यह पेंटीकोस्ट की बात आती है, तो यही है जहाँ पर उसने अपने रंग दिखाए। उसने पवित्र आत्मा को नहीं पाया, और अपने पैरो को घुमा दिया और प्रभु यीशु को अस्वीकार कर दिया। बिल्कुल ठीक यही है जो कलीसियाओ ने किया। जब यह पेंटीकोस्टल आशीष की बात आती है, तो वे इससे दूर हो गए। ओह, क्या आप इसे नहीं देखते हैं, उस वर्ग को?

230 ओह, अब आज रात वो महान चोटी का पत्थर। लेकिन बस एक क्षण, मुझे लगता है कि हमारे यहां थोड़ा और समय है, मैं किसी और चीज को लेना चाहता हूं। मैं चाहता हूं श–... आप वो—वो पशु की छाप। पशु की छाप, आइये प्रकाशितवाक्य 13 को लेंगे, बस एक मिनट। प्रकाशितवाक्य 13:15, और अभी पढेंगे क्या... वह क्या करने जा रहा है। प्रकाशितवाक्य 13:15:

> *और उसे उस पशु की मूरत में जीवन डालने का सामर्थ दिया गया...* (अब, यह, "प्रोटेस्टेंट कलीसियाओ के निमित है, प्रोटेस्टेंट कलीसियाये।")

231 उसके पास सामर्थ थी, क्योंकि उन्होंने एक मूरत बनाई: प्रोटेस्टेंट कलीसियाये। हालांकि वो—वो कलीसिया की परिषद, एक ऐसी जगह को बना रहा है जहाँ सारे प्रोटेस्टेंट संगती को एकजुट होना है। कितने लोग जानते हैं या पढ़ा है कि वो बड़ा संयुक्त भवन जो उन्हें संसार भर के कलीसियाओ के लिए उन्होंने तैयार किया है? निश्चय ही। देखा? वहां ऊपर... वहां ऊपर यू.एन. राष्ट्र की तरह। तथा वे सभी वहां हैं, उनमें से हर एक, यहां तक कि असेंबली ऑफ गॉड भी। वे वहां पर हैं! वे वहाँ पर हैं, देखें। ये एक दुसरे को पछाड़ने में लगे रहते है। "जैसा एक सुअर उसके कीचड़ में जाता है, और एक कुत्ता अपनी उल्टी को चाटता है," ठीक वापस वही चीज़ है (बिल्कुल!), लगभग उनके सुसमाचारक के स्थान को नाकार कर रहे है। और आप वहीं हैं, बड़ा बनना चाहते हैं, बाकी के संसार की तरह कार्य करना चाहते हैं, जैसे कि इस्राएल ने किया जब उन्होंने राजाओं को देखा और कहा कि "हमें राजा बनाओ।" देखा?

*तथा उसने... पशु के* निमित *मूरत* बनाई, और *कि पशु की मूरत बोलने लगे, और कारण... जितने लोग उस पशु की मूरत की आराधना न करें...*

232 पशु की *मूरत,* “प्रोटेस्टेंट संप्रदाय,” ना ही कैथोलिक। यह अमेरिका है वो यहां के लिए बोल रहा है, आप देखिए, क्योंकि यह 13वां अध्याय अमेरिका पर है, वो पशु जो कि ऊपर आता है वहां से... देखो, अन्य सारे पशु *जल* में से बाहर आते हैं, जिसका अर्थ है “घनिष्ठता और लोगों की भीड़।” लेकिन यहाँ पर पशु, यह एक मेमने की तरह आता है, उस भूमि से बाहर जहाँ पर कोई लोग नहीं थे; उसके दो सींग थे, और फिर यह एक अजगर की तरह बात करता था। और उन्होंने उस पशु की एक मूरत बनाई जो यूरोप में थी, और यहाँ पर इसकी एक मूरत बनाई। एक वि−... कलीसियाओ को एकजुट करते हुए और इसे प्रोटेस्टेंट संगती बना रहे है, और उसके बाद उन्होंने अन्य सभी कलीसियाओ पर दबाव डाला, कि वे पशु की इस मूरत को प्राप्त किए बिना, खरीदना या बेचना या कुछ भी और नहीं कर सकते थे।

233 अब देखो यहाँ क्या बात जगह लेती है:

*और वह सबका* कारण *हुआ, दोनों का... छोटे, बड़े, धनी, कंगाल, स्वत्रंत, दास सब के दाहिने हाथ या उन के* माथे *पर एक एक छाप करा दी।*

*कि उस को छोड़ जिस पर छाप* अर्थात *उस पशु का नाम, या उसके... नाम का अंक हो, और कोई लेन देन न कर सके।*

*ज्ञान इसी में है। जिसे बुद्धि हो, वह इस पशु का* अंक जोड़ *ले: क्योंकि यह... एक मनुष्य का अंक है; और उसका अंक छ: सौ छियासठ है।* (जो हम जानते हैं कि वह कौन है; यह रोम की धर्मसत्ता है: पोप।)

234 मैं ठीक वहां पर रहा हूं और इसे खुद देखा है, पता होगा, वहां उसके स्थान पर गया हूँ (उसका सिंहासन, जैसा कि यह था) जैसे कि उन्होंने उस प्रथम बोनिफेस को बैठाया, जो तृतीय था, *यहाँ* कैथोलिक युग की शुरुआत में। और वहाँ पर यह *विकरिव्स फिल्ली देई* है, जिसका अर्थ है “परमेश्वर के पुत्र का एक प्रतिनिधी।” *देई, देई,* “दैविकता,” देखो। देखो, “परमेश्वर के पुत्र का प्रतिनिधी।” दूसरे शब्दों में, “जैसे कि परमेश्वर के

पुत्र समान जो यहाँ धरती पर बैठा हुआ है," देखो, "बाइबल को बदलने की सारी सामर्थ," वह जो कुछ भी चाहता है उसे बदल सकता है। इसलिए "वे कहते है, 'जय हो मरियम'!" पोप क्या कहता है? "हमारे पास 'जय हो मरियम, होगा'!" इससे बात ख़त्म होती है। उह–हूंह, उह–हूंम। "ठीक है, हम *ऐसा–और–ऐसा* करेंगे।" पोप जो कहता हैं, बस, ऐसा ही होगा, ऐसा ही होगा। "परमेश्वर के पुत्र के बजाय एक प्रतिनिधी।"

235 अभी हाल ही उनका एक मत–विचार बाहर आया था कि "मरियम को दफनाया नहीं गया था," (और उन्होंने उस कब्र को पाया और हर एक चीज चिह्नित की गयी थी जहां उसे दफनाया गया था।) कहा, "नहीं, वह फिर से उठी और उसका पुनरुत्थान हुआ था।" पोप ने कहा, "ऐसा ही है!" और बस यही है। "यह कभी गलत नहीं हो सकता है, देखो," पोप ने ऐसा कहा है। देखिए, "परमेश्वर के पुत्र का प्रतिनिधी।"

236 और कहा, "अब, कोई भी जो जानना चाहता है कि पशु कौन है, यह सामर्थ कहां से आती है," मैंने कहा, "वहां पर संख्याओं को गिनें और वो जिसके पास बुद्धि हो... " वहां, वह पवित्र आत्मा के दानो में से एक दान है, वो बुद्धि है। समझे? वो जिसके पास बुद्धि है जो मनुष्य की संख्या की गिनती करता है, इसके लिए... पशु की संख्या की गणना करें, क्योंकि यह मनुष्य की संख्या है, और उसकी संख्या छह सौ छियासठ है। अब, आप... शब्द के उच्चारण को ले जो नाम को बताता है, वि–आई–सी–ओ, और—और इन शब्दों के अनुसार, और यहाँ एक रेखा को खींचे और... या रोमन अंकों को जोडे, और आप पाएंगे कि आपको यहाँ छह सौ छियासठ मिलते है। ये सही है।

237 "और अब आओ उस पशु के निमित एक मूरत बनाये।" और वहां पर इस देश में उन्होंने एक मूरत बनाई: एक साथ संप्रदायों का एक संघ, निकुलियन ने एक साथ आकर और खुद को संगठित कर दिया। और अंत में वे इस भाईचारे को एकजुट करेंगे, ना ही कैथोलिक के नाई आते है, लेकिन वे साम्यवाद पर ठप्पा लगाने की कोशिश करने के लिए भाईचारे के नाई एकजुट होंगे।

238 और बाइबल ने कहा कि परमेश्वर ने साम्यवाद को ऊपर लाया ताकि परमेश्वर के बच्चों का राष्ट्रों से बदला ले। यह बिल्कुल सही है। उसने कहा, "और वे—वे—वे एक घंटे के लिए पशु को अपनी सामर्थ और सब कुछ दे

देते हैं, और लोगों से बदला लेने के लिए… उस लहू का जो उन्होंने बहाया था।" और जब उस परमाणु बम या जो कुछ भी यह है वेटिकन शहर में गिरेगा, और रोमन की धर्मसत्ता उसके बाद नहीं रहेगी, तो इसने कहा, "और उसमें हर एक शहीद का लहू पाया गया जो संसार में कभी भी मारा गया था।" और वहाँ पर वो है। और यहाँ इसकी मूरत है, जो कलीसियाओ का एक संघ है।

239 ऐसा लंबे समय तक नहीं होगा हमें उन दरवाजो को वहां उधर बंद करना है, यह सही बात है, या तो एक संप्रदाय की छाप ले ले। और हम दरवाजे को बंद कर देंगे, यह सही है, हम… हम इससे बेहतर जानते हैं।

240 अब, अब, मैं चाहता हूं, बस अंतिम भाग को निचोड़ने के लिए, इससे पहले कि हम अगले कुछ मिनटों में यहाँ से जाये। अब, परमेश्वर की *मोहर* "पवित्र आत्मा" है। यह सभी जानते हैं, क्या आप नहीं जानते? तो ठीक है, हम सभी जानते हैं कि परमेश्वर की मोहर पवित्र आत्मा है। अब इसे पाया गया… आप प्रकाशितवाक्य 9—9: 1 से लेकर 4 को ले, आप पाएंगे कि उन सभी के माथे पर मोहर थी। पहला कुरिन्थियों 1:22, पौलुस ने कहा, "जिस से हम पर उस दिन तक के लिये छाप दी गई है… " इफिसियों 4:30 कहता हैं, "पवित्र आत्मा को शोकित मत करो," यही वो दूत है जो उनके माथे पर मोहर करने को आगे आता हैं। अब, इसका मतलब यह नहीं है कि आप… वह लेता है और वहाँ एक निशान को डालता है; आपका माथा आपका प्रकाशन है, देखो, और आपका हाथ वह चीज है इसके विषय में आप करते हैं। देखें, यह एक आत्मिक छाप है। समझे? वो एक बडे स्वाभाविक ठप्पे या मोहर को नहीं लेता है और आपको *इस* प्रकार से मोहर लगाएं। ओह, ऐसा नहीं।

241 जैसे कुछ वर्ष पहले उन्होंने कहा था, जब एन.आर.ए. बाहर आता है, वो *यह, वह* था, या… उस बात के लिए मत देखो, यह पहले से ही है। बाइबिल ने कहा ये वापस वहीं पर आना आरंभ होता है, यह अब ख़त्म होने पर है। समझे? ये सही है।

242 लेकिन उसने मोहर को चिह्नित किया। समझे? अब, पहली मोहर कैसी—कैसी थी, यह कैसी दिखती थी? वे पवित्र आत्मा से भरे हुए थे, यह सही है, और उनके कार्य मसीह के कार्य थे। वे बीमारों पर हाथ रखते और वे चंगे हो जाते, उन्होंने सभी प्रकार के चिन्ह और चमत्कार और अद्भुत

कार्य किये। और उनके माथे में, प्रकाशन के द्वारा मोहर थी कि वो परमेश्वर का पुत्र था, और वे—वे उसके साथ काम कर रहे थे (जो—जो मसीह की दैविकता है), वहाँ वो छाप है।

243 आप कहते हैं, "ठीक है, अब, वह तीसरा व्यक्ति है, या दूसरा व्यक्त–... " आपको अभी तक कोई मोहर नहीं लगी है, इसलिए बस—बस इसे ऐसा ही छोड़ दें। देखिये, आप कर चूके है, आप वहाँ पन्ने के कामो को ख़त्म कर चूके है, तो फिर वहाँ बाइबिल में ऐसी कोई चीज नहीं है। "हम आशीष... हमें पवित्र त्रिएकता में विश्वास है।" तुम वैसे हो... तुम यहाँ तक अब उस पन्नो पर भी नहीं हो, देखो, क्योंकि वहाँ बाइबिल में *त्रिएकता* जैसी कोई एक चीज भी नहीं है जिसका कभी उल्लेख किया गया हो। बाइबिल में *त्रिएकता* शब्द को ढूंढें और आएं।

244 [टेप पर रिक्त स्थान—सम्पा।]... ? ... पुत्र में, जिसे पुत्रत्व कहा जाता है; अब वो आप में है, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा; वही परमेश्वर। पवित्र आत्मा यीशु मसीह का पिता था। "थोड़ी देर रह गई है और संसार मुझे और ना देखेगा," यीशु ने कहा, "मैं परमेश्वर से आया हूं, और मैं परमेश्वर के पास वापस जाता हूं (फिर से पवित्र आत्मा)। और मैं तुम्हारे साथ होऊंगा, यहाँ तक कि अंत तक तुम्हारे साथ रहूंगा (जीवन के अंत पर)। पूरी तरह से वहां से होते हुए आगे, मैं तुममे होते हुए ठीक आगे रहूंगा उसी तरह से सीधा जहाँ... और वही काम जो मैं करता हूँ वो तुम भी करोगे। मैं जो काम करते आ रहा हूं, वह ठीक आगे, जो पूरी तरह से विश्वासीयों के चिन्ह होंगे। जाओ और प्रचार करो, और उन्हें प्रभु यीशु के नाम में बपतिस्मा दो, और वे मेरी आत्मा से भर जायेंगे; और यदि वे भरते हैं, जो विश्वास करे ये चिन्ह उनके पीछे–पीछे जायेंगे, संसार के अंत तक। मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूँ, यहां तक कि संसार के अंत तक।" वो महिमा में ऊपर उठा गया था। ऐसा ही है, और हम किसी दिन उसके आगमन की आशा कर रहे हैं। अब, यही परमेश्वर की मोहर है, हम यह जानते हैं।

245 अब याद रखें, यहूदियों के केवल एक लाख चौवालीस हजार मोहरबंद होते हैं, जो यहूदियों के बाकी के बचे हुए थे। लेकिन इसमें, अन्यजाति दुल्हन में, अन्यजाति दुल्हन में, दस हज़ारों गुना हज़ारों की संख्या में थे, ये वे है जो वहाँ मोहरबंद कर दिए गए हैं, क्योंकि यही वे शहीद और इत्यादि

है जो वहां युगों में से होते हुए चले आ रहे हैं; वे न्याय के दिन ऊपर आ जायेंगे।

246 आप क्या सोचते है ये घटित होगा वहां उस दिन पर जब पीतल के न्याय के पैर वहाँ खड़े होते है और वे शहीद उनके सामने खड़े होते है, उन रोमनों के सामने (हो सकता है निकुलियन लोग वहाँ पीछे है ये वे है जिन्होंने उन्हें वहाँ पर खूंटे से बांधकर जला दिया और उन्हें सिंहो की मांद में फेंक दिया था और इसी तरह की चीजो को किया), और वे वहां पर उनके वकील के नाई खड़े थे... यहाँ न्यायापीठ के कटघरे में? और न्यायाधीश आसन पर वहां बैठा हुआ है, "क्या तुमने उन्हें सुसमाचार सुनाया? "

"मैंने अपने जीवन को उनके लिए एक सिंह के मुंह में मोहर बंद किया।"

247 ओह्ह, भाई! "मुझ से दूर हो जाओ" इसके बारे में बात करें, नरक उनके लिए बहुत ही अच्छा रहेगा! यह बिल्कुल सही है।

248 "कसकर पकड़ो। मैं उन्हें जानता हूं जो खुद को कहते हैं... (निकुलियन), और खुद को 'आत्मा से भरा हुआ' कहते हैं और वे आत्मा से भरे हुए नहीं हैं।" वहां, देखो, तुम वहीं हो। ओह! ओह! क्या ही घडी आ रही है, क्या ही भयानक समय। परमेश्वर बदला लेगा! "मैं बदला लूंगा," यहोवा यों कहता है, "मैं हानि को भर दूंगा!" और हर बुरे काम को एक न्यायपूर्ण रूप से देखा जाएगा... जो कुछ भी आपने कभी भी किया है या आपके जीवन में सोचा है, उसे आपके विरुद्ध वहां रखा जायेगा, उस बड़ी चुम्बकीय चीज पर हर एक बुरे विचार के साथ जो आपके दिमाग से होकर गुज़रे है, रखा जायेगा। पश्चाताप करो, बच्चों!

249 वहाँ इससे दूर होने का केवल एक ही रास्ता है, मसीह में आ जाओ, और जब तुम वहां उसके प्रिय पांच जख्मी पसली में जाते हो, वो उसके शरीर में जो पाँच बहुमूल्य घाव है, जब तुम उस ओर लहू को बहते हुए देखो और उस में छिप जाते हो, कहते हो, "युगों की चट्टान, मैं अच्छा नहीं हूं। मुझे वहां पर छुपा लो, युगों की चट्टान।" बहुमूल्य पवित्र आत्मा को अनुभव करे, बस मर जाये और मसीह के शरीर के अंदर चले जाये; उठो, नई चीजों को जागृत करने के लिए, यह आपके इर्द–गिर्द एक नई दुनिया है। वो पाप जिसे आप एक समय प्रेम करते थे वो आपके पीछे है। ओह, कुछ भी भविष्य नहीं है, कुछ भी वर्तमान नहीं है, मृत्यु, और कुछ भी और कभी आपको उससे अलग नहीं करेगा। तुम्हे पवित्र आत्मा के द्वारा तुम्हारे

छुटकारे के दिन तक तुम्हे मोहर कर दिया जाता है। आपके पास प्रकाशन है कि वो कौन है। आप अपने हृदय में जानते हैं कि आप मृत्यु से जीवन की ओर चले गए हैं।

250 तब अपने कामों को देखें तब आपके हाथों से, आप देखना। अब आप और चोरी नहीं करते, अब आप और बुराई नहीं करते। आपके हाथ पूरी तरह लहू से साफ हैं। और आप खड़े होकर, सुसमाचार को प्रचार करते है, वही कहते है जो सही है, और जो सही है उसे जीते है, और जो सही है उसे करते है, और पवित्र आत्मा आपके साथ होता है हर एक दिन चिन्ह और चमत्कार को दिखाते हुए; परमेश्वर आपको बता रहा है कि, "तुम मेरे आशीषित बालक हो, और मैं तुम्हारे साथ हूं, मैं—मैं ठीक तुम्हारे साथ हूं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम कहाँ पर हो, मैं तुम्हारे साथ हूं। मैं उस अंधकार की घडीयों में से होते हुए और हर कहीं तुम्हारे साथ रहूंगा।" ओह, क्या—क्या ही लंगर है!

मैंने मेरे प्राण को विश्राम के बंदरगाह पर लंगर किया
  है,
प्रचंड समुद्र पर जलयात्रा अब और नहीं है;
ओह, वो आंधी हो सकती है तेजी से फैलकर प्रचंड हो
  जाये, तेज तूफान,
लेकिन यीशु में मैं हमेशा के लिए सुरक्षित हूं।

251 यहाँ तक कि मृत्यु इन दिनों में से किसी एक दिन गाती हुई पास आती है, और आपके सिर के चारों ओर इस तरह से मधुमक्खी की तरह उड़ती है, आप कह सकते हैं, "हे मौत, तेरा डंक कहाँ है?"

252 जैसा कि छोटी सारा ने एक सुबह को लिखा, मेरी छोटी लड़की वहां पीछे बैठी हुई है। वह उन बातों को लिख रही थी, मैं सोचता हूँ वो और भाई कोलिन्स की छोटी लड़की, उस बात को जो मैं कहने जा रहा था। तो मैं उसके लिखे हुए पन्ने को पढ़ रहा था, उसकी माँ और मैं, उसने लिखा था, "क्रांतिकारीयों की किताब।" आमीन। उसने लिखा... और आप जानते होंगे कि मैंने अंत में *मृत्यु* के बारे में छोटी कहानी को बताया था, आप जानते होंगे। आपने इसे सुना है, *कोई डंक मारना नहीं* है। क्या आप तब यहां पर थे जब यह बताया गया था? देखो, एक समय मृत्यु के पास इस में डंक था, लेकिन जब...

253 शैतान को भी यह पक्का नहीं था कि वह मनुष्य परमेश्वर का पुत्र था या नहीं। तुम उसे वहाँ खड़े हुए देखते हो जब... शैतान उसके पास आता है, और कहता है, "ठीक है, यदि तुम अद्भुत काम को कर सकते हो, यदि तुम एक अद्भुत काम को करने वाले व्यक्ति हो, तो तुम परमेश्वर के पुत्र हो। मैं आपको बताऊंगा, यह बाइबल में लिखा है, देखें, कि... और—और यदि—यदि तुम हो, तो मुझे दिखाओ कि तुम एक अद्भुत काम को करते हो। अब, तुम भूखे हो, तुमने चालीस दिनों से भोजन नहीं किया है, तुम उस पत्थर को क्यों नहीं उठाकर और उसमें से रोटी बनाते हो और बैठकर खाते हो? मुझे देखने दो तुम ऐसा कर रहे हो और मैं विश्वास करूंगा कि तुम परमेश्वर के पुत्र हो।"

254 कहा, "मनुष्य केवल रोटी से नहीं, लेकिन हर एक वचन से जीवित रहेगा।" ओह, प्रभु! वो जानता था कि वह मूसा से नहीं मिला, क्या वह नहीं जानता था? मूसा ने आज्ञाओं को नीचे फेंक दिया और उन्हें तोड़ डाला; लेकिन वह जानता था कि उसने मूसा से अधिक मारा है।

255 फिर वो उसे ऊपर लेकर गया, और उसने कहा, "संसार के सारे राज्य को देखते हो? वहाँ वो संयुक्त राज्य है, वहाँ बड़ा ब्रिटेन है, वहाँ उनमें से वे सब उन आने वाले वर्षों में यहाँ आ रहे है।" कहा, "वे हर एक सारे मेरे होंगे, तुम यह जानते हो।" (यही है जो उन पर शासन करता है।) कहा, "वे मेरे हैं और मैं उनके साथ ऐसा करूँगा, मैं उन्हें युद्ध के लिए भेजूंगा, मैं कुछ भी करूंगा जो मैं उनके साथ करना चाहता हूं। वे मेरे हैं।" कहा, "मैं उन्हें तुम्हें दे दूँगा यदि तुम केवल मेरी आराधना करो।"

256 कहा, "मुझसे पीछे हट जा, शैतान।" वह जानता था कि वह अंत में किसी भी तरह उनका वारिस होने वाला था, इसलिए उसने कहा, "तू मुझसे पीछे हट, शैतान।"

257 अत: जब उन्होंने उसे एक दिन वहाँ पकड़ा, और उन्होंने—उन्होंने एक कपडे का टुकड़ा लिया और उसके चेहरे के चारो और *इस* तरह से घुमाया, मैं कल्पना करता हूँ एक पुराना दुपट्टा, और इसे... उसके सिर के चारों ओर बाँधा हुआ है। और वहां पर वो बैठा हुआ है, लहू बह रहा है और मार लगी हुई। सुबह, ठंडी हवा चल रही है। उन्होंने पहले से ही उसे चाबुक मारा था, और उसके कंधों पर से लहू बह रहा था, उन्होंने उसके ऊपर *इस* तरह से कुछ तो फेंका था; और वो लहू उसकी पीठ से चिपक गया

था, और वहीं बैठा रहा, और कांटों का एक मुकुट उसके चेहरे के ऊपर इस तरह से नीचे खिसक गया था। और लहू, और सैनिकों की थूक, उसके पुरे चेहरे पर थी, वहाँ बैठा हुआ है। क्या यह एक भयानक दिखने वाला दृश्य नहीं था? (हे परमेश्वर!)

258 आप कहते हैं, "ठीक है, यदि मैं वहाँ होता, तो मैं इसके बारे में कुछ करता।" अच्छा, तो अब आप इसके बारे में कुछ क्यों नहीं करते? क्योंकि यदि आप... आपने उसी चीज को किया होता तो आप अब करे।

259 वहाँ पर वो था, वहाँ बैठा हुआ, उसका मजाक उड़ाया गया और थूका गया। वहाँ चेले खड़े हैं, कह रहे हैं, "ओह, प्रभु, क्या ऐसा हो सकता है? वह मनुष्य, जो कब्र से एक मरे हुए व्यक्ति को बुला सकता है, और उसे वहाँ पर देखो।" लेकिन वे वचनों को जानने में चूक गए। यही है जो ये है, देखो।

260 और इसलिए, उसके चेहरे पर लहू और थूक थी। उन्होंने उसकी आँखों के चारों ओर कपडे की पट्टी को बांधा और कहा, "तुम जानते हो, वे मुझे बता रहे थे कि 'उसके पास आत्मिक परख है, तुम्हें पता है। वो एक भविष्यव्यक्ता है, वो लोगों के लिए बता सकता है। उसने महिला को उस कुंवे पर उसके पापों के बारे में बताया। और उसने शिमौन को बताया कि उसके पिता का नाम योना था, और उसके बारे में सब।' आओ देखते हैं कि क्या वो कर सकता है, वो अभी क्या कर सकता है।"

261 उन्होंने कहा, "हम उसकी थोड़ी परीक्षा करेंगे।" यह उन लोगों में काम करने वाला शैतान था। उन्होंने उसकी आँखों के चारो ओर *इस* प्रकार से कपडे की पट्टी बांधा, उन्होंने एक छड़ी निकाली और उसके सिर के ऊपर उसे इससे मारा, कहा, "यदि तुम एक नबी हो, तो हमें बताओ कि तुम्हे किसने मारा।" उसने यहाँ तक कभी अपना मुंह भी नहीं खोला, वो बस वहीं ऐसा ही बैठा रहा।

262 शैतान ने कहा, "तुम जानते हैं कि वो नहीं हो सकता... यह—यह परमेश्वर नहीं हो सकता।"

263 यह वही बात है जो पुराने संप्रदाय आज कहते हैं, "वो पवित्र-शोर मचाने वालो का वह झुंड, यह परमेश्वर नहीं हो सकता।" लेकिन वे नहीं जानते। वे नहीं जानते। "यह परमेश्वर नहीं हो सकते हैं, ऐसे उन कामो को

कर रहे है, यह तो मानसिक मनो का पढना है। वे—वे ज्योतिष विद्या करने वाले लोग हैं।" वे बस इसे नहीं समझ पाते, ऐसा ही है।

264 सो उन्होंने ऊपर पहाड़ी की ओर बढ़ना—बढ़ना आरंभ किया, उस वस्त्र को उसके चारों ओर डाला। केवल वही वस्त्र जो उसके पास था, मुझे लगता है, जब वह एक पुरुष हुआ था, मरियम और मार्था ने उसके लिए एक छोटा सा वस्त्र तैयार किया था; ऊपर से नीचे तक एक ही कपडा, बिना सिलाई किया हुआ। उन्होंने इसे उसकी पीठ पर रख लिया। और उसके वस्त्र पर छोटे–छोटे धब्बे थे जब वह पहाड़ी पर जाने लगा; घसीटता हुआ, उस पुराने क्रूस को उछालते हुए। और उसका छोटा, कमजोर शरीर साथ–साथ आगे बढ़ रहा है; और वे उसे चाबुक मार रहे हैं, और हर एक चीज कर रहे है, उसे इस तरह आगे बढ़ने के लिए। वो पुराना क्रूस, "धम्म–धम्म की आवाज़ करता हुआ, उछलता हुआ," और उसके कंधे को रगड़ रहा था, और वह डगमगाता हुआ, और वह आगे चलता गया।

265 और वे छोटे–छोटे धब्बे बड़े और बड़े होते गए, इतना तक कि थोड़ी देर बाद वे सारे धब्बे मिलकर एक बड़ा धब्बा बन गए। पुराना शैतान ऊपर आया, आप जानते होंगे, "मधुमक्खी," के नाई, जो *मृत्यु* है, आप जानते होंगे, और कहा, "आह, आह, आह! ये? परमेश्वर ऐसा नहीं करेंगा।" कहा, "वो तो सिर्फ एक मनुष्य है, वह दिखावा कर रहा था।" शैतान अब भी यही सोचता है। "वह बस दिखावे को कर रहा है, सो मैं अब उसे डंक मारूंगा। यदि वह परमेश्वर है तो वह मर नहीं सकता। तो मैं—मैं उसे डंक मारूंगा और उसके विषय में देखूंगा, इस प्रकार से। मैं—मैं उसे एक परिक्षा को दूँगा।

266 इसलिए जब उसने उसे क्रूस पर चढ़ाया, तो उसने उसमें जोर से डंक को मारा; लेकिन जब उसने ऐसा किया, तो उसने उसका डंक खो दिया। वह एक मनुष्य से बढ़कर था, उसने उस समय पर परमेश्वर को डंक मार दिया!

267 और यही कारण है कि उसने कहा, "हे मौत,… " जब पौलुस… आप—आप जानते होंगे, एक मधुमक्खी, इसके एक बार जोर से डंक मारने के बाद, यह अब और डंक नहीं कर सकती। मधुमक्खी उसके बाद खत्म हो जाती है। वह भनभना सकती है और जोर से आवाज़ को कर सकती है, लेकिन वह—वह—वह डंक नहीं मार सकती, क्योंकि उसके

बाद कोई डंक नहीं रहता। इसलिए मौत के पास अब कोई डंक नहीं है। पौलुस, जब वे उसके सिर को काटने के लिए जगह बना रहे थे, तो मौत–... उसके आसपास भिनभिन कर रही थी, उसने कहा, “हे मौत, तेरा डंक कहाँ है? ”

268 कब्र ने कहा, “मैं तुम्हे ले लुंगी, पौलुस। मैं तुम्हे खींचने जा रही हूं।” (मैं वहां पर गया हूँ, जहां पर उन्होंने उसका सिर काट दिया था और उसे अंदर वहां नाले में फेंक दिया।) कब्र ने कहा, “मैं—मैं—मैं तेरे शरीर को नष्ट कर दूंगी, मैं तुम्हे सडा दूंगी।”

269 और उसने कहा, “ओह—ओह, हे कब्र, तेरी विजय कहां है? ” देखा? “लेकिन परमेश्वर का धन्यवाद हो जो हमें हमारे प्रभु यीशु मसीह के जरिये से विजय को देता है!” मृत्यु ने उसके लिए अपने डंक को खो दिया। कहा, “मैंने एक अच्छी लड़ाई को लडा है, मैंने अपनी दौड़ को पूरा कर लिया है, मैंने विश्वास को बनाये रखा है। और इसलिए मेरे लिए आगे धार्मिकता का एक मुकुट रखा गया है जो प्रभु वो धर्मी न्यायी उस दिन पर मुझे देंगा। और केवल मुझे ही नहीं, उन सभी को भी जो कि उसके प्रकट होने से प्रेम करते हैं।” आमीन! “अभी काट दो यदि तुम चाहो तो।” हुह! ओह, ऐसा ही—ऐसा ही है। यही तरीका है, भाई। यही—यही वो वास्तविक मसीही आत्मा है।

270 अब—अब, यदि आपको ये अवसर प्राप्त होता है, आपको पशु की छाप कैसे मिलती है? मैं बस इतना कहना चाहूंगा क्योंकि मैंने अभी सोचा कि मैं यह बंद करते हुए ये बोलूंगा। आपको पशु की छाप कैसे मिलती है? क्या आप जानना चाहेगे? परिणाम क्या है? पशु की छाप क्या है?

271 हम जानते है कि परमेश्वर की मोहर क्या है। परमेश्वर की मोहर क्या है? ठीक है, आइये अब इफिसियों 4:30 की ओर जाते हैं, और फिर—फिर आप इसे समझ जायेंगे, उसके बाद आप इसे खुद से वहां पढे। या—या तो आप में से कोई निकाल सकते है प्रकाशितवाक्य—प्रकाशितवाक्य 9: 1 से लेकर 4. और एक और है, दूसरा कुरिन्थियों 1:22। बहुत से स्थान है। मैंने वहाँ कुछ को चिह्नित करके रखा है। लेकिन आइये इफिसियों को 4:30 को लेते है, और फिर आप देख सकते हैं कि परमेश्वर की मोहर क्या है; और ये दुसरे वचन से, या कहीं भी। आप बस अपने शब्दानुक्रम में

उस शब्द *मोहर* को ले, और इसे जहाँ आप चाहते है हर जगह पर डाले। तो ठीक है, इफिसियों 4:30, इसे सुनना:

*और परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो, जिस से तुम पर* तुम्हारे *छुटकारे के दिन* तक *छाप दी गई है।*

272 परमेश्वर की मोहर क्या है? पवित्र आत्मा। निश्चय ही। तो ठीक है, अब, "जिसके पास परमेश्वर की आत्मा नहीं वह मेरा जन नहीं।" यदि आपके पास पवित्र आत्मा है, आप परमेश्वर का भाग हैं क्योंकि आप उसके हैं। उसने—उसने आपको मोहर किया है और वह आप में है, आप में काम कर रहा है, और जिन चिन्हों को वो करता है आप भी करेंगे। अब, क्या हर कोई यह समझ रहा है, आप जो समझने वाले हैं? ये पवित्र आत्मा को लेता है ताकि परमेश्वर के बने; पवित्र आत्मा। और यदि आप पवित्र आत्मा के हैं, तो आप उन कामो को करते हैं जो यीशु ने किए थे। समझे? आपका प्रेम...

273 जब उन्होंने आपके चेहरे पर थूका और आपको इस तरह हर कहीं मारा, तो वहां कड़वाहट की जड़ नहीं थी। उसने नीचे उनकी और देखा, उसने कहा, "पिता, उन्हें क्षमा करें क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।" देखो, उन्होंने नहीं किया।

274 क्या आप कल्पना कर सकते हैं? उसके अपने बच्चे उसके लहू के लिए पुकार रहे हैं! आकाश और धरती का सृष्टिकर्ता एक क्रूस पर लटका हुआ है जिसे उसने स्वयं बनाया, ये जमीन में से होकर ऊपर आया था। और उसके अपने बच्चे! (अपने बच्चों के बारे में सोचे, वे जो पिता है, आपके अपने बच्चे।) उसके लिए पुकारते हुए, "उससे दूर रहो! हमें बरअब्बा को दे दो, जो उस और चोर है।"

275 ओह, मैं वो बरअब्बा था, मैं वह एक था जो मरने के लायक था और उसने मेरी जगह ले ली। किस तरह से उस पुराने बरअब्बा ने उस सुबह को महसूस किया होगा जब ये सेनापतियो का झुण्ड वहां से होकर आता है, और दरवाजे को खोलता है। और पुराना बरअब्बा कह रह है, "ओह, परमेश्वर! बस थोडे से समय में और मैं चला जाऊंगा। मैं एक हत्यारा हूं, मैं—मैं एक चोर हूं। वे आज मुझे ख़त्म करने जा रहे हैं, मैं जानता हूँ कि वे करेंगे। यह फसह के पर्व का दिन है, इसलिए मैं—मैं वास्तव में ... मैं जानता हूं कि मैं आज मरने वाला हूं।" रात भर घबराया हुआ, बस यहाँ से

वहां घूमता रहा किसी भी अन्य पापी की तरह। पहली चीज आप जानते है, यहाँ सुरक्षाकर्मी आता है। उसने कहा, "ओह, ओह, वो यहाँ गया है। मुझे जाना होगा, मुझे जाना होगा।" और चाबी अंदर गई और क्लिक की आवाज़ आई।

सुरक्षाकर्मी सीधा आकर खड़ा हुआ, "बाहर आओ, बरअब्बा!"

"उह–हाँ, हाँ। हां, मैं जानता हूँ कि मैं जा रहा हूं, मैं जा रहा हूं।"

"नहीं, चले जाओ और जो करना चाहते हो वो करो।"

"क्या? "

"जाओ वही करो जो तुम चाहते हो। बाहर चले जाओ, तुम आज़ाद हो।"

276 "मैं आज़ाद हूं? क्यों, आपने मुझे मौत की सजा सुनाई।" यह सही है, परमेश्वर सभी पापियों को मौत की सजा देता हैं। "आपने मुझे मौत की सजा सुनाई, मैं भला कैसे आजाद हो सकता हूं? "

277 "यहाँ आओ, बरअब्बा। देखो, वहां उस ओर पहाड़ी पर जाते हुए, जमीन पर उछलते हुए क्रूस की आवाज़ को सुनो। किलो की आवाज़ को सुनो जब उन्होंने उसके हाथों में ठोके। वहां उसे रोते हुए देखो, नमकीन आँसू के साथ लहू मिला हुआ उसके चेहरे पर से बहते हुए। उसने तुम्हारी जगह को ले लिया, बरअब्बा, वह तुम्हारे खातिर मर गया।"

"तुम्हारा मतलब वह मरा जिससे कि मैं आजाद हो सकूं? "

"हां।"

278 "अच्छा, तो ठीक है, तो मैं फिर से हत्या करना शुरू करूँगा।" ओह, क्या ही अकृतज्ञ बात है; तुम मरने के लायक हो।

> जब—जब मैं आश्चर्यजनक क्रूस का सर्वेक्षण करता हूं,
> जहां पर महिमा का राजकुमार मर गया,
> मेरी सारी प्रतिष्ठा है लेकिन व्यर्थ है।

ओह, प्रभु! कोई आश्चर्य नहीं कि कवि ने कहा:

जीते जी उसने मुझसे प्रेम किया; मरते हुए उसने मुझे बचा लिया;
गाढ़ा गया, वो मेरे पापों को दूर ले गया;
जी उठ कर; उसने मुझे हमेशा के लिए धर्मी करके आजाद किया;
किसी दिन वह आ रहा है, ओह, महिमामय दिन!

279 मैं भला किस तरह से उसे कभी ठुकरा सकता हूं जब मैं देखता हूँ कि उसने मेरे लिए क्या किया है? मैं कैसे कर सकता हूं? मैं यहाँ धरती पर के हर एक मित्र को खोने को तैयार हो जाऊंगा। कैसे, जब मैं... मैं संगठनों द्वारा बाहर निकाले जाने के लिए तैयार हूं और निकाला जाता हूँ जब बाकी की हर एक चीज होती है। जब मैं उस ओर देखता हूं, जब मुझे मृत्यु के लिए दोषी ठहराया गया, और उसने मेरी जगह ले ली! निश्चय ही, प्रभु। हर एक चीज, मैं हर एक बाकी की चीज जो गिनता हूं व्यर्थ है। ओह, मैं उस क्रूस को छाती से लगा लू, हे प्रभु।

मध्य से तड़कती हुई चट्टाने और अंधकार होता आकाश
मेरे उद्धारकर्ता ने अपना सिर झुका लिया और मर गया,
और उस खुलते हुए पर्दे ने राह को प्रकट किया
स्वर्ग के आनंद और अंतहीन दिन के लिए।

280 ओह, मुझे—मुझे यीशु के नजदीक रहने दो। मुझे अपने प्रिय फसली से दूर न करना, तेरे पांच घावों से लहू बह रहा है। हे स्वर्ग के राजकुमार, वह किस तरह से मर गया, मेरे लिए मर गया! मर गया जिससे कि मैं...

281 एक दोषी... पाप की जंजीरों में, अधोलोक के कैदखाने में, दोषी ठहराया गया, अपराधी, हमेशा के लिए नष्ट हो जाने के लिए और किसी ने मेरी जगह ले ली। और तब वे... जब मैं यहाँ जूताई कर रहा है एक–... ये ही कोई लगभग अठारह, बीस वर्ष का था, एक दिन पवित्र आत्मा... मैंने कहा, "अच्छा, मैं कौन हूं? मैं कहां से आया हूं? मैँ कहाँ जा रहा हूं? "

282 उसने कहा, "उसने तुम्हारी जगह को ले लिया, तुम *वहां* जा रहे थे। उसने तुम्हारी जगह ले ली, वहाँ वो है।"

283 मैंने कहा, "हे परमेश्वर के मेमने! हे परमेश्वर के मेमने, मैं आया हूं! मेरे हाथो में कुछ भी नहीं है, मेरे पास आपको देने के लिए कुछ भी नहीं

है, प्रभु, बस आपके क्रूस को पूरी तरह से लिपट जाऊं; मेरे पास बस यही है।" और उसने मुझे अंदर ले लिया। उसने मुझे वस्त्र पहनाए उस उडाऊ पुत्र के पिता की तरह, मेरे ऊपर एक नया वस्त्र रखा, वे वस्त्र जो मेरे नहीं, उसकी धार्मिकता के उसके वस्त्र उसने मुझ पर डालें; और मेरी उंगली पर विवाह की अंगूठी डाली, कि उस दिन पर मैं दुल्हन के साथ होऊंगा। अब उस मोटे ताजे बछडे को मारा गया है, और हम आनंद मना रहे हैं क्योंकि मैं एक समय मरा हुआ था और अब मैं जीवित हूं, मैं एक बार खो गया था और अब मैं पाया गया हूं।

अद्भुत अनुग्रह! कितना मीठा सुन पड़ता है,
जिसने मुझ जैसे अभागे को बचाया! (जो बरअब्बा से भी बुरा था।)
मैं एक समय खो गया था, लेकिन अब मुझे पाया गया हूं,
मैं अंधा था, लेकिन अब मैं देखता हूं।

यह अनुग्रह था जिसने मेरे ह्रदय को डरना सिखाया,
यह अनुग्रह था मेरे डर से राहत मिली;
वह अनुग्रह का होना कितना बहुमूल्य था
जिस घड़ी मैंने पहली बार विश्वास किया!

जब हमें वहां पर रहते हुए दस हजार वर्ष हो जाते है,
सूरज के समान उज्ज्वल चमकते हुए; (अब कोई तारे, और सूर्य नहीं है।)
उसकी स्तुती गाने के लिए हमारे पास कम दिन नहीं हैं
जब हमने पहली बार आरंभ किया था। (हम अनंत काल में हैं।)

284 ओह, मैं यीशु से कितना प्रेम करता हूं, क्योंकि उसने मुझे प्रेम किया। ओह, कितना अद्भुत है!

मेरे साथ आप क्या अब निर्गमन के 21वे अध्याय को खोलेगे।

285 उसकी "आत्मा," के प्रोत्साहन के शब्द, अब हम बोलने जा रहे है कि कैसे प्राप्त किया जाए... मैंने आपको दिखाया है, और आपको परिणाम को बताते हुए, "*वहाँ* पर वो है।"

286 अब, आप "पशु" की छाप को कैसे पाते हैं? और मैं आपको दिखाऊंगा आपका *वहां* अंत क्या है। अब पशु की छाप, निर्गमन 21वां अध्याय। इसे पुराने नियम से निकालते हुए ताकि आप यहाँ पर देख सकें। नए नियम में भी मेरे पास बहुत सारे वचन हैं जो यहाँ पर रखे हुए है जिसे हम सभी जानते हैं। अब आइये पढ़ते हैं:

> *फिर जो नियम तुझे उन को समझाने हैं वे ये हैं।*
>
> *जब तुम कोई इब्री दास मोल लो,* (अब, याद रखे अब, ये इब्री है, यह एक विश्वासी है, देखो।)... एक *इब्री दास, तब वह छः वर्ष तक सेवा करता रहे, और सातवें वर्ष स्वतंत्र हो कर सेंतमेंत चला जाए।*
>
> *यदि वह अकेला आया हो, तो अकेला ही चला जाए; और यदि पत्नी सहित आया हो, तो उसके साथ उसकी पत्नी भी चली जाए।*
>
> *यदि उसके स्वामी ने... उसको पत्नी दी हो और... उससे उसके बेटे वा बेटियां उत्पन्न हुई हों; तो उसकी पत्नी और बालक उसके स्वामी के ही रहें, और वह... अकेला चला जाए।*

287 मैं नहीं लूंगा... मैं—मैं—मैं—मैं जानता हूं कि मेरा समय निकल गया है। मुझे क्षमा करना, भाई नेविल, लेकिन मुझे—मुझे इसे हृदय में डालना है, भाई।

288 यहाँ देखे। ये ऐसा नहीं है कि तुम्हारी माँ क्या है, तुम्हारे पिता क्या हैं, यह तो तुम हो! ना ही तुम्हारी पत्नी, देखो; उनकी पत्नी की गिनती नहीं, उसके बच्चों की गिनती नहीं। यह तो वो है! कोई फर्क नहीं... तुम्हारी माँ एक संत हो सकती है, हो सकता है तुम्हारे पिता संत रहे हो; वैसे ही एसाव के पिता और माता थे, लेकिन वह एक दुष्ट था। देखा? लेकिन, यह... लेकिन यह *आपके* साथ एक व्यक्तिगत मामला है।

289 देखो, "मेरे पिता एक प्रचारक हैं।" इससे आपका कोई लेना-देना नहीं है। "मेरी माँ एक धर्मी महिला है। ओह, वह स्वर्ग में है।" हो सकता है यह सही हो, लेकिन आपके बारे में क्या? ये तुम हो!

> *और यदि दास...*

290 अब, यहाँ है जहाँ पर वह... अब इस पशु की छाप को अब देखें। अब, मेरे—मेरे पास इस पर वापस जाने का समय नहीं है क्योंकि यह बीस मिनट बचे है। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं।

291 अब, एक समय आता था जिसे हर एक सातवा वर्ष कहा जाता था। वो छह वर्ष थे। सातवें वर्ष पर (बाइबल के विद्यार्थी, सेवक और जो यहाँ आसपास बैठे हुए, जानते है ये सच है।) यह कहा जाता था... सातवें वर्ष को जुबली वर्ष कहा जाता था; हर एक चीज विश्राम में है। वहाँ सातवें वर्ष कोई भी फसल नहीं लगाई गई, भूमि ने विश्राम किया, हर एक चीज। उन्हें बस कटाई के बाद बीना गया, देखो। सातवें वर्ष हर एक चीज ने विश्राम किया। और सातवें वर्ष पर वहाँ एक—एक याजक था, जिसने एक तुरही को बजाया। और यदि कोई मनुष्य गुलाम होता था, मैं परवाह नहीं करता कि वो कितना भी कर्जदार था, वह आजाद था।

292 अब, यही सुसमाचार की तुरही का एक नमूना है। आपने हो सकता है इन सारे वर्षों से शैतान के लिए काम किया होगा, जंजीरों में होंगे, शराब पीना, धूम्रपान करना, जुआ खेलना, और पाप, गंदी चीजों के साथ, कोई फर्क नहीं पड़ता आपने कुछ भी किया हो, लेकिन जब आप सुसमाचार के तुरही की आवाज़ को सुनते हैं, तो यह एक चिन्ह है कि आप आजाद होकर जा सकते हैं। आप जा सकते हैं! "विश्वास किसके द्वारा आता है, [सभा कहती हैं, "सुनने के द्वारा।"—सम्पा।] सुनना परमेश्वर के वचन से होता है।" अब आपने पूरा सुसमाचार सुना हैं, आपको अब और बंधवाई में रहने की आवश्यकता नहीं है।

293 अब, यदि आप बस ऐसे ही बैठे रहते हैं और कहते हैं, "ओह, मैंने इसे ध्यान दिया, लेकिन मैंने इसे सुना नहीं।" समझे? तो ठीक है, तो यह आपके लिए नहीं है। उह-हूंह। यह उनके लिए है जो सुनते है। तो ठीक है, यदि आप सुन सकते हैं।

294 अब देखना उसने यहाँ क्या कहा। अब इसे साबित करने के लिए, अब बहुत ही नजदीक से देखें और अब अगले दो या तीन मिनट के लिए अपनी सोच को चालू रखें।

> *यदि वह दास दृढ़ता से कहे* (यह वह मनुष्य है जिसे आजाद होना—होना था।) *दृढ़ता से कहे, कि मैं अपने स्वामी से प्रेम रखता हूं,...*

295 “ओह, मुझे नाचना पसंद है। मैं किसी के लिए भी नाच को नहीं करूंगा। मैं *इसके, उसके, अन्य* किसी और के लिए नहीं नाचूंगा; मेरी पत्नी, मेरे बच्चे, इस धरती की चीजे जिससे मैं प्रेम करता हूं। अब, यहाँ देखो, भाई ब्रंहम, मैं आपको बताऊंगा, क्या आपका मतलब है कि मुझे... ? ” आपको कुछ भी नहीं रोकना है। आपको बस अंदर आना है, यह अपने आप रुक जाता है। लेकिन—लेकिन आप कहते हैं, “ठीक है, मैं ऐसा नहीं करूंगा। मुझे ऐसा नहीं करना है, मैं कलीसिया से संबंध रखता हूं और मैं बस उतना ही अच्छा हूं जैसे तुम या कोई भी और है।” तो ठीक है, भाई। यह ठीक बात है, तुम सुनो कि सत्य क्या है। “अच्छा, अब, यहाँ सुनो, ‘पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा’ नहीं है... ? ” ठीक है, यदि आप उस तरह से रखना चाहते हैं, तो ठीक उसके साथ आगे बढ़ें।

296 आपने सुना है कि तुरही ने क्या आवाज़ को दिया है, और आपने इस स्वर को सुना। और बाइबिल ने कहा... (हे परमेश्वर!) उसे देखो! क्या यह ठीक अभी मेरे लिए अगले घंटे के लिए एक विषय नहीं बनायेगा? “यदि तुरही का शब्द साफ़ ना हो।” यदि आपके संप्रदाय कहते हैं “पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा,” जो तुरही की तरह आवाज़ को नहीं देता हैं। “यदि तुरही का शब्द साफ़ ना हो, तो कौन अपने आप को युद्ध के लिए तैयार करेगा? ”

> *... वह दास दृढ़ता से कहे, कि मैं अपने स्वामी से प्रेम रखता हूं,...*

297 “मैं—मैं शैतान को पसंद करता हूँ जो—जो मुझे इन चीजों को करने को लगाता है, यह ठीक लगता है। और मैं नहीं सोचता... मुझे लगता है कि आप वहां—वहां बहुत ज्यादा संकीर्ण सोच वाले लोग हैं। मुझे लगता है कि आप बहुत ज्यादा संकीर्ण हो।” तो ठीक है। “मैं चीजों को पसंद करता हूं। मैं—मैं सोचता हूं कि हमें बड़ी-बड़ी चीजों के लिए काम करना चाहिए, *इस* तरह की और *इसे* करना, दुनिया... और हमारे पास नाच गाना होता हैं, हमारे कलीसिया में बंको खेल होता है, और उस तरह की चीजें, और हम सब एक अच्छे समय को बिताते है, और वे उतने ही अच्छे हैं जितना कि आपके उस झुड में से कोई भी होता है।” तो ठीक है, यह सब ठीक है। ठीक है।

... और इस आत्मा की आजादी में *मैं बाहर नहीं निकल जाऊंगा* जिसके बारे में तुम बात करते हो:

*तो उसका स्वामी* (वो शैतान) *उसको न्यायी के पास ले चले; और फिर उसको द्वार के पास भी लाये,...*

298 हूंम्म! किसके पास? वो द्वार कौन है? [सभा कहती हैं, "यीशु मसीह।"—सम्पा।] "मैंने तेरे साम्हने एक द्वार खोल रखा है।" वो पशु की छाप कब आयी? इस युग में जहां पर वो द्वार खुला रखा था। वो छा-... अंतिम पशु की छाप का लगाया जाना।

*फिर उसको द्वार के किवाड़ वा... बाजू के पास ले जा कर;* (यही वो—वो कलवरी है, तो ठीक है)... *उसका स्वामी कान में सुतारी से छेद करें... उसके कान में सुतारी से छेद करें; तब वह सदा उसकी सेवा करता रहे।*

299 "आपका क्या मतलब है, भाई ब्रंहम? " यदि आप सुसमाचार के सत्य को सुनते हैं और आप उसमें चलने से इंकार करते हैं, तब परमेश्वर आपके कान को चिन्हित करता है, जहाँ पर आप इसके बाद से कभी नहीं सुनेंगे। आपने जीवन और मृत्यु के बीच की रेखा को पार कर लिया है। उसके बाद आप अपने संगठन, संप्रदाय, के साथ आगे जाये, आपके बाकी के जी-... दिनों में, हमेशा के लिए साथ चलें। (उजियाले में चलो, बच्चों, यह सही है।) आप हमेशा के लिए उस स्वामी की सेवा करोगे।

300 इसे... आप नहीं चाहते... देखो, तुरही ने आवाज़ को दिया है और वो आजाद हो सकता हैं, यह परमेश्वर का अनुग्रह है। यह जुबली का वर्ष है, पूर्णता से। पाप के दिन खत्म हुये, भाई। मैं आप में से हर एक से कह रहा हूँ जो पाप की सेवा कर रहे है (टेप पर, या जो प्रत्यक्ष श्रोतागण है), आप... हर एक जो पाप की सेवा कर रहा है, पाप के दिन समाप्त हुए है! यीशु मरा, आपको अब और पाप की सेवा नहीं करना है। आप संस्था और संप्रदाय के सामने नहीं झुकना है। "वह जिसे पुत्र आजाद करता है वह हमेशा के लिए आजाद है।" यदि आप आजाद होकर जाना चाहते हैं और पुत्र में आजाद होना चाहते हैं, तो सारी चीजों से कट कर अलग हो जाये और उसकी सेवा करें, आगे बढ़ो!

301 लेकिन यदि आप नहीं चाहते हैं, तो फिर आपकी संप्रदाय, आपका स्वामी, जिस किसी की भी आप सेवा कर रहे हैं, तो वो आपके कान

पर एक चिन्ह को लगाएगा और आप इसे अब और नहीं सुन पाएंगे। यदि परमेश्वर कभी आपके ह्रदय से बात करता है "आओ, यही वो समय है," और आप इसे इंकार कर देते हैं, तब आप उसकी छाप को पा लेते हैं, सत्य से कठोर हो गए है। वहाँ वो शैतान की मोहर है, पशु की छाप। आपने देखा? पशु की छाप क्या करती है? जाकर सीधे आपको रोमनवाद में, संप्रदायवाद में वापस डाल देती है, और तुम कभी भी नहीं आओगे और ना ही आजाद होंगे; हमेशा के लिए उसकी सेवा करोगे। वहाँ वो पशु की छाप है।

302 यही कठिन है, मित्रो, यही काटना–छांटना है, लेकिन यह है जो कि... मैं इसके लिए जिम्मेदार नहीं हूं... बस बाइबिल जो कहता है।

303 अब, यह पुराने नियम में का एक नमूना था जो आगे की प्रतिछाया थी, अच्छी खबर के सुसमाचार को सुनाने की, कि "तुम आजाद हो!" आपको अब और बंधुवाई में रहने की आवश्यकता नहीं है, आप मसीह यीशु में पूरी तरह से आजाद हैं। और अब कोई पाप और चीजे नहीं। आप ना ही...

304 आप जो संसार से प्रेम करते हैं, बाइबिल ने कहा, "यदि तुम संसार या संसार की चीजों से प्रेम करते हो, तो परमेश्वर का प्रेम तुम में है भी नही।" क्या ये सच है? यदि तुम संसार या संसार की चीजों से प्रेम करते हो, तो परमेश्वर का प्रेम तुम में नही है। तब इन सभी बड़ी–बड़ी चीजों के बारे में क्या है जो धर्म के नाम पर आज संसार में चल रही है? संसार की चीजे! और लोग बस इसे सीधे अंदर निगल लेते है जैसे एक सुअर जो एक सूअर के बाड़े में होता है, देखो, "ओह, *यह* ठीक है। *इसके* बारे में कुछ नहीं!" देखो, वे मोहर हो गए हैं और छाप लग चूकी हैं। समझे?

305 अब क्या आप समझ रहे हैं कि यहूदियों के वे बचे हुए क्या है, एक लाख चौवालीस हजार क्या है? वे कहाँ बैठे हुए हैं, प्रतीक्षा कर रहे हैं? ठीक उस घडी पर। क्या अब आप देख सकते हैं कि वो मुर्ख कुवांरी जो तेल नहीं लेगी... वह तेल को नहीं लेती है, और क्या उठना है और न्याय के दिन पर उन सही और उन गलत को अलग होना होगा? क्या आप समझ रहे हैं कि जब वो—वो मूर्ख कुंवारी ग्रहण करना आरंभ करती है, बस जैसे कि अब उन्हें इसकी आवश्यकता पड़ी है, वह तेल के पीछे चली जाती है; यह वही मिनट था जब दूल्हा आया?

306 तब हम कितने नजदीक हैं? ठीक अभी! अब हमारे पास बस कुछ ही समय है, मुझे नहीं पता कि यह कितना लंबा समय हो सकता है। मैं यह नहीं कह सकता कि कब, मैं—मैं नहीं जानता। हो सकता एक और वर्ष हो, यह दस साल और हो सकते है, चालीस वर्ष, हो सकता है चालीस मिनट हो। मैं—मैं नहीं जानता, मैं नहीं कह सकता। लेकिन मैं जानता हूं कि यह निकट है, यह बहुत ही निकट है। और प्रभु का आत्मा...

307 अब, यह एक समय आएगा जहां पर, पहली बात आप जानते हैं, कलीसिया तब ठंडी होना शुरू हो जाएगी। अब, कितने लोग है जिन्होंने—जिन्होंने यह ध्यान दिया है कि पिछले कुछ वर्षों में कलीसिया में ठंडापन आ रहा है? निश्चय। यह किसमें जा रही है? लौदिकिया में। जहाँ पर, हम आज रात को ले लेंगे और हम लौदिकियन कलीसिया के दूत को बाहर लाएँगे, इसे वहाँ पर लाएँगे ताकि आप उसे देख सकें, और उसके संदेश को देख सकें और ये क्या होगा, और लौदिकियन कलीसिया के युग के अंत में जब वह एक ही समय पर एक के ऊपर एक आ जाएगा और फिर अनंत काल के अंदर फैलता जाता है।

308 ओह, मैं बस इससे प्रेम करता हूं। क्या आप नहीं करते? जी हाँ, श्रीमान। ओह, वो... परमेश्वर की मोहर क्या—क्या है? पवित्र आत्मा। पशु की छाप क्या है? इसे अस्वीकार करना। यही वो दो हैं। एक है ये देखना, और...

309 तो ठीक है, वे... और धरती पर कितने थे जिन्हें ये नहीं मिला? "वे सारे जिन्हें मोहर नहीं किया गया था उन्होंने पशु की छाप को लिया।" सारे, जिनके पास परमेश्वर की आत्मा नहीं थी, उनके पास पशु की छाप थी। परमेश्वर की मोहर पवित्र आत्मा है। बाइबिल ऐसा कहता है। वचन हर जगह पर इसके बारे में बोलता है, कहता है यह परमेश्वर की छाप है, "परमेश्वर की मोहर।" और वह सब जिसके पास यह नहीं है, वे वही थे जिसने इसे अस्वीकार कर दिया। और उन्होंने इसे कैसे अस्वीकार किया? इसे सुनने से इन्कार करके। क्या ये सही है?

310 अब याद रखें, आप विश्वास को कैसे पाते हैं? "सुनने से।" इसे कहां पर चिन्हित किया गया था? हाथ में? नहीं। माथे पर? नहीं। कान में, देखा। *कान* में, "सुनने से।" इसने क्या किया? सुनने के ऊपर क्षतिग्रस्त किया गया। "अब और नहीं," आप कहते हैं, "अब यह मेरे लिए और नहीं है।

मैं इसके साथ कुछ भी अब और लेना–देना नहीं रखना चाहता। मैं उसके साथ कुछ संबंध नहीं रखना चाहता।" यह ठीक उनकी तरह है...

311 भाई नेविल, मैं—मैं—मैं—मैं बस कुछ देर तक इसे लूंगा...

312 मैं आपको इसके बारे में बताने जा रहा था कि "उनके लिए असंभव है जिन्हों ने एक बार ज्योति पाई है," आप देखते हैं, "राज्य में आने के लिए—के लिए," आप देखे। यह उन सीमारेखा के विश्वासियो के जैसा है:

> देखो, *क्योंकि जिन्हों ने एक बार ज्योति पाई है,... और पवित्र आत्मा के भागी हो गए हैं,*
>
> ... *जो आने वाले संसार— संसार की सामर्थ का स्वाद* चख *चुके हैं,*
>
> *यदि वे भटक जाएं, तो उन्हें मन फिराव के लिये फिर नया बनाना अनहोना है; क्योंकि वे परमेश्वर के पुत्र को... अपने लिये फिर क्रूस पर चढ़ाते हैं और प्रगट में उस पर कलंक लगाते हैं।*
>
> *और... वाचा के लोहू को जिस के द्वारा वह पवित्र* ठहराया *गया था, अपवित्र जाना है,...*

313 देखो, चुने हुओ के लिए ऐसा करना, यह बिल्कुल, पूरी तरह से असंभव है। वह ऐसा नहीं कर सकता, देखो। इसलिए वह क्या करेगा? समझे? "लेकिन वाचा के लोहू को ठहराया जाना... " अब, आप देखते हैं, यदि वह चुना हुआ हैं और उस समूह में है, वह ऐसा नहीं कर सकता। उसके लिए ऐसा करना असंभव है।

314 अब, हमने ले लिया है, इसे ठीक भेदा गया है:

> ... क्योंकि *बारिश...* धरती *पर पड़ती है,* ताकि इसे कांट–छांट करे...
>
> ... पर *यदि वह झाड़ी और* ऊंटकटारे *उगाती है,* जो... निकम्मी *है; और उसका अन्त जलाया जाना है।* (गेहूं को अनाज के खत्ते के लिए घर ले जाया जाता है।)

315 लेकिन यह जीवन देने वाली बारिश घास फूस और गेहूं दोनों पर पड़ती है। वे दोनों आनंद मनाते हैं और इसके बारे में उसी तरह महसूस करते हैं जब... बारिश आने पर जो खुशी होती है। लेकिन उनके फलों से आप उन्हें

जान जायेंगे, चाहे उनके पास घास फूस के फल हो या अनाज के दाने का फल (अब, उस गेहूं के) हो।

316 अब, यहाँ है जो इसे बनाता है। अब यह दिखाने के लिए कि वो सीमा की रेखा कहाँ पर है, जहाँ यह... मैं इस *कुंवारी* को आपके सामने लाने की कोशिश कर रहा हूं, आप देखिए, जिससे कि आप—आप समझ जाये। अब सीमा रेखा के विश्वासीयों में, देखो कि जब वे इस्राएल की संतान कादेशबर्ने में आए तो किस बात ने जगह ली। मैंने अभी इसे उत्पत्ति में यहाँ और वहां से लिया, निर्गमन में यहाँ और वहां से लिया, और हर जगह से लिया, आपके लिए इसका नमूना दिखाने की कोशिश कर रहा हूं, आप देखो, जिससे कि समझने वाले इससे चूक जाये।

317 अब, जब ये लोग इस में—में... निर्गमन में, जब वे कादेशबर्ने में आये। कादेशबर्ने उस समय संसार का न्याय का आसन था। यही है जहाँ इस्राएल ने उसके न्याय के आसन को पाया। कि उनके पास बस... ये उस पहाड़ पर से सिर्फ ग्यारह दिन ही हुए थे जहां उन्होंने आज्ञाओ को पाया जब वे न्याय तक पहुंचे, "समुद्र के तट से ग्यारह दिन की यात्रा," बाइबिल ने कहा। ग्यारह दिनों की यात्रा, और वे कादेश आए और वहाँ पर उनका न्याय हुआ था। परमेश्वर लगभग चार दिनों में, उन्हें वहां पर से ले लेने के बाद, वे यहाँ पर जंगल में वापस चले गए और यहाँ-वहाँ भटकने लगे; और उन्हें वहां वो—वो आज्ञाये और उस प्रकार की बातें मिलीं, और वे वापस आये, और किस तरह से, क्या बात ने जगह ली। फिर वे यहाँ आते हैं... और वहाँ से ग्यारह दिन बाद, वे कादेशबर्ने में अपने न्याय पर आते हैं।

318 क्या हुआ? उन्होंने प्रत्येक गोत्र में से एक को लिया और कहा, "वहां पर जाओ, और देश पर भेदिये का काम करो, और देखो कि ये किस प्रकार का देश है।" तो ठीक है, वे वहां पर चले गए और देखा।

319 उनमें से दो लोगो ने जाकर और अंगूर का एक बहुत बड़ा गुच्छा लिया। ओह, ये एक बहुत बड़ा गुच्छा था, इसे उठाकर लाने के लिए दो आदमी लगे।

320 अब, उन्होंने क्या किया, जब वे वापस आकर और उन्होंने देखा कि किस तरह का ये देश है? उन्होंने उन—उन—उन एमोरियों और उन—उन—उन भिन्न-भिन्न को वहां पर देखा, और उन्होंने कहा, "क्योंकि, वे दानव हैं!" (वे, निश्चय ही, कैन के पुत्र थे जो अंततः वहां पहुंचे थे

उस—उस देश में।) उसने कहा, "वे तो—वे तो—वे तो दानव हैं!" और कहा, "हम—हम—हम इसे लेने में—में सक्षम नहीं हैं। उनके—उनके—उनके—उनके देश पूरी तरह से बाड़ा बनाकर घेरा किया हुए है और बड़ी-बड़ी दीवारों से सना हुआ है। और, क्योंकि, हम उनके सामने टिड्डियो की तरह दिखाई देते हैं।"

321 उन्होंने क्या किया था? क्योंकि, उन्होंने—उन्होंने पूरी तरह से देश को देखा था। उन्होंने इसके फल को चखा था। देखो, कालेब और यहोशू वहां पर गए और प्रमाण को लिया—लिया और इसे वापस ले आए, ये उनके कंधे पर था। उन्होंने फलो को चखा था! यह सही है। वे कभी भी वहां पर नहीं गए, लेकिन कालेब और यहोशू आगे बढ़कर प्रमाण को लेकर वापस आये। कालेब और यहोशू ने कहा, "हम इसे लेने में सक्षम हैं!" देखा? क्यों? क्योंकि कालेब और यहोशू वचन को देख रहे थे।

322 परमेश्वर ने कहा, "वो देश तुम्हारा है। यह पूरी तरह से एमोरियो और हित्तियो और वहां पर सभी प्रकार ऐसे ही -रियो से वहाँ भरा हुआ है, लेकिन" कहा, "यह तुम्हारा है। और हर एक स्थान जहाँ पर तुम्हारे पांव पड़ते है, मैं तुम्हे इसे देता हूं।" ये सही है। "बस चलते रहो, देखो, यह तुम्हारा है।"

323 लेकिन उन्होंने कहा, "ओह, नहीं! हमारे पास ऐसी बेदारी नहीं हो सकती है। ओह! ओह, ओह, क्यों, आप जानते है क्या होगा? आर्कबिशप, या बिशप, या प्रेस्बिटर्स, या कोई तो नीचे आयेगा और हम सभी को लात मार कर बाहर कर देंगे।" हूंह! आगे बढ़ो, यह सही है, हमारे पास यह होगा।

324 अब, और फिर ये दोनों वहां वापस आए और कहा, "हम इसे लेने में सक्षम हैं, क्योंकि परमेश्वर ने ऐसा कहा है! आओ इसे जाकर ले ले!"

325 लेकिन, देखिए, ये सीमा रेखा के विश्वासी, वे इसे चखने के लिए—के लिए काफी दूर तक आते हैं। "इसका स्वाद अच्छा है, जी हाँ। लेकिन, हम इसे नहीं कर सकते।"

326 अब यह क्या है? यहीं पर आज वो विश्वासी है। अब, इस व्यक्ति को ठीक *यहाँ* पर देखें। परमेश्वर उसे बुलाता है। उंह-हूंह। तो ठीक है, अब वह बचाया जाता है। उसकी माँ बाहर घर का काम करती थी, और उसे किसी कॉलेज में भेजती है ताकि वह अपनी शिक्षा को प्राप्त करे कि कैसे प्रचार करना है। तो ठीक है, वह वहां पर पहुंचता है, वो फिर भी

सोचता है कि... हर बार वो महिलाओं को देखता है जो अनैतिक रूप से कपड़े पहने हुए होती हैं, जो कि... उसे तोड़ देता है; हर बार जब वो—वो सिगरेट की गंद को सूंघता, तो वह बस धूम्रपान से खुद को नहीं रोक सकता। वह जानता है कि यह गलत है। वह ऐसा नहीं करना चाहता था। इसलिए उसने कहा, "प्रभु, मुझे पवित्र कीजिये, उस चीज को मुझसे दूर कर दीजिये।"

327 परमेश्वर ने कहा, "ठीक है, मैं तुम्हारे लिए ऐसा करूंगा, पुत्र, इस सबको मैं तुम से दूर कर दूंगा।"

328 एक रात वह कहीं तो एक छोटे से अभियान में डगमगाता हुआ गया, और वह पवित्र आत्मा के बपतिस्मा के लिए सुनता है। कहा, "कहो!"

329 वह पहले कदम पर ऊपर उठता है, धर्मीकरण; दूसरे कदम पर ऊपर उठता है, पवित्रीकरण; अब वह बपतिस्मा के लिए तैयार है। देखें: एक, दो, तीन। वो बपतिस्मा के लिए तैयार है। जब वह वहाँ पर पहुंचता है, तो वो बाइबिल में पढ़ता है, उसने कहा, "बिल्कुल ठीक ऐसा ही उन्होंने किया है। जी हाँ, बिल्कुल ऐसा ही है। जो यीशु के नाम में बपतिस्मा है, यही है जो उन्होंने लिया है। ये सही है। उसने 'वहां पर से पढ़ने' के लिए कहा, मैंने यह सब बाइबल में से पढ़ा और वह बिल्कुल ठीक उसी बात पर है।"

"बिशप, आप क्या... "

"उस बेकार की बातों में से कुछ भी नहीं!"

"ओह, मैं समझा।"

330 "उन्हें पवित्र आत्मा मिला, उन्होंने अन्य जुबान में बात की, उन्होंने इन कामो को किया, उन्होंने बीमारों को चंगा किया। ओह, हाँ, यह ठीक ऐसा ही है।" वह उस ओर देख रहा था, तुम देखो, वो देश के सीमा में देख रहा है।

331 "ओह, यदि मैं इसे मेरी कलीसिया के लिए सिखाता... ओह! मैं प्रेस्बिटेरियन हूं, मेथोडिस्ट हूं, बैप्ट–... आप जानते हैं। ओह, बिशप मुझे बाहर निकाल फेंकेगा। तो ठीक है, हम बस ऐसा नहीं कर सकते। हमारे कलीसिया में इस तरह की सभा नहीं हो सकती है, उनमें से हर एक जन उठकर और बाहर चला जाएगा।"

332 “वो जिसने एक बार ज्योति पायी है, और उसने स्वर्गीय दानो का स्वाद चखा है, यदि वे चलते हुए गिर भी जाएं जो कदम उसने उठाये है, तो उन्हें मन फिराव के लिये फिर नया बनाना अनहोना है क्योंकि उसने परमेश्वर के विरुद्ध पाप किया है... ” क्या है—पाप क्या है? अविश्वास! उसने परमेश्वर के विरुद्ध पाप किया है। और उसने क्या किया है? उसने वाचा को गिनती की है, जिसके द्वारा वह पवित्र किया गया था, जैसे यदि ये एक अपवित्र चीज थी, और अनुग्रह के कार्यों के बावजूद उसने किया, यही है जिसने उसे वहां पर लाया है। वहाँ उसके लिए अब और कोई बलिदान नहीं रह गया, लेकिन दण्ड का एक भयानक बाट जोहना और आग का ज्वलन बाकी है और क्रोध जो विरोधियों को भस्म कर देगा। “क्योंकि पलटा लेना मेरा काम है,” प्रभु यों कहता है।

333 “क्योंकि परमेश्वर का वचन जीवित, और प्रबल, और हर एक दोधारी तलवार से भी बहुत चोखा है, यहाँ तक कि हड्डी को भी अलग–अलग कर देता है, और मन की भावनाओं और विचारों को जांचता है।” वहां आप हो, आप वहीं पर हो। जब आप उजियाले को देखते हैं, उसमें चले! चले! आप नहीं जानते कि आप कहां जा रहे हैं, लेकिन चलते रहें। कलवरी की ओर बढ़ते रहे, समझदारी से कलवरी की ओर नजर रखते हुए। चलते हुए! चलते हुए!

334 हे परमेश्वर, किसी दिन... कलीसिया, जो हनोक का एक प्रकार है। पाँच सौ वर्ष वह परमेश्वर के सामने चला। चलता रहा! उजियाले में चलता रहा, एक गवाही के साथ कि “हर एक चीज जो परमेश्वर ने कहा, उसने इसे किया।” उसने परमेश्वर को अप्रसन्न नहीं किया। प्रभु ने जो कहा, हनोक ने किया। अब, वह एक नमूना था, याद रखना। सन्दूक यहूदियों का एक नमूना है, एक लाख चौवालीस हजार, यही है जो आगे वहां ले लिए गए, जो नूह और उसका झुंड है; लेकिन हनोक बाढ़ आने से थोड़ा पहले घर चला गया। आप यह जानते हैं। इसलिए हनोक बस उजियाले में चलता रहा। तो एक दिन उसे लगा कि उसके पैर ज़मीन से ऊपर उठ रहे हैं, वह बस चलता रहा, और वह चलकर महिमा के अंदर चला गया यहाँ तक बिना मरे। ये सही है। परमेश्वर ने उसे उठा लिया क्योंकि वह उजियाले में चल रहा था, एक गवाही के साथ कि “वह परमेश्वर के उजियाले में चला।” चलता रहा, चलता रहा।

335 आओ हमारे चलने वाले जूतों को पहन ले, कलीसिया:

> उजियाले में चले रहे, सुदंर उजियाला,
> जहां से दया की ओस की बूंदें चमकती आती है;
> दिन और रात हमारे चारों ओर चमकती है,
> यीशु, जो जगत का उजियाला है।

आइये अब इसे गाये:

> हम उजियाले में चलेंगे, सुंदर उजियाला,
> ओह, जहां से दया की ओस की बूंदें चमकती आती
> है;
> दिन और रात हमारे चारों ओर चमकती है,
> यीशु, जो जगत का उजियाला है।
>
> तुम सारे उजियाले के घोषित संतो,
> यीशु, जो जगत का उजियाला है;
> तब स्वर्ग की घंटियाँ बज उठेंगी,
> यीशु, जो जगत का उजियाला है।
>
> हम उजियाले में चलेंगे, ये क्या ही सुंदर उजियाला है,
> ओह, ये आती है जहाँ दया की ओस की बुंदे चमकती
> है;
> दिन और रात हमारे चारों ओर चमकती है,
> ओह यीशु, जो जगत का उजियाला है।

336 अब आइये हमारे सिरों को झुकाये, और बस—बस एक क्षण के लिए। मैं सोचता हूँ कि यदि यहां कोई है तो पवित्र आत्मा से भरे होने का अनुभव करना चाहता हैं, कहे, "मुझे याद करना, भाई ब्रंहम। मुझे याद करना, कलीसिया। मैं उजियाले में चलना चाहता हूं। मझे वह मधुरता चाहिए, मुझमें कड़वाहट की कोई जड़ नहीं चाहिए, मैं बस परमेश्वर का सेवक बनना चाहता हूं।" अपने हाथो को उठाये, कहते हुए, "हे प्रभु, मुझे याद करना।" जी हाँ, बीस हाथ या उससे अधिक हाथ, ऊपर गए है।

337 अब बस अपने सिर झुकाए रखें जब हम एक साथ धीरे–धीरे से गाते हैं:

हे यीशु, जो जगत का उजियाला है।
हम उजियाले में चलेंगे, ये क्या ही सुंदर उजियाला है,
जहां से ये दया की ओस की बूंदें चमकती आती है;
दिन और रात हमारे चारों ओर चमकती है,
यीशु, जो जगत का उजियाला है।

आओ, हे तुम घोषित उजियाले के सारे संतों,
हे यीशु, वो जगत का उजियाला है;
तब स्वर्ग की घंटियाँ बज उठेंगी,
हे यीशु, वो जगत का उजियाला है।

ओह, हम इस उजियाले में चलेंगे, यह क्या ही सुंदर उजियाला है,
ये आती है जहाँ दया की ओस की बुंदे चमकती है;
दिन और रात हमारे चारों ओर चमकती है,
हे यीशु, जो जगत का उजियाला है।

338 [भाई ब्रंहम गुनगुनाने लगते है *यीशु, वो जगत का उजियाला है*—सम्पा।] प्रभु यीशु, जबकि वे इस गीत को गुनगुना रहे हैं, वे सुसमाचार के उजियाले में चलने की इच्छा रखते है, उन बहुमूल्य ह्रदयो को ले लिजिये, प्रभु। वे आपके हैं, उन्हें शुद्ध करे, सारी बुराई को निकाले, सारे अविश्वास को बाहर करे, होने पाये यीशु जगत का उजियाला अंदर आ जाये। रूमाल यहां रखे हुए है, प्रभु, बीमारों और पीड़ितों के लिए। उनके पास आये, प्रभु यीशु, और उन्हें चंगा कीजिये जिससे कि वे उजियाले में चल सकें। इसे प्रदान करे, प्रभु।

339 हम हमारे विषय के लिए आपको धन्यवाद देते है, पवित्र आत्मा की उपस्थिति के लिए, जो यहाँ हमारे साथ रही है और हमें बनाए रखा, घंटों से, यहाँ बैठे हुए है। लोग यहाँ इस गर्म कमरे में बैठे हुए है, प्रतीक्षा कर रहे है। वे अपेक्षा कर रहे हैं और प्रतीक्षा कर रहे है और जानने के लिए उत्सुक हैं, प्रभु। जब वे पढ़े हुए वचन को सुनते हैं, उन्हें एहसास होता है कि हम अंत समय पर हैं। कुछ भी नहीं बचा है, बस संसार का खिलवाड़। और इन दिनों में से एक दिन नकल उतारना बंद हो जायेगा।

340 और मैं प्रार्थना करता हूं, परमेश्वर, कि आप हर एक व्यक्ति को बचाएंगे जो दिव्य उपस्थिति में है, उन्हें आपकी आत्मा के द्वारा बचाएंगे। और होने

पाए पवित्र आत्मा उनमें से हर एक के ऊपर आकर और उनके ह्रदय को भलाई और शांति से भर दें, कि वे पवित्र आत्मा के फल को लाये, जो धीरज, सज्ञनता, शांति, संयम, नम्रता, विश्वास है, उस पवित्र आत्मा में। इसे प्रदान करे, प्रभु। मैं उन्हें अब आपकी सेवा के लिए आपको सौपता हूं, आपके पुत्र यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

हम उजियाले में चलेंगे, ... (जब हम गाते हैं तो आइये
  हाथ उठाएं।)... सुंदर उजियाला,
जहां से ये दया की ओस की बूंदें चमकती आती है;
दिन और रात हमारे चारों ओर चमकती है,
हे यीशु, जो जगत का उजियाला है।

मैं उससे प्रेम करता हूँ, मैं उससे प्रेम करता हूँ
क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के वृक्ष पर।

341 ओह, क्या वह अद्भुत नहीं है? हम लगभग दस मिनट में बपतिस्मा देने की सभा करेंगे, या पंद्रह मिनट में, जो भी है। वहाँ... मुझे लगता है कि बपतिस्मा लेने के लिए यहाँ एक युवा महिला है। क्या यह सही है? [भाई नेविल कहते हैं, "वहाँ बहुत से है।"—सम्पा।] तो ठीक है, आज सुबह कितने लोगो बपतिस्मा होना हैं जो आज शाम की बपतिस्मा सभा के लिए वापस नहीं आ सकते हैं? एक, दो, तीन, तीन जो इस दोपहर में नहीं आ सकते हैं या शाम की सभा से पहले यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेने के लिए। परमेश्वर आपको आशीष दें, बच्चों। मुझे ख़ुशी है कि परमेश्वर ने आपके सामने खुले द्वार को रखा है। और आप अब उसमें चलकर जाने को तैयार हो, आप उस कब्र में जा रहे हो, जिसमें सारी पुरानी चीजें मरी हुई और दफन हैं। अब, आप याद रखना, आपका बपतिस्मा लेना केवल एक बाहरी भाव को व्यक्त करना है कि *यहाँ* अंदर कुछ तो हुआ है।

और फिर हम इस उजियाले में चलेंगे, (तैयार रहे)
  सुंदर उजियाला,
ओह, हमारे चारों ओर दिन और रात चमकती हैं,
हे यीशु, जो जगत का उजियाला है।

342 ओह, यह महान संगति! क्या आपको अच्छा अनुभव नहीं हो रहा है? ओह, मुझे अब बहुत अच्छा अनुभव हो रहा है। कुछ तो ऐसा प्रतित हो रहा है जैसे मैं इन पुराने समय के रगड़कर साफ़ करने वाले ब्रश में से एक ब्रश के साथ हूं, और आपने अभी मुझे खारे साबुन से रगडा हैं।

343 मेरे भाई ने कहा कि हो सकता है आप सभी जो आज सुबह बपतिस्मा लेना चाहते हैं, तैयार रहें। वो सूट और इत्यादि चीजें गीली हो जायेगी, आज रात, लेकिन यदि आप ऐसा करना चाहते हैं तो कोई बात नहीं। लेकिन यदि आप आज सुबह बपतिस्मा लेने के लिए तैयार हैं, तो ठीक है।

344 मैं सोचता हूं कि हम इसे हटाना होगा, भाई नेविल क्या हमें नहीं हटाना होगा? तो ठीक है, श्रीमान। अब, कितने लोग रुकना चाहते है और बपतिस्मा होते हुए देखना चाहते हैं? बस कुछ ही मिनट लगेगे और, ओह, हो सकता है आपने कभी किसी को लेते हुए नहीं देखा हो। यदि आप नहीं रुक सकते हैं, तो कोई बात नहीं, तो आप पक्का करे कि आज रात वापस आयेगे। लेकिन मेरी इच्छा है कि आप बपतिस्मा देने वाली सभा को देखने के लिए कुछ मिनट रुक पाते। हम इसे हटायेंगे और यहाँ ऊपर इसके पीछे एक बड़ा शीशा है जहाँ से हर व्यक्ति को अंदर जाते हुए देख सकते है, ये आपके लिए विचित्र होगा, मुझे यकीन है। हम बपतिस्मा में प्रभु के साथ दफन होते हैं। आमीन। जैसा वह मर गया, हम उसकी मृत्यु के निमित दफन होते हैं; उसके पुनरुत्थान में उठ खड़े होते है, ताकि जीवन की नवीनता में चले। प्रभु आपको आशीष दे।

345 कितने लोगों को पता है कि आज रात का विषय क्या है? लौदिकियन, अंतिम, और कलीसिया युगों का समापन।

346 तो ठीक है, हमारे पास बपतिस्मा देने वाली सभा होगी। टेडी, यदि आप...

347 आप लेना चाहते हैं–... ? [टेप पर खाली स्थान—सम्पा.।]... पहले से ही बपतिस्मा हुआ है। अभी उनमें से कुछ लोग है जिन्हें अभी शिकागो के लिए रवाना होना है, देखो।

आइये प्रार्थना करे:

348 प्रभु यीशु, उन्होंने बैठकर और लगातार सभाओं को सुना है। हम अब उन्हें आपको सौपते है, प्रभु, जैसे वे शिकागो के लिए जाते हैं। उनके साथ जाये, प्रभु, और होने पाए हर एक जन इस अद्भुत उजियाले को ले और इसे

फैलाये, प्रभु, हर कहीं शिकागो शहर में, हर जगह जहाँ वे जाते हैं। उनके साथ होना। जब तक हम मिलते हैं, तब तक होने पाए उनकी आत्माये आप में लंगर को डाले रहे। यीशु के नाम में। आमीन।

349 [भाई नेविल भविष्यद्वाणी करते है—सम्पा।] आइए अपने हाथो को ऊपर उठाये और कहें, "धन्यवाद, प्रभु यीशु, आपके नाम की स्तुती करते हैं।" धन्यवाद, प्रभु। हम यह पहचानते है, प्रभु, कि आप... एक दिन बाइबिल में एक मनुष्य पर आत्मा उतर आया, और बस उसने परमेश्वर के सारे रहस्य को बताया, क्या बात जगह लेने वाली थी। पिता, हम जानते हैं कि आप अब भी वही परमेश्वर हैं। और यहाँ आप आज सुबह, इस नम्र छोटे पास्टर पर उतर आये, प्रभु, जो एक समय वहां पहले निकुलियन में था; लेकिन आपने उसे हिलाया; उसने उजियाले को देखा और बाहर निकल गया। और यहाँ उसका ह्रदय इतना खुला हुआ है इतना तक कि आप उससे बात करेंगे, इतना तक वो यह जानता भी नहीं है वह क्या कहने जा रहा है, और वो खडा हो गया और पवित्र आत्मा ने उसमें से होकर एक आवाज़ में हमारे लिए भविष्यवाणी की। धन्यवाद् पिता। और मैं—मैं अपने यात्राक्रम के लिए आपकी ओर देखूंगा। आमीन।

350 [एक बहन अन्य भाषा में बोलती है। टेप पर खाली जगह। एक और बहन अनुवाद को करती है—सम्पा।] आमीन। आपने इसे समझ लिया, क्या आपने समझा? देखा कि यह क्या था? उस एक महिला के बोलने की आवाज़ की स्वर शैली को ध्यान दे, और अनुवाद को उसी स्वर शैली में वापस आते हुए देखे। समझे? वहाँ दो अलग-अलग महिलाएं हैं, मुझे संदेह है कि वे एक दूसरे को जानते भी हैं या नहीं। वे—वे एक दूसरे को नहीं जानती है। वहाँ पवित्र आत्मा है, उसी प्रकार की आवाज़ की स्वर शैली को ध्यान दे। क्या आपको महसूस नहीं होता है कि यह वो मसीह है जो लोगों के बीच में है? ये सही है।

351 आपके पास कुछ है जिसे आप पढ़ना चाहते हैं, भाई पैट? आगे बढे, देखो। [भाई पैट कहते हैं, "प्रकाशितवाक्य 1 का 22:16 मैं प्रभु यीशु के नाम में पढ़ता हूं: मुझ यीशु ने अपने स्वर्गदूत को इसलिये भेजा, कि तुम्हारे आगे कलीसियाओं के विषय में इन बातों की गवाही दे।"—सम्पा।] आमीन।

352 अब, यह आत्मिक है, दिव्य अगुवाही है। देखिए, पवित्र आत्मा लोगो में से होते हुए आगे बढ़ रहा है, वहाँ पर जाते हुए, बोल रहा है। ओह, क्या वो अद्भुत नहीं है? इसे सोचे, मित्रो, यही वो बात है जिसके लिए बाइबिल बताता है। और यह आज यहाँ पर है, हमें इसके बारे में अब और नहीं सोचना है। ओह, आओ उसे ग्रहण करो, मेरे बहुमूल्य लोगों। आओ, उसे ग्रहण करो।

353 टेडी, जब हम बपतिस्मा के लिए तैयारी कर रहे हैं, (और मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर आपके ह्रदय को तैयार करे) *जहां वह मुझे अगुवाही करता है, मैं उसके पीछे–पीछे जाऊंगा।*

354 क्या मैं आपकी यहाँ सहायता कर सकता हूं मेरे भाइयो? तो ठीक है, आपको उन माईक को बंद करना होगा—होगा। उह–हूंम। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

355 मैं आपको जीवित परमेश्वर के द्वारा आपको कुछ करने के लिए पूछता हूँ और उसके वचन के द्वारा प्रोत्साहन करता हूं कि आप आकर और बपतिस्मा ले यीशु मसीह के नाम में। याद रखें कि मैं ऐसा इसलिए करता हूं क्योंकि बाइबल हमें ऐसा करने के लिए विवश करती है। और—और पौलुस ने ऐसा करने के लिए कहा; और यदि कोई स्वर्गदूत कुछ और सिखाता है, तो वो शापित हो। तथा मैं—मैं अब अपने मार्ग के अंत में इसे घोषित करना चाहता हूं जैसे उसने किया था: मैंने आपको घोषणा करने में संकोच नहीं किया है परमेश्वर की सारी सभा को, जितना कि मैं ठीक–ठीक जानता हूं। किसी मनुष्य का लहू हम पर नहीं है।

356 ओह, क्या आप उससे प्रेम नहीं करते? ओह, मैं उसे कितना प्रेम करता हूं। तो ठीक है, आइये खड़े हो जाये जब हम अपना समाप्ति का गीत गाते हैं। तो ठीक है, उस समय तक हम:

> यीशु के नाम को अपने साथ ले,  
> दुःख और संताप की संतान।  
> यह तुम्हे आनंद और ढांढस देगा,  
> जहां कहीं आप जाये इसे ले।

बहुमूल्य नाम (बहुमूल्य नाम), ओ कितना मधु–...
 (ओह कितना मधुर),
धरती पर की आशा और स्वर्ग का आनंद।
बहुमूल्य नाम (बहुमूल्य नाम), ओ कितना मधु–...
 (ओह कितना मधुर),
धरती पर की आशा और आनंद...

अब जैसे हम अपने सिरों को झुकाए है हम गाये:

यीशु के नाम पर झुकते हुए,
उसके पैरो पर गिरकर दंडवत करते हुए,
स्वर्ग में राजाओं का राजा, हम उसे ताज पहनायेगे,
जब हमारी यात्रा पूरी हो जाती है...

***दस कुवारियाँ, और एक लाख चौवालीस हज़ार यहूदी*** HIN60-1211M

(The Ten Virgins, And The Hundred And Forty-Four Thousand Jews)

**यीशु मसीह के प्रकाशन की श्रृंखला**

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 11 दिसंबर, 1960 को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविल, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

## कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org